हिन्दी दैनिक
तीसरा विकल्प न्यूज़
(लखनऊ से प्रकाशित)
वर्षः- 02, अंकः-136, पृष्ठः-08, मूल्यः- 2 रु.
लखनऊ, सोमवार 28 अक्टूबर 2024

आईरा बिजनौर कार्यसमिति की बैठक संपन्न ज़ीशान...02

लखनऊ नगर निगम जोन-3 में स्वच्छ भारत मिशन के तहत...06

शेयर बाजार धराशायी

संक्षिप्त समाचार

महाराष्ट्र में छेड़छाड़ के आरोप में शिक्षक गिरफ्तार

नयी दिल्ली,(एजेंसी)। ''काउंसलिंग सत्र में लड़की ने बताया कि शिक्षक उसके घर अरबी पढ़ाने आता था। अगर वह अपना कार्य पूरा नहीं करती थी तो आरोपी उसे गलत तरीके से छूता था। लड़की ने बताया कि ये घटनाएं तब हुईं जब वह 6-8 साल की थी।'' मुंबई में 17 वर्षीय एक लड़की ने एक काउंसलिंग सत्र के दौरान खुलासा किया कि लगभग 10 साल पहले अरबी पढ़ाने वाले एक शिक्षक ने उसके साथ कथित तौर पर छेड़छाड़ की थी, जिसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। पवई थाने के अधिकारी ने बताया कि 12वीं कक्षा में पढ़ने वाली पीड़िता के स्कूल की शिकायत पर बृहस्पतिवार को मामला दर्ज किया गया। पुलिस अधिकारी ने कहा, ''काउंसलिंग सत्र में लड़की ने बताया कि शिक्षक उसके घर अरबी पढ़ाने आता था।

भारत अफ्रीका का समर्थन जारी रखेगाः सीतारमण

वाशिंगटन,(एजेंसी)। केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने जी7 और जी20 से अफ्रीका के लिए समर्थन बढ़ाने का आग्रह करते हुये कहा है कि बुनियादी ढांचे के विकास और स्वास्थ्य क्षेत्र जैसे क्षेत्रों में अफ्रीका को तकनीकी विशेषज्ञता और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण की पेशकश करते हुए भारत अफ्रीका को हर तरह से समर्थन करना जारी रखेगा। श्रीमती सीतारमण ने आज यहां विश्व बैंक और अतंरराष्ट्रीय मुद्रा कोर्ष (आईएमएफ) के अवसर पर अफ्रीका में विकास के लिए जी7 पहलों और विकास वित्त चुनौतियों के लिए देश-विशिष्ट समाधानों पर चर्चा करने के लिए जी7 अफ्रीकी मंत्रिस्तरीय गोलमेज सम्मेलन में भाग लिया। भारत और अफ्रीका के बीच गहरी साझेदारी को देखते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 10 मार्गदर्शक सिद्धांतों के साथ इस साझेदारी को फिर से परिभाषित किया है, जिसका उद्देश्य क्षमता निर्माण, बेहतर सार्वजनिक सेवाओं और जलवायु परिवर्तन से निपटने के माध्यम से अफ्रीका के विकास का समर्थन करना है।

बिरसा मुंडा और सरदार पटेल की 150 वीं जयंती मनायेगी सरकार

नयी दिल्ली,(एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि भगवान बिरसा मुंडा और लौह पुरुष सरदार पटेल की 150 वीं जयंती मनायी जायेगी। श्री मोदी ने रेडियो पर अपने मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' की 115वीं कड़ी में राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा कि भारत में हर युग में कुछ चुनौतियाँ आई और हर युग में ऐसे असाधारण भारतवासी जन्में हैं जिन्होंने इन चुनौतियों का सामना किया। उन्होंने कहा, 卐आज की 'मन की बात' में, मैं, साहस और दूरदृष्टि रखने वाले ऐसे ही दो महानायकों की चर्चा करूंगा । इनकी 150वीं जन्म जयंती को देश ने मनाने का निश्चय किया है ।卐 उन्होंने कहा कि 31 अक्टूबर से सरदार पटेल का 150वीं जन्म जयंती का वर्ष शुरू होगा । इसके बाद 15 नवम्बर से भगवान बिरसा मुंडा का 150वाँ जन्मजयंती वर्ष शुरू होगा । इन दोनों महापुरुष ने अलग-अलग चुनौतियाँ देखी, लेकिन, दोनों का दृष्टिकोण 'देश की एकता' था। श्री मोदी ने कहा कि पिछले साल 15 नवंबर को वह भगवान बिरसा मुंडा की जन्मजयंती पर उनकी जन्मस्थली झारखंड के उलिहातू गाँव गये थे।

जनता दर्शनः सीएम योगी ने दिया निर्देश

जन कल्याण के कामों को पहले प्राथमिकता दें

गोरखपुर,(एजेंसी)।

जनता दर्शनः मुख्यमंत्री योगी ने रविवार को गोरखनाथ मंदिर में करीब 300 लोगों की समस्याएं सुनीं। इसमें बड़ी संख्या महिलाओं की रही। इस दौरान एक महिला ने आवास की समस्या बताई। इस पर मुख्यमंत्री ने तुरंत अधिकारियों को निर्देशित किया कि महिला की समस्या को संवेदनशीलता से देखें। पात्रता के अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना या मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास उपलब्ध कराया जाए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि हर पात्र व्यक्ति को शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। कहा, जिनके पास आवास नहीं है, उन्हें पीएम-सीएम योजना के तहत पक्का आवास दिलाएं। और जो किसी सामाजिक पेंशन योजना के दायरे में आने की अर्हता रखते हैं, उन्हें इसका लाभ दिलाया जाए। सीएम योगी ने उक्त निर्देश रविवार को गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्याएं सुनते हुए दिए। मंदिर परिसर स्थित महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित जनता दर्शन में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक सीएम खुद पहुंचे और एक एक करके सबकी समस्याओं को सुनते हुए आश्वस्त किया हर समस्या का समयबद्ध, पारदर्शी व संतुष्टिपरक निस्तारण किया जाएगा। इसमें बड़ी संख्या महिलाओं की रही। इस दौरान एक महिला ने आवास की समस्या बताई। इस पर मुख्यमंत्री ने तुरंत अधिकारियों को निर्देशित किया कि महिला की समस्या को संवेदनशीलता से देखें। पात्रता के अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना या मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास उपलब्ध कराया जाए। जमीन कब्जा करने की शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे मामलों में कड़ी कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। राजस्व व पुलिस से संबंधित मामलों

➲ पात्रता के अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना या मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास उपलब्ध कराया जाए।

में प्रभावी कार्रवाई हो। उन्होंने कहा कि अधिकारी जन कल्याण के कार्यों को सदैव प्राथमिकता पर रखें और हर पीड़ित की समस्या का त्वरित निस्तारण करना सुनिश्चित करें। इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे लोगों को सीएम योगी ने भरोसा दिलाया कि पैसे के अभाव में किसी इलाज नहीं रुकने पाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस्टीमेट की प्रक्रिया को प्राथमिकता पर पूर्ण कराकर शासन को उपलब्ध कराएं। शासन से इलाज में भरपूर आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। जनता दर्शन में कुछ महिलाओं के साथ आए नन्हे मुन्ने बच्चों को दुलारकर मुख्यमंत्री ने उन्हें चॉकलेट गिफ्ट किया।

सीमा पार घुसपैठ रुकने पर ही बंगाल में शांति स्थापित की जा सकती हैः अमित शाह

पेट्रापोल (पश्चिम बंगाल),(एजेंसी)।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि बांग्लादेश से सीमा पार घुसपैठ बंद होने पर ही पश्चिम बंगाल में शांति स्थापित की जा सकती है। शाह ने दावा किया कि अगर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 2026 में पश्चिम बंगाल में सत्ता में आयी तो पड़ोसी देश से अवैध आव्रजन रोका जाएगा। पश्चिम बंगाल में भारत-बांग्लादेश सीमा पर पेट्रापोल भू पत्तन पर एक नए यात्री टर्मिनल भवन और एक 'मैत्री द्वार' के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने भ्रष्टाचार के मुद्दे पर तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार की आलोचना की और राज्य के लोगों से 2026 में राजनीतिक बदलाव लाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, ''क्षेत्र में शांति स्थापित करने में भू पत्तन महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जब सीमा पार लोगों की वैध आवाजाही की कोई गुंजाइश नहीं होती है, तो आवाजाही के अवैध तरीके सामने आते हैं, जिसका असर देश की शांति पर पड़ता है। मैं बंगाल के लोगों से आग्रह करता हूं कि 2026 में परिवर्तन लाएं और हम घुसपैठ रोकेंगे

तथा शांति स्थापित करेंगे।'' शाह ने कहा, ''घुसपैठ रुकने पर ही बंगाल में शांति आ सकती है...दोनों देशों के बीच संबंध तथा संपर्क सुधारने में भूमि बंदरगाह महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे दोनों देशों के बीच व्यापार संबंध भी बढ़ाते हैं।

तेजस्वी यादव का बड़ा दांव, शहाबुद्दीन का परिवार राजद लौटा, ओसामा लड़ेंगे आगामी चुनाव

पटना,(एजेंसी)।

पहले ओसामा शहाब राबड़ी आवास पहुंचे थे। यहां राजद सुप्रीमो लालू यादव और तेजस्वी यादव से मुलाकात की। लालू का पैर छूकर ओसामा ने आशीष लिया। इसके बाद करीब एक घंटे तक बातचीत हुई। आगामी चुनाव समेत कई मुद्दों पर बातचीत हुई। पूर्वी मुख्यमंत्री लालू यादव की पार्टी में आज पूर्व सांसद दिवंगत शहाबुद्दीन के बेटे ओसामा शहाब शामिल हो गए। राबड़ी आवास पर लालू प्रसाद यादव ने दिवंगत शहाबुद्दीन की पत्नी हीना शहाब और बेटे ओसामा को खुद राष्ट्रीय जनता दल की सदस्यता दिलाई। इस दौरान तेजस्वी यादव ने ओसामा को लालू के जीवन पर आधारित किताब और पार्टी का गमछा दिया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह, वरीय नेता अब्दुल बारी सिद्दकी समेत कई वरीय नेता मौजूद रहे। तेजस्वी ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि ओसामा और उनके परिवार से राजद का काफी पुराना रिश्ता रहा है। वह राजद में शामिल हो चुके हैं। आगामी चुनाव में वह राजद की ओर से मैदान में उतरेंगे। आज हम सभी लोग एकजुट हुए हैं. और हम सब मिलकर पार्टी को एकजुट होकर मजबूत करने का काम करेंगे। सांप्रदायिक शक्तियों को भगाने का काम करेंगे. राजद और ओसामा शहाब के समर्थकों की भीड़ उमड़ पड़ी रविवार सुबह से ही राबड़ी आवास के बाहर राजद और ओसामा शहाब के समर्थकों की भीड़ उमड़ पड़ी। सदस्यता ग्रहण करने से पहले ओसामा और उनकी मां हिना शहाब राजद राबड़ी आवास पहुंची। अगली काले रंग की गाड़ी में ओसामा थे। पीछे की गाड़ी में हिना शहाब बैठी थीं। परमात्मा राम पहले से मौजूद थे।

जिम ट्रेनर की दोस्ती बनी जानलेवा

पिछले 4 महीने से लापता महिला का शव डीएम कंपाउंड में मिला

कानपुर,(एजेंसी)।

उत्तर प्रदेश के कानपुर जिले में एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। जहां एक जिम ट्रेनर ने महिला की बेरहमी से हत्या कर शव को कानपुर के जिला मजिस्ट्रेट के आवास परिसर में ही दफ्ना दिया। इस वारदात का अब 4 महीने के बाद खुलासा हुआ है, जब पुलिस ने अपराधी को गिरफ्तार कर उससे सख्ती से पूछताछ की। पुलिस की तरफ से बताया जा रहा है कि जिम ट्रेनर और महिला के बीच संबंध थे और किसी विवाद के बाद आरोपी ने गुस्से में आकर इस खौफ्नाक वारदात को अंजाम दे डाला। जानिए, क्या है पूरा मामला? सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, कानपुर जिले में एक महिला बीते जून के महीने से लापता था। वह जून महीने में ग्रीन पार्क स्टेडियम में जिम गई थी और फिर वो वापस ही नहीं लौटी। लापता महिला की पहचान एकता गुप्ता (32 वर्ष) के रूप में हुई है। महिला के पति राहुल गुप्ता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई कि विमल सोनी नाम के जिम ट्रेनर ने उनकी पत्नी का अपहरण कर लिया। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की, लेकिन पुलिस को कोई भी सुराख हाथ नहीं लगा। लापता महिला का शव क्ड कंपाउंड में मिला इसके बाद भी पुलिस की जांच लगातार जारी रही। फिर जब पुलिस ने आरोपी को पकड़कर सख्ती से पूछताछ की तो उसने अपना गुनाह कबूल कर लिया। उसने बताया कि कैसे उसने महिला की हत्या कर उसके शव को डीएम कंपाउंड में दफ्ना दिया। अपराधी सोनी की इस बात को सुनकर पुलिस के पैरों तले जमीन खिसक गई कि इतनी सख्त सिक्योरिटी के बावजूद भी उसने महिला के शव को डीएम कंपाउड में कैसे दफ्नाया। अपराधी के कबूलनामे के बाद पुलिस तुरंत मौके पर पहुंचे और महिला के शव को बाहर निकाला। जिसके बाद पुलिस ने शव के कंकाल को फॉरेंसिक जांच के लिए भेज दिया। जानिए, इस मामले में क्या कहना है पुलिस का? वहीं इस मामले में पुलिस का कहना है कि जिम ट्रेनर और मृतक महिला के बीच संबंध था और जब लड़के की शादी तय हुई तो महिला ने उसके साथ झगड़ा किया। जिसके बाद गुस्साए जिम ट्रेनर ने महिला के गले पर हमला कर दिया और गाड़ी में ही मार दिया।

दिल्ली में फिर वायु गुणवत्ता 'बेहद खराब' श्रेणी में दर्ज, कई स्थानों पर एक्यूआई 'गंभीर'

नयी दिल्ली,(एजेंसी)।

राष्ट्रीय राजधानी में दो दिन के अंतराल के बाद रविवार को फिर से वायु गुणवत्ता 'बेहद खराब' श्रेणी में दर्ज की गई क्योंकि प्रदूषण के स्तर में सुधार लाने वाली हवा की रफ्तार धीमी हो गई। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में सुबह नौ बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 359 दर्ज किया गया जबकि शनिवार को यह 255 था। सीपीसीबी ने 40 निगरानी केंद्र में से 36 का आंकड़ा साझा किया, जिसमें से आनंद विहार, अलीपुर, बवाना, जहांगीरपुरी, मुंडका, वजीरपुर, विवेक विहार और सोनिया विहार में वायु गुणवत्ता 'गंभीर' श्रेणी में दर्ज की गई जबकि शेष 28 में एक्यूआई 'बेहद खराब' श्रेणी में रहा। शून्य और 50 के बीच एक्यूआई को 'अच्छा', 51 और 100 के बीच 'संतोषजनक', 101 और 200 के बीच 'मध्यम', 201 और 300 के बीच 'खराब', 301 और 400 के बीच 'बेहद खराब' तथा 401 और 500 के बीच एक्यूआई को 'गंभीर' श्रेणी में माना जाता है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, दिल्ली में हवा की रफ्तारशून्य किमी प्रति घंटा थी। पिछले दो दिन से अनुकूल हवाओं के कारण राजधानी की वायु गुणवत्ता 'बहुत खराब' से सुधरकर 'खराब' श्रेणी में पहुंच गई थी। दिल्ली में रविवार तड़के धुंध की मोटी परत छा गई जिससे दृश्यता बहुत कम हो गई। राजधानी में रविवार को न्यूनतम तापमान 20.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

सरकार के प्रमुख से मिलना डील होना नहीं : सीजेआई

➲ वे न्यायपालिका के लिए बजट देते हैं, अगर लेटर पर निर्भर रहेंगे तो काम नहीं होगा

नयी दिल्ली,(एजेंसी)।

दिल्ली डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा है कि सरकार के प्रमुख जब हाईकोर्ट या सुप्रीम कोर्ट के चीफजस्टिस से मिलते हैं तो इन मुलाकातों में राजनीतिक परिपक्वता होती है। मुंबई के एक कार्यक्रम सीजेआई ने कहा- हम राज्य या केंद्र सरकार के मुखिया से मिलते हैं तो इसका अर्थ यह नहीं है कि कोई डील हो गई। चीफजस्टिस ने ये भी कहा कि हमें राज्य के सीएम के साथ बातचीत करनी होती है, क्योंकि वे न्यायपालिका के लिए बजट देते हैं। यदि मुलाकात न करके केवल लेटर्स पर निर्भर रहें तो काम नहीं होगा। ये मीटिंग पॉलिटिकल मैच्योरिटी का एक साइन है। मेरे करियर में ऐसा कभी नहीं हुआ कि किसी डीएम ने कभी भी मुलाकात के दौरान किसी लंबित केस के बारे में कुछ कहा हो। सीजेआई ने कहा- कोर्ट और सरकार के बीच का

"CM और चीफ जस्टिस त्योहारों या शोक में एक-दूसरे से मिलते हैं। यह एक परंपरा है। इसका हमारे काम पर कोई असर नहीं पड़ता।

CJI डीवाई चंद्रचूड़

एडमिनिस्ट्रेटिव रिलेशन, ज्यूडिशियरी के काम से अलग है। डीएम या चीफ जस्टिस त्योहारों या शोक में एक-दूसरे से मिलते हैं। यह हमारे काम पर कोई असर नहीं डालता। कॉलेजियम सिस्टम एक यूनियन सिस्टम है, जहां जिम्मेदारियां अलग-अलग लेवल पर केंद्र सरकार, राज्य सरकार और ज्यूडिशियरी में बंटी हैं। इसमें आम सहमति बनती है, लेकिन कभी-कभी ऐसा भी होता है जब सहमति नहीं बन पाती। ऐसे में ज्यूडिशियरी के अलग अलग लेवल पर और सरकारों के अलग-अलग लेवल पर मैच्योरिटी के साथ निपटाया जाता है। मैं चाहता हूं कि हम एक आम सहमति बनाने में सक्षम हों। हर संस्थान में सुधार किया जा सकता है।

भाजपा ने यमुना नदी की सफाई को लेकर आम आदमी पार्टी पर बोला हमला

नई दिल्ली,(एजेंसी)।

भारतीय जनता पार्टी के दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने यमुना नदी की सफाई को लेकर आम आदमी पार्टी और प्रदेश सरकार पर हमला बोला है और कहा है कि छठ पूजा नजदीक है और हमारी माताएं और बहनें यमुना जी में भगवान सूर्य की आराधना करने या अर्घ्य देने आएंगी, वो यमुना जी में कैसे डुबकी लगा पाएंगी। सचदेवा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स 'पर कहा, दिल्ली सरकार के मंत्री गोपाल राय जी ने मेरे स्वास्थ्य की कामना की है। मैं उनका धन्यवाद देता हूं, लेकिन मैं उनसे कहना चाहता हूं कि मेरे लिए मेरे स्वास्थ्य से ज्यादा जरूरी है यमुना जी की सफाई। छठ पूजा नजदीक है, और हमारी माताएं-बहनें जो यमुना जी में भगवान सूर्य की आराधना करने या सूर्य को अर्घ्य देने जाएंगी, वे किस तरह से माँ यमुना में डुबकी लगा पाएंगी? उन्होंने कहा , मेरी एक डुबकी ने बता दिया कि आप की भ्रष्ट सरकार ने मां यमुना का क्या हाल कर रखा है। मैं अपनी दिल्ली की माताओं-बहनों और समस्त दिल्लीवासियों से कहना चाहता हूं कि अब समय आ गया है जब हमें इस भ्रष्ट सरकार से मुक्ति लेनी होगी। केजरीवाल द्वारा प्रायोजित इस भ्रष्टतंत्र का अंत हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। उल्लेखनीय है।

देश में रचनात्मक ऊर्जा की लहरः प्रधानमंत्री मोदी

⇨ मन की बात में पीएम मोदी ने कहा- एनिमेशन की दुनिया में 'मेड इन इंडिया' छाया हुआ है ⇨ आत्मनिर्भरता हमारी नीति ही नहीं, हमारा जुनून भी, मन की बात में बोले पीएम मोदी

नई दिल्ली,(एजेंसी)।

इस कार्यक्रम की शुरुआत तीन अक्तूबर 2014 को हुई थी। इसे 22 भारतीय भाषाओं और 29 बोलियों के अलावा 11 विदेशी भाषाओं में भी प्रसारित किया जाता है, जिसमें फ्रेंच, चीनी, इंडोनेशियाई, तिब्बती, बर्मी, बलूची, अरबी, पश्तू, फारसी, दारी और स्वाहिली शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के जरिए लोगों को संबोधित कर रहे हैं। इस दौरान उन्होंने आत्मनिर्भर भारत पर जोर दिया। साथ ही उन्होंने सरदार पटेल और भगवान बिरसा मुंडा को भी याद किया। उन्होंने कहा कि इन दोनों महापुरुषों के सामने

अलग-अलग चुनौतियां थीं लेकिन उनका विजन एक ही था, श्देश की एकताश। इसके अलावा उन्होंने श्मन की बातश् कार्यक्रम में एनिमेशन के क्षेत्र भारत के विकास पर भी चर्चा की। सरदार पटेल और भगवान बिरसा मुंडा को किया याद श्मन की बातश् के 115वें एपिसोड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत ने हर युग में कुछ चुनौतियों का सामना किया है। आज मन की बात में मैं दो ऐसे महानायकों की चर्चा करूंगा जिनमें साहस और दूरदर्शिता थी। देश ने उनकी 150वीं जयंती मनाने का फैसला किया है। 31 अक्टूबर से सरदार पटेल की 150वीं जयंती वर्ष की शुरुआत होगी। इसके बाद 15 नवंबर से भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती वर्ष की शुरुआत होगी। इन दोनों महापुरुषों के सामने अलग-अलग चुनौतियां थीं लेकिन उनका विजन एक ही था, श्देश की एकताश। आत्मनिर्भरता हमारी नीति ही नहीं, हमारा जुनून भीउन्होंने आगे कहा कि आत्मनिर्भरता हमारी नीति ही नहीं, हमारा जुनून बन गया है। बहुत साल नहीं हुए, सिर्फ 10 साल पहले की बात है, तब अगर कोई कहता था कि भारत में कोई जटिल तकनीक विकसित की जा रही है तो कई लोगों को विश्वास नहीं होता था, तो कई उपहास उड़ते थे। लेकिन आज वही लोग, देश की सफलता को देखकर अचंभे में रहते हैं। आत्मनिर्भर हो रहा भारत हर क्षेत्र में कमाल कर रहा है। आत्मनिर्भर भारत अभियान एक जन-आंदोलन बन रहा मन की बातश् के 115वें एपिसोड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि अब आत्मनिर्भर भारत अभियान एक जन-आंदोलन बनता जा रहा है। इसी महीने हमने लद्दाख के हान्ले में एशिया के सबसे बड़े श्इमेजिंग टेलीस्कोप ड ब्श् का उद्घाटन किया। यह 4300 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है... एक ऐसी जगह जहां ठंड -30 डिग्री से भी कम है, जहां ऑक्सीजन तक की कमी है, हमारे वैज्ञानिकों और स्थानीय उद्योग ने वो कर दिखाया है जो एशिया के किसी और देश ने नहीं किया। हान्ले टेलिस्कोप भले ही दूर की दुनिया देख रहा हो, लेकिन ये हमें आत्मनिर्भर भारत की ताकत भी दिखा रहा है। वोकल फॉर लोकल पर भी पीएम मोदी का फोकस श्मन की बातश् के 115वें एपिसोड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि त्योहारों के इस मौसम में हम सब आत्मनिर्भर भारत के इस अभियान को और मजबूत करते हैं।

आईरा बिजनौर कार्यसमिति की बैठक संपन्न ज़ीशान नजीबाबादी जिला उपाध्यक्ष मनोनीत

⇨ प्रदेश अध्यक्ष ए एस ख़ान की उपस्थिति में वोटिंग द्वारा अध्यक्ष का चुनाव कराने सहित कई प्रस्तावों पर हुई चर्चा

तीसरा विकल्प न्यूज़ - ब्यूरो

बिजनौर- पत्रकारों की विश्व स्तरीय सबसे बडी संस्था आईरा इंटरनेशनल रिपोर्टर एसोसिएशन आईरा की जिला बिजनौर युनिट की एक महत्वपूर्ण बैठक आजाद पब्लिक स्कूल हवेली तला नजीबाबाद मे आयोजित हुई जिसमे आईरा जिला बिजनौर टीम के उपाध्यक्ष के पद पर वरिष्ठ पत्रकार जीशान नजीबाबादी के नाम की घोषणा की गयी तथा पत्रकार एव पत्रकारिता से जुडे अनेक मुद्दो पर चर्चा हुई। इस अवसर पर वर्तमान पत्रकारिता एव प्रशासन के बीच पैदा होते गतिरोध एव संगठन विस्तार पर वरिष्ठ पत्रकारो ने अपने विचार रखे। बैठक का संचालन कर रहे नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष जीशान नजीबाबादी ने पत्रकारो के होरहे लगातार उत्पीड़न का मुद्दा उठाते हुए पत्रकारो से एक जुट होकर जिले मे एक मजबूत टीम के रूप मे संघर्ष करने का आह्वान किया, कार्यक्रम की अध्यक्षा कर रहे आईरा जिला संयोजक शहजाद मलिक ने जिले मे संगठन के संचालन हेतु अनेक मुद्दो पर प्रकाश डाला तथा जिला तहसील एव ब्लाक अध्यक्षो तथा टीम के अन्य सदस्यो के बीच निरंतर संवाद बनाए रखने तथा एक इकाई के रूप मे सक्रिय रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में आईरा बिजनौर के जिला संयोजक शहजाद मलिक उपाध्यक्ष जीशान नजीबाबादी सहित सभी पदाधिकारियों ने लखनऊ से आए प्रदेश अध्यक्ष ए एस ख़ान सहित सभी वरिष्ठ पत्रकारों का फूल माला पहना कर स्वागत किया। नवनियुक्त उपाध्यक्ष जीशान नजीबाबादी ने कहा कि जिस प्रकार हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष एम्बेसेडर डाक्टर मोहम्मद तारिक़ ज़की तथा प्रदेश अध्यक्ष ए एस ख़ान जी ने उतराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी हल्द्वानी से सांसद पूर्व केन्द्रीय मंत्री सजय भट्ट सहित विभिन्न प्रांतो के मुख्यमंत्रियों, सांसदो आदी सक्रिय राजनितिज्ञो से मिलकर देश मे पत्रकार सूरक्षा कानून लागू करवाने हेतु परिश्रम कर रहे हैं वो हम सबके लिए गौरव की बात है, हमारा भी दायित्व बनता है कि हम उनहे जिले मे एक मजबूत एव सशक्त टीम के रूप मे सक्रीय होकर उनका मनोबल बढाए। आईरा नजीबाबाद युनिट के नगर अध्यक्ष मुशर्रफ अली ने कहा की नजीबाबाद की टीम हर समय पत्रकारों की समस्याओं के निस्तारण हेतु जिला इकाई के साथ कंधे से कंधा मिलाकर मजबूती से खडी है हमारा राष्ट्रीय नेतृत्व एव प्रदेश नेतृत्व जिस प्रकार पूरे देश मे पत्रकार सूरक्षा कानून लागू करवाने हेतु परिश्रम कर रहा है अत हमारा भी दायित्व बनता है कि हम एक मजबूत जिला इकाई के रूप मे सक्रिय रहकर यहाँ के पत्रकारों की समस्याओं को जिला स्तर से ही निष्पादित कराकर उनका भार कम करें। आईरा कीरतपूर युनिट के नगर अध्यक्ष मुसैब सिद्दीकी ने कहा कि कीरतपूर टीम निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है टीम लगातार सक्रीय रहकर अन्य पत्रकारों को भी जोडने का प्रयास कर रही है जिसमे अच्छे नतीजे भी आ रहे हैं, कीरतपूर युनिट का नगर उपाध्यक्ष सलीम राशिद ने पत्रकारो से एक दूसरे की कमियां निकालने की अपेक्षा एक दूसरे का सहयोग कर पत्रकार एकता बनाए रखने पर काम करने का आह्वान किया। इस अवसर पर अपने संबोधन मे प्रदेश अध्यक्ष तथा वरिष्ठ पत्रकार ए एस खान ने एक शेर के माध्यम से अपनी बात रखते हुए कहा कि।

सलेब ओ दार के किस्से रकम होते ही रहें गे।
और क़लम की जुम्बिशो पर सर क़लम होते ही रहें गे।।

श्री खान ने आगे कहा कि हम सब कलम की दुनिया के सिपाही है, ये कलम विश्व की अनेक सफल क्रांतियों का सूचक रहा है, भारत की आजादी मे भी इस कलम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आज के दौर मे भले ही पत्रकारिता का स्वरूप बदल गया है, पत्रकारिता की जगहा मीडिया मंडिया सज गयी है जहा खबरो के रूप मे सडा गला सभी प्रकार का माल अच्छी पैकिंग और पत्रकार रूपी माडलो के माध्यम से बेचा जा रहा हो, तथा इनके माध्यम से पत्रकारिता के क्षेत्र मे असमाजिक तत्वो की घुसपैठ बढ गयी हो, मगर कलम घिस्सू पत्रकारो तथा प्रिंट मीडिया की विश्वसनीयता आज भी बनी हुई है, आज भी शासन तथा प्रशासन एक छोटी सी खबर छपने पर हरकत मे आ जाता है, अत आईरा संगठन से जुडे पत्रकारो को संगठन को मजबूत करने के साथ साथ अपनी पत्रकारिता के स्तर को भी निरंतर उठाने के लिए प्रयास करते रहना चाहिए, प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पत्रकारिता शासन एव आम जन के बीच पुल का काम करती है, पत्रकार का काम सरकार की योजनाओ नीतियो को जन-जन तक पहुंचाना तथा आम जन की समस्याओ को गरीब दबे कुचले वर्गो की पीडा को सरकार तथा प्रशासन तक पहुंचाना होता है, हमारी कलम मे अगर धार होगी तो हमारी कलम ही वर्तमान परिदृश्य मे उभरी अनेको समस्याओ के समाधान का कारक बन जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष ए एस ख़ान ने अपनी बात का समापन एक शेर के ही माध्यम से करते हुए आगे कहा कि।

इज़हार ए तमन्ना पर कटती थीं ज़बाने जब
उस वक्त कहां थे ये अंदाज़ ए बयां वाले।

> सलेब ओ दार के किस्से रकम होते ही रहें गे।
> और क़लम की जुम्बिशो पर सर क़लम होते ही रहें गे।।
> इज़हार ए तमन्ना पर कटती थीं ज़बाने जब
> उस वक्त कहां थे ये अंदाज़ ए बयां वाले।
> हम अपना खून ए दिल लेकर बाजार मे आए हैं।
> क्या दाम लगाएंगे ये लफ़्ज़ो की दुकां वाले।।

हम अपना खून ए दिल लेकर बाजार मे आए हैं।
क्या दाम लगाएंगे ये लफ़्ज़ो की दुकां वाले।।

बैठक मे उपस्थित सभी आईरा सोल्जर्स ने नवनियुक्त आईरा जिला उपाध्यक्ष जीशान नजीबाबादी को शुभकामनायें दीं तथा उनसे जिला बिजनौर मे एक सशक्त आईरा टीम गठित करने की अपेक्षा की। बैठक मे पत्रकार सुरक्षा कानून को लागू करवाने हेतु संघर्ष को और व्यापक स्तर तक ले जाने, तथा आईरा जिला बिजनौर के अध्यक्ष पद का चुनाव वोटिंग प्रक्रिया के माध्यम से करवाने सहित कयी प्रस्ताव प्रस्तुत किए गये जिसे हाई कमान के पास भेज दिया गया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष ए.एस. खान मंडल अध्यक्ष अकरम उस्मानी, जिला संयोजक शहजाद मलिक, जिला संरक्षक नरेंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष जीशान नजीबाबादी, नजीबाबाद नगर अध्यक्ष मुशर्रफ अली, कीरतपूर नगर अध्यक्ष मुसैब सिद्दीकी सरफराज अहमद, डॉक्टर इकराम, शादाब रजा, संतराम सिंह, अनुज कुमार शर्मा, नसरीन सैफी, नादिर खान, महमुद रजा, सूरज कुमार, परवेज अहमद, जहीर अहमद, आलम बाहर, नरदेव सिंह, फुरकान अहमद, सलीम राशिद, संदीप उपाध्याय आदि पदाधिकारी व पत्रकार उपस्थित रहे।

ताला तोड़कर चोरों ने शिक्षक व होमगार्ड के घर में की चोरी

तीसरा विकल्प न्यूज़ - ब्यूरो

पीपरा पलामू। पीपरा थाना क्षेत्र के पीपरा गांव में शनिवार की रात अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़कर एक साथ दो घरों में चोरी की चोरी। भुक्तभोगियों द्वारा नगद सहित गहने चोरी होने की जानकारी रविवार की सुबह 7 बजे पिपरा थाना को दी गयी है। पिपरा पंचायत के पंचायत समिति सदस्य पति रवि रोशन कुमार ने जानकारी देते हुए बताया की पिपरा गांव के पारा शिक्षक हरि दर्शन कुमार तथा होमगार्ड रंजू देवी के घर में अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली है। भुक्तभोगियों ने बताया कि चोरों दोनों के घर के ताला तोड़कर 10 बक्सा, दो अटैची घर से चोरी कर गांव के बाहर बक्सा व अटैची में रखें नगद व गहने लेकर कर फरार हो गए और गांव के बाहर खेत में बक्सा,अटैची, कपड़े सहित अन्य कागजात फेंक दिया गया। इस संबंध में पिपरा थाना प्रभारी बिमल कुमार ने कहा कि स्थल पर जाकर मामले की जांच की गयी है।मामले की छानबीन की जा रही है। घटना की जानकारी मिलने पर सेवानिवृत प्रोफेसर रामजी राम, प्रयाग लाल, टंटू कुमार, सूर्यदेव भुइयां ,अजीत राम, मनीष कुमार, विकी कुमार सहित ग्रामीण के अलावे पिपरा थाना के एसआई नकुल शर्मा सहित पुलिस बल के जवान पहुंचकर घटना कि जानकारी लिया।

सड़क पर दिखा अजगर सांप,वन समिति अध्यक्ष ने जंगल में छोड़ा

तीसरा विकल्प न्यूज़ - ब्यूरो

झारखंड। किस्को प्रखण्ड के खम्हार और कटात बीच जंगल के पीसीसी सड़क पर विशाल अजगर सांप देखा गया। जहां गांव वालों ने जैसे ही सांप को देखा, लोगों के होश उड़ गए। पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बन रहा। यहाँ अजगर सांप पीसीसी सड़क पर घण्टे तक जमा रहा और टस से मश नहीं हो रहा था। जिससे लोगों का आवागमन बाधित हो गया। जिसके बाद इसकी सूचना वन विभाग तिसिया के अध्यक्ष राजेंद्र यादव को मिलने पर मौके पर पहुंचकर सांप को रेस्क्यू कर लाया गया। इसके बाद लोहरदगा वन विभाग के आदेश अनुसार घनी जंगल में सांप को सुरक्षित छोड़ दिया गया। इस दौरान लोगों की भीड़ उमड़े रही। मौके पर वन समिति अध्यक्ष राजेंद्र यादव ने बताया कि अजगर सांप करीब 7 से 8 फीट और 12 से 15 किलो वजन का अनुमान है।

हृदय गति रुकने से सरकारी कर्मी मो सफी उल्लाह सैन का हुआ निधन, लोगों ने जताया शोक

तीसरा विकल्प न्यूज़ - ब्यूरो

हरिहरगंज। नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत भगत तेंदुआ गांव निवासी स्वर्गीय कासिम साह के 52 वर्षीय पुत्र मो सफीउल्लाह सैन का निधन हृदय गति रुक जाने से हो गई। मृतक के पुत्र मो साहिल ने बताया कि उनके पिता सफीउल्लाह सैन पश्चिम बंगाल के आसनसोल मुंशीपल कॉरपोरेशन कदमतला गोधली बाई वर्धमान में ड्राइवर पद पर सरकारी नौकरी में कार्यरत थे। शनिवार को अचानक तबीयत बिगड़ने पर इलाज के लिए औरंगाबाद जाने के क्रम में रास्ते में ही निधन हो गया।जिन्हे रविवार को भगत तेंदुआ कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खाक किया गया। उनके निधन पर विभिन्न राजनीतिक दल के नेता, समाजसेवी तथा पंचायत प्रतिनिधियों ने शोक प्रगट किया। शोक व्यक्त करने वालों में आजसू पार्टी के जिला सचिव जितेंद्र विश्वकर्मा, भाजपा नेता मनीष सिंह, इरशाद आलम, मो कलीम शाह, नसीम अहमद शाह, निजामुद्दीन शाह, मो तसलीम, मो हसनुद्दीन, मो इस्तेखार आलम, मो महबूब शाह, आजसू पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष अजीत सिंह, मो मुजफ्फर शाह, मो सागर आलम आदि का नाम शामिल है।

संदिग्ध परिस्थितियों में मिला एक युवती का शव



तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता हरदोई

हरदोई। संदिग्ध परिस्थिति में एक युवती का शव गांव के किनारे तालाब में उतरता हुआ मिला शब मिलने की खबर से गांव में हड़कंप मच गया और गांव वालों की भीड़ इकट्ठा हो गई कामना 18 वर्ष पुत्री राजन तिवारी की पुत्री है जो कि अपने ननिहाल सहादत नगर में स्वर्गीय करुणा शंकर अग्निहोत्री के यहां अपनी नानी के पास रहती थी जो की कल रात से घर से लापता थी मृतका जन्म से ही अपने ननिहाल में ही रह रही थी कामना की नानी ने मर्डर की आशंका जताई है घटनास्थल पर थाना अध्यक्ष अमित सिंह मौके पहुंचकर शव का पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा

लापता युवती का तालाब में मिला शव, जांच में जुटी पुलिस

तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता हरदोई

हरदोई। मंझिला थाना क्षेत्र के शहादत नगर गांव में रविवार को संदिग्ध परिस्थितियों में 19 वर्षीय युवती का शव तालाब में मिला है। बताया गया कि युवती रविवार सुबह करीब 4 बजे से लापता थी। शव मिलने के बाद गांव में हड़कंप मच गया। सूचना पाकर मंझिला थानाध्यक्ष अमित सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को तालाब से बाहर निकलवाया। जानकारी होते ही सीओ शाहाबाद अनुज मिश्रा मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मिली जानकारी के अनुसार शाहाबाद थाना क्षेत्र के मोहल्ला अल्लाहपुर निवासी नरेंद्र देव तिवारी की 19 वर्षीय पुत्री कामना तिवारी मंझिला थाना क्षेत्र के सहादत नगर गांव में अपने नाना स्वर्गीय करुणा शंकर के घर पर रहती थी। परिजनों के मुताबिक रविवार की सुबह 4 बजे कामना घर में नहीं थी, तो उसकी खोजबीन शुरू। सुबह करीब साढ़े दस बजे गांव के ही कुछ दूरी पर तालाब में किनारे पर उसका शव पड़ा हुआ था। तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर थाना प्रभारी अमित सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और युवती के शव को तालाब से बाहर निकलवाया। उधर घटना की जानकारी मिलते ही सीओ शाहाबाद अनुज मिश्रा तत्काल मौके पर पहुंचे, और जांच पड़ताल की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जनपद के 865 संस्कृत विद्यालयों और महाविद्यालयों में अध्ययनरत सभी छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति धनराशि खाते में आरटीजीएस के माध्यम से वितरित किया गया

तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता शाहजहांपुर

शाहजहांपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी से संस्कृत छात्रवृत्ति योजना का शुभारंभ एवं 69,195 विद्यार्थियों को रु० 586 लाख की छात्रवृत्ति का संवितरण किया गया। उक्त कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जनपद के विकास भवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में देखा और सुना गया। जनपद के करीब 865 संस्कृत विद्यालयों और महाविद्यालयों में अध्ययनरत सभी छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति धनराशि खाते में आरटीजीएस के माध्यम से वितरित किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने भी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए अपनी भाषा, अपनी संस्कृति को संरक्षित करने की बात कही।

राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान उत्तर प्रदेश द्वारा महाकुंभ प्रयागराज के अवसर पर साहित्य महाकुंभ का भव्य शुभारंभ किया गया

तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ

लखनऊ। राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान उत्तर प्रदेश द्वारा शासन की नीति के अनुरूप महाकुंभ प्रयागराज 2025 अवसर पर साहित्य महाकुंभ का शुभारंभ 26 अक्टूबर, 2024 को मा. कांशीराम स्मृति स्थल, स्मृति उपवन, बांग्लाबाजार, लखनऊ में दोपहर 12 बजे से आरंभ किया गया। राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान के परम आदरणीय मा. अध्यक्ष डॉक्टर अखिलेश कुमार मिश्रा, आई.ए.एस. द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, कार्यक्रम की अध्यक्षता भी डॉक्टर मिश्र जी द्वारा ही की गई। मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर शिवभजन कमलेश जी उपस्थित थे। मा. अध्यक्ष एवं संस्थान की यशस्वी महामंत्री डॉक्टर सीमा गुप्ता द्वारा इस साहित्य महाकुंभ एवम संस्थान के भविष्य में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा के संबंध में अवगत कराया गया और कहा गया कि यह संस्थान का नया साहित्य महाकुंभ कार्यक्रम है। इसके अंतर्गत साहित्य की विभिन्न विधाओं को शामिल करने का प्रयास किया गया है। जिसमे राज्य कर्मचारियों के अतिरिक्त विशेष रूप से जिन्हें मंच सुलभ नहीं हो पाता, ऐसे लोगों को आगे बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम में प्रथम 3 पुरस्कार सुश्री सुमन सुरभि, श्री राम सिंह, श्री कुलदीप कलश को प्रदान किए गए। द्वितीय पुरस्कार 07 कवियों को प्रदान किया गया जिनमें श्रीमती सुफलता त्रिपाठी, श्री हरी प्रकाश हरि, श्री अनमोल भास्कर, नीलेश ज्वाला, डॉक्टर सुधा मिश्रा, श्री प्रेमशंकर शास्त्री, श्री गिरिधर खरे शामिल हैं। तृतीय पुरस्कार से 11 कवियों को पुरस्कृत सम्मानित किया गया जिनमें श्री लीलाधर नायक, श्री नागेन्द्र राय, सुश्री पुष्पलता पांडे, इंद्रासन सिंह इंदु, श्री आलोक यादव, श्री बाबूराम बादल, श्रीमती नीतू सिंह चौहान, श्री रामराज भारती, श्री अनिल जयसवार, श्री हलधर गोंडवी, श्री कृष्णा मोहन जी सम्मिलित हैं। पुरस्कार के रूप में पाठ करने वाले साहित्यकारों को स्मृति चिन्ह, अंग वस्त्र माला एवम पुस्तक प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जज के रूप में श्री विजय प्रसाद त्रिपाठी, श्री नरेंद्र भूषण एवम श्री चंद्र देव दीक्षित चंद्र उपस्थित थे।कार्यक्रम का सफल संचालन श्री सुनील कुमार बाजपेई द्वारा किया गया। इसके अतिरिक्त आज के कार्यक्रम में संस्थान के उपाध्यक्ष डॉक्टर शोभा दीक्षित भावना,डॉक्टर उमेश आदित्य, श्री राजीव सोनी, श्री लीलाधर, श्रीमती सुधा नरूला, श्रीमती मीना गौतम आदि साहित्यकार उपस्थित थे, कार्यक्रम की साहित्य जगत में भूरि भूरि प्रशंशा की गई। संस्थान द्वारा साहित्य महाकुंभ 26 अक्टूबर 2024 से 28 फरवरी 2025 तक मनाया जाना है।

संस्कृत में शोध को बढ़ावा दिया जायेगा: मुख्यमंत्री

- संस्कृत हमारे अंदर की नकारात्मकता को दूर करती है: जिलाधिकारी
- संस्कृत भाषा हमारी संस्कृति का आधार: सीडीओ
- सभी छात्र मन लगाकर अध्ययन करें: भाजपा जिलाध्यक्ष
- सभी स्तर के छात्रों को मिलेगी छात्रवृत्ति: जिला विद्यालय निरीक्षक

तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता हरदोई

हरदोई। विकास भवन स्थित स्वर्ण जयंती सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में माननीय मुख्यमंत्री जी के कर कमलों से सम्पूरणानंद संस्कृत विद्यालय वाराणसी में संस्कृत छात्रवृत्ति के शुभारम्भ का जनपद स्तरीय आयोजन किया गया।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने वाराणसी में कुछ छात्रों को प्रतीकात्मक चेक भेंट किये। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय का संस्कृत के विकास में महत्वपूर्ण योगदान है। सरकार भारतीय संस्कृति के उत्थान के लिए लगी हुई है। उत्तर प्रदेश में लगभग डेढ़ लाख बच्चे संस्कृत के लिए समर्पित हैं। संस्कृत में शोध को बढ़ावा दिया जायेगा। उन्होंने महर्षि अरबिंदो का नाम लेते हुए कहा कि संस्कृत भाषा व उसका साहित्य हमारा सबसे बड़ा खजाना है। जनपद स्तरीय कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने कहा कि संस्कृत विभिन्न भाषाओं की जननी है। संस्कृत विश्व की प्राचीनतम भाषाओं में से एक है। यह न केवल विचारों का आदान प्रदान करती है बल्कि हमारी संस्कृति को भी दर्शाती है। हमारे पुराणों की भाषा संस्कृत ही है। यह भाषा हमारे अंदर की नकारात्मकता को दूर करती है।जनपद में 10 विद्यालय पहले से संचालित हैं और 1 अन्य विद्यालय का निर्माण जल्द प्रारम्भ हो जायेगा।मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी ने कहा कि सभी छात्र संस्कृत भाषा को आगे बढ़ाने में योगदान दे। संस्कृत भाषा हमारी संस्कृति का आधार है। जिलाध्यक्ष भाजपा अजीत सिंह बब्बन ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी ने बहुत बड़ा काम किया है। सभी छात्र मन लगाकर अध्ययन करें। जिला विद्यालय निरीक्षक बाल मुकुंद प्रसाद ने कहा कि योजना से सभी स्तर के संस्कृत छात्रों को छात्रवृत्ति का लाभ मिलेगा। इसमें 50 प्रतिशत अंक व 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य होगी। जनपद स्तर पर एक नये संस्कृत विद्यालय के लिए भूमि चिन्हित कर ली गयी है। जनपद में कल तक 504 छात्रों की छात्रवृत्ति उनके खातों में पहुँच जाएगी। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह व जिलाध्यक्ष भाजपा अजीत सिंह बब्बन ने 10 चयनित छात्रों को छात्रवृत्ति का डमी चेक प्रदान किया। विभिन्न संस्कृत विद्यालयों के प्राचार्यों ने भी इस अवसर पर अपने विचार रखे। इस अवसर पर जनपद के विभिन्न संस्कृत विद्यालयों के प्राचार्य व छात्र उपस्थित रहे।

आरएमएल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन में आयोजित किया गया जन जागरूकता कार्यक्रम

तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता शाहजहांपुर

शाहजहांपुर। वीआईपी ग्रुप विद हैल्पिंग हैंड्स की ओर से बड़ागांव(कुँवरगंज) स्थित आरएमएल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस में मिशन शक्ति चरण-5 के तहत जनजगरूता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम में छात्र.छात्राओं को महिला सशक्तिकरण के साथ ही साइबर क्राइम, नशा मुक्त, मोबाइल के अत्यधिक प्रयोग से होने नुकसान, कैरियर काउंसलिंग आदि की विस्तृत जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि सीओ ज्योति यादव व जिला प्रोवेशन अधिकारी गौरव मिश्रा ने उपस्थित सभी को अपने कर्तव्यों व दायित्वों के निर्वहन की शपथ दिलवाई। डॉ.नन्दिनी सक्सेना ने महिला सशक्तिकरण, सर्वाइकल कैंसर, नशा मुक्ति डिप्रेशन, व अत्यधिक मोबाइल के उपयोग से बचाव आदि को लेकर जागरूक किया। इस दौरान वन स्टॉप सेंटर की प्रबंधक नमिता यादव ने केंद्र सरकार द्वारा महिलाओं के हित में चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की साइबर क्राइम इंस्पेक्टर रोहित कुमार ने साइबर क्राइम से बचाव हेतु विस्तार से जानकारी देते हुए भी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। इंजीनियर सुमेधा गुप्ता ने कैरियर काउंसलिंग को लेकर बच्चों से बात कर उन्हें उचित सलाह प्रदान की। आरएमएल इंस्टीट्यूशन की चेयरमैन वर्षा गोस्वामी, ग्रुप उपाध्यक्ष व कार्यक्रम प्रभारी सचिन बाथम, जिला प्रभारी नीतू गुप्ता, क्रिएटर अभिनय गुप्ता आदि ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किये। कार्यक्रम में इंसीटीयूट के छात्र.छात्राओं ने सामाजिक विषयों पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से शानदार प्रस्तुति से उपस्थित सभी का मन मोह लिया। कुछ विषयों पर सभी को झझकोर कर सोचने पर मजबूर भी किया। अंत में वीआईपी ग्रुप के संचालक अभिनय गुप्ता ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में आरएमएल ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशन के सैकड़ों छात्र.छात्राएं व शिक्षकगण व सहायक स्टाफ़ मौजूद रहा।

माई भारत स्वयंसेवकों द्वारा दीवाली विद माई भारत कार्यक्रम अंतर्गत चलाया गया स्वच्छता अभियान

तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता शाहजहांपुर

शाहजहांपुर। मेरा युवा भारत (माई भारत) अन्तर्गत एन वाई के शाहजहांपुर युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में व व्यापार मंडल शाहजहांपुर के सम्मानित सदस्यों के सहयोग से दीवाली विद माई भारत कार्यक्रम अंतर्गत शहर के मुख्य बाज़ारो में स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को आगामी त्योहारों के दौरान अपने आसपास साफ सफाई रखने और डस्टबिन के उपयोग को लेकर जागरूक किया गया। इस अवसर पर उपस्थित व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष सचिन बाथम ने माई भारत अंतर्गत कार्यक्रम की सराहना करते हुए सभी व्यापारियों, आमजनों व राहगीरों से स्वच्छता के प्रति सजग रहने हेतु प्रेरित किया व सभी से बढ़ चढ़ कर इस अभियान में हिस्सा लेने का भी आव्हान किया। उपस्थित जिला युवा अधिकारी मयंक भदौरिया ने बताया कि दीवाली विद माई भारत कार्यक्रम अंतर्गत आगामी तीन दिनों तक आयोजित होने वाली विभिन्न गतिविधियों में मार्केट एरिया में स्वच्छता, सड़क सुरक्षा व ट्रैफिक नियमों को लेकर आमजन में जागरूकता व सेवा से सीखें थीम पर आधारित अस्पतालों में माई भारत स्वयंसेवकों द्वारा जरूरतमंद मरीजो की सहायता करना शामिल हैं। इसी क्रम में शहर के सबसे बड़े और व्यस्ततम बाजार बहादुरगंज व सदर बाज़ार सहित आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता के प्रति सभी व्यापारियों व आमजनों को जागरूक किया जा रहा है जिससे आगामी त्योहारों में सभी लोग सुगमता से स्वच्छ व सुंदर वातावरण में खरीददारी कर सकें और उत्साहपूर्वक त्योहार मना सकें। इस अवसर पर विभिन्न दुकानदारों को डस्टबिन भी उपलब्ध कराए गए और सभी से अपने आसपास के कूड़े को डस्टबिन में ही डालने का आग्रह किया गया। साथ ही माई भारत स्वयंसेवकों द्वारा मार्केट एरिया में घूमकर अन्य लोगों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया व स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर उपस्थित नमामि गंगे डी पी ओ विनय सक्सेना ने भी सभी को अपने स्वभाव व संस्कार में स्वच्छता को अपनाने का आव्हान किया। इस अवसर पर समाजसेवी मुकेश सिंह परिहार, व्यापार मंडल से कंचन गुप्ता, अशोक गुप्ता, लकी खान, पंकज टंडन, हिमांशु सक्सेना, वर्क एन जी ओ सदस्य फ़ैज़ हुसैन, मोहम्मद उमैर, कामरान आकिल, नावेद रज़ी, सहित अन्य स्थानीयजन भारी संख्या में उपस्थित रहे।

यूपी पुलिस को सीनियर विनर्स ट्रॉफी एवं लखनऊ को बेस्ट परफॉर्मेन्स ट्रॉफी

☐ लखनऊ के आकाश यादव को बेस्ट जूडोका अवार्ड

तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ

लखनऊ। इण्डियन पैरा जूडो एकेडमी, हलवासिया कोर्ट, हज़रतगंज, लखनऊ में शनिवार देर रात तक चले रोमांचक मुकाबले में यूपी पुलिस ने सीनियर विनर्स ट्रॉफी पर अपना कब्जा कर लिया वहीं लखनऊ को बेस्ट परफॉर्मेन्स का खिताब हासिल हुआ। प्रतियोगिता के समापन में अवनीश कुमार अवस्थी (रिटायर्ड आईएएस) उप्र मुख्यमंत्री के सलाहकार एव चेयरमैन, इण्डियन ब्लाइंड एण्ड पैरा जूडो एसोसिएशन, धीरेन्द्र सचांन(आई.ए.एस)) विशेष सचिव स्वास्थ्य, उप्र एवं सुधीर एस.हलवासिया, अध्यक्ष, यूपी जूडो एसोसिएशन ने विजेता जूडोकाओं को पदक पहनाकर एवं ट्रॉफियां देकर जूडो महाकुम्भ प्रदेशीय प्रतियोगिता का समापन किया। यूपी पुलिस ने 08 स्वर्ण, 05 रजत एवं 03 कांस्य पदक जीतकर सीनियर विनर्स ट्रॉफी जीती। साथ ही लखनऊ को उनके अच्छे प्रदर्शन पर बेस्ट परफॉर्मेन्स ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

लखनऊ द्वारा जीते गये पदकों का विवरण इस प्रकार हैं

वर्ग पदक

मिनी 01 रजत व 05 कांस्य

सब जूनियर 01 स्वर्ण, 01 रजत व 04 कांस्य

कैडिट 01 रजत

जूनियर 01 स्वर्ण, 02 रजत व 02 कांस्य

सीनियर 01 स्वर्ण, 01 रजत व 05 कांस्य

सीनियर बालिका वर्ग में यूपी पुलिस की अंतिम यादव एवं सीनियर बालक वर्ग में लखनऊ के धर्मवीर को बेस्ट जूडोका अवार्ड से सम्मानित किया गया। परिणाम इस प्रकार है:-

सीनियर बालिका वर्ग:-

48 किग्रा. प्रथम = अंतिम यादव - यूपी पुलिस

द्वितीय= मानसी - यूपी पुलिस

तृतीय= निकिता पाल - वाराणसी

तृतीय= आरती यादव - अयोध्या

52 किग्रा. प्रथम= शिवानी - मुरादाबाद

द्वितीय= मनीषा भारद्वाज - यूपी पुलिस

तृतीय= अनन्या सिंह - लखनऊ

तृतीय= वर्षा रस्तोगी - लखनऊ

सीनियर बालक वर्ग:-

60 किग्रा. प्रथम = मनीष शर्मा - यूपी पुलिस

द्वितीय= विवेक यादव - यूपी पुलिस

तृतीय= मो. शुएब - लखनऊ

तृतीय= सुप्रीत यादव - वाराणसी

66 किग्रा. प्रथम = अजय धहिया - यूपी पुलिस

द्वितीय= अंकित पाल - मुज़फ्फरनगर

तृतीय= हेमंत सिंह पाल - कानपुर नगर तृतीय= लक्ष्मीकान्त प्यारेलाल - बरेली

इस अवसर पर मुनव्वर अंज़ार महासचिव, यू.पी. जूडो एसोसिएशन, नरसिंह यादव, सचिव, महाराष

पेरिस पैरालम्पिक के जूडो खिलाड़ियों का हुआ सम्मान

● आगामी राष्ट्रीय पैरा जूडो प्रतियोगिता जम्मू एंड कश्मीर

तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ

लखनऊ। इंडियन ब्लाइंड एंड पैरा जूडो एसोसिएशन की वार्षिक सभा का आयोजन शनिवार को संपन्न हुआ। एसोसिएशन की आम सभा उप्र मुख्यमंत्री के सलाहकार तथा इंडियान ब्लाइंड एवं पैरा जूडो एसोसिएशन के चेयरमैन अवनीश कुमार अवस्थी(सेवानिवृत्त आईएएस) की अध्यक्षता में संपन्न हुई। सभा में किये गये वार्षिक कार्यो पर चर्चा करते हुए आगामी 13वीं राष्ट्रीय पैरा जूडो प्रतियोगिता फरवरी 2०25 में जम्मू एंड कश्मीर में करवाने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर हाल ही में फ्रांस में सम्पन्न हुये पेरिस पैरालम्पिक 2०24 में जूडो खेल में भारत को पहला पदक दिलाने वाले मध्यप्रदेश के कपिल परमार (कांस्य पदक विजेता) एवं हरियाणा की कोकिला (प्रतिभागी) को किट एवं जापान की ब्लैक बेल्ट देकर सम्मानित

किया गया। बता दें कि इंडियन ब्लाइंड एवं पैरा जूडो एसोसिएशन के राष्ट्रीय महासचिव मुनव्वर अंज़ार ने बताया कि एसोसिएशन की आम सभा तथा इसके उपरांत संपन्न हुए सम्मान समारोह में एसोसिएशन के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे। करंट लगने के कारण आंख की रोशनी गंवा बैठे थे कपिल सम्मान समारोह में बोलते हुए जब मध्यप्रदेश निवासी कपिल परमार ने अपनी सफ़लता की दास्तान सुनायी तो वहां उपस्थित सभी सदस्य भावुक हो गए। कपिल ने बताया कि वे मध्यप्रदेश के एक छोटे से गांव से आते हैं। पिता एक ड्राइवर तथा माता एक गृहणी थीं। करंट लगने के कारण कपिल छह माह तक कोमा में पड़े रहे। जब होश आया तो वे अपनी आंख की रोशनी गंवा चुके थे। कपिल ने बताया कि इसका पता चलते ही मानो उनकी जिंदगी अंधकारमय होकर रह गई। कुछ समझ नहीं आ रहा था कि आगे की जिंदगी कैसे चलायी जाए। कपिल के पिता ड्राइवर होने के साथ-साथ पहलवानी भी करते थे। जब उन्हें ब्लाइंड जूडो की जानकारी हुई तो उन्होंने एसोसिएशन के महासचिव मुन्नवर अंजार से मुलाकात की। कपिल ने बताया कि मुन्नवर अंजार तथा एसोसिएशन के चेयरमैन अवनीश अवस्थी ने हर संभव मदद करने की बात करते हुए उन्हें जूडो प्रषशक्षण देना शरू कर दिया। 2०17 से जूडो करते आ रहे कपिल अब तक कई राष्ट्रीय-अंर्तराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते हुए 7 स्वर्ण 2 रजत तथा 4 कांस्य पदक जीत चुके हैं। हाल ही में पेरिस में आयोजित पैरालंपिक में उन्होंने कांस्य पदक हासिल कर भारत का नाम रौषन किया। उनकी इस प्रतिभा को देखते हुए मध्यप्रदेश सरकार ने कपिल को 5० लाख पुरस्कार राशि देने के अलावा एक सरकारी नौकरी देने का वायदा किया है। वहीं हरियाण की कोकिला के बारे में बोलते हुए मुन्नवर अंजार ने बताया कि यह इंडियन ब्लाइंड एंड पैरा जूडो की सबसे कम उम्र की जूडोका हैं। कोकिला भी बेहद गरीब परिवार से आतीं हैं। उन्होंने कई राष्ट्रीय-अंर्तराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते हुए दो रजत तथा 4 कांस्य पदक हासिल किये हैं। दोनों ही खिलाड़ी राजधानी लखनऊ स्थित हलवासिया कोर्ट में बने जूडो एकाडमी में अभ्यास करते हैं। इस मौके पर एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुधीर हलवासिया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रकाश चंद्रा, संयुक्त सचिव राजेन्द्र कुमार षर्मा, चेयरमैन टेक्निल कॉउन्सिल उमेश कुमार सिंह, टेक्निकल सेकेटरी दीपक कुमार गुप्ता, स्पोर्टस् डायरेक्टर संजय गिरी, जापानी कोच सोमा नगऊ, आईशा मुन्नवर उपस्थित रहे।

यूपी इंस्टार्ट द्वारा वास्तुकला की बैठक आयोजित की गई

तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ

लखनऊ। इमर्जिंग बिजनेस चैंबर ऑफ कॉमर्स (ईबीसीसी), एक गैर-मान्यता प्राप्त संगठन जो उद्योग और लाइसेंस धारकों के बीच डाउनलोड के रूप में उपकरण है, ने यूपीइंस्टार्ट के सहयोग से लखनऊ में अपना पहला कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में उद्योग जगत के लोग, सरकारी निवेशकों के अधिकारी, सलाहकार और एंजल निवेशक (निवेशक) शामिल हुए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में प्लांटर्स ने भी भाग लिया। प्रोग्राम में निवेश, व्यापार, उद्योग, उद्योगपति, विशेषज्ञ, विशेषज्ञ और रियायामक के लोगों ने अपना ज्ञान साझा किया। यूपीइनस्टार्ट, ईबीसीसी, स्टावा कंसल्टेंसी जिग्सॉ लॉ फर्म और अन्य कंसल्टेंसी (कंसल्टेंसी) फर्मों की एक संयुक्त पहल है जो स्ट्रेंथ और छोटे हथियारों को बढ़ावा देने और सक्षम बनाने के क्षेत्र में काम कर रही है। इस कार्यक्रम में www.vaseeyatnama.com का लॉन्च भी किया गया, जो एक सामाजिक पहल है। वसीयतनामा का मुख्य उद्देश्य वसीयत के महत्व के बारे में लोगों में जागरूकता पैदा करना है। वसीयतनामा (वसीयतनामा) वसीयतों के लेखन और पंजीकरण, वसीयतों की प्रोबेट (प्रोबेट), फैमिली ट्रस्ट (फैमिली ट्रस्ट), संपत्ति योजना (एस्टेट प्लानिंग) और व्यवसाय उत्तराधिकार (बिजनेस सक्सेशन) योजना के लिए सेवाएं प्रदान की जाती हैं।

ब्लैकमेल कर पैसों की उगाही में व्यवसायी हेमंत राय ने की 6 लोगों के खिलाफ कराई एफ.आई.आर

तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ

लखनऊ। लखनऊ के व्यवसायी हेमंत कुमार राय ने ब्लैकमेलिंग और धमकी के गंभीर आरोप लगाते हुए 6 लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज करवाई है। हेमंत कुमार का आरोप है कि उनके साथ व्यापारिक संबंधों में रहे 6 लोगों ने उन्हें ब्लैकमेल करके पैसों की उगाही की। उन्होंने आरोप लगाया है कि ये लोग उनकी व्यक्तिगत तस्वीरें और दस्तावेज़ों का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं। शिकायतकर्ता ने जिन लोगों पर आरोप लगाया है, उनमें बीरेंद्र दुबे, निवासी गणेश नगर, थाना कृष्णा नगर, लखनऊ, संजय कुमार मिश्र, निवासी सुभानी खेड़ा, तेलीबाग, लखनऊ, ब्रिजेश कुमार, निवासी कल्प सिटी, बिजनौर, लखनऊ, अखिलेश कुमार तिवारी, निवासी कल्प सिटी, बिजनौर, लखनऊ, नागिरेड्डी वेंकटा सुब्बा रेड्डी, निवासी आंध्र प्रदेश और मुस्कान गुलिस्ता और उनके पति सुनील कुमार गुप्ता, निवासी यमुना विहार, दिल्ली हैं। शिकायत के अनुसार, इन लोगों ने व्यक्तिगत कारणों का हवाला देकर हेमंत से बड़ी राशि उधार ली थी। बाद में, जब हेमंत ने उनसे अपने पैसे की मांग की तो उन्होंने धमकी दी कि अगर उन्हें और पैसे नहीं दिए गए तो वे उसकी वीडियो और दस्तावेज़ वायरल कर देंगे, जिससे उनकी छवि को नुकसान पहुंचाया जा सकता है। श्री राय ने बताया कि इन व्यक्तियों ने उन्हें व्हाट्सएप पर धमकी भरे संदेश और वीडियो भेजे, जिससे वे अत्यधिक परेशान और भयभीत हैं। इस मामले में उन्होंने पुलिस से मदद की गुहार लगाई और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की और आरोपियों के ऊपर प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज कराई है। गौरतलब है कि इससे पूर्व एक अन्य मामले में श्रेया ग्रुप ऑफ कम्पनीज के अध्यक्ष हेमंत कुमार राय के द्वारा धोखाधड़ी और ब्लैकमेलिंग के गंभीर आरोपों में शालिनी मिश्रा के खिलाफ हजरतगंज थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई थी। इसमें शालिनी मिश्रा पर कंपनी के आंतरिक दस्तावेजों और संवेदनशील जानकारी का दुरुपयोग कर ब्लैकमेलिंग का आरोप लगाया था। श्रेया ग्रुप ऑफ कम्पनीज की ओर से दर्ज एफआईआर के अनुसार, शालिनी मिश्रा, जो कंपनी में एक महत्वपूर्ण पद पर कार्यरत थीं, ने धोखे से कई महत्वपूर्ण और गोपनीय दस्तावेज हासिल किए और इसके आधार पर कंपनी से बड़ी रकम की मांग की थी। जब कंपनी ने उनकी मांगों को पूरा नहीं किया, तो उन्होंने ब्लैकमेलिंग शुरू कर दी। इसके अलावा शालिनी मिश्रा पर एमएमएस वायरल कर बदनाम करने का आरोप भी लगाया गया।

भोंवाल कॉन्वेंट स्कूल, लखनऊ द्वारा टीकाराम भोंवाल फाउंडेशन कॉन्क्लेव का समापन हुआ

तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ

लखनऊ। टीकाराम भोंवाल फाउंडेशन कॉन्क्लेव समापन कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि के रविंद्र नायक (प्रमुख सचिव, सचिवालय प्रशासन उत्तर प्रदेश सरकार), विशिष्ठ अतिथि हेमा बिन्दु, राजेंद्र भोंनवाल (सेवानिवृत्त आई.ए.एस. पूर्व राज्य चुनाव आयुक्त), सचिव मोनिका भोंनवाल, संयुक्त सचिव गतिक भोंनवाल, कॉलेज के प्रधानाचार्य एवम कई गणमान्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर की। संस्था के संयुक्त सचिव गतिक भोंनवाल द्वारा अपने स्वागत भाषण में मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि का ह्रदय से आभार प्रकट करते हुए सभी का स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम के आयोजकों को धन्यवाद देते हुए सभी छात्र-छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाए दी। संस्था के चेयरमैन राजेंद्र भोनवाल ने सभी का धन्यवाद दिया तथा विभिन्न कॉलेजों से आए शिक्षकों छात्र-छात्राओं एवं अभिवावकों को विशेष रूप से आभार प्रकट किया तथा सभी के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आशीर्वाद दिया। इस उत्सव में विगत तीन दिनो में विभिन्न इण्टर स्कूल के बच्चों ने विज्ञान, साहित्यिक, सांस्कृतिक और खेल उत्सव एवम प्रतियोगता में भाग लिया। जिसमें क्रिएटिव इन्वेंशन में भोनवाल कॉन्वेंट स्कूल प्रथम तथा स्काई पब्लिक स्कूल द्वितीय स्थान पर रहे। रोबो रेस कंपटीशन में यूनिवर्सल सिटी कान्वेंट प्रथम सेंट थॉमस सेकंड और क्रिएटिव कॉन्वेंट स्कूल थर्ड पोजिशन पर रहे। सॉफ्ट बोर्ड डेकोरेशन में भोनवाल कान्वेंट स्कूल प्रथम और सेंट थॉमस स्कूल थर्ड और भोनवाल कान्वेंट स्कूल सेकंड पोजीशन पर रहे। सिंगिंग कंपटीशन में नवोदय विद्यालय प्रथम भोनवाल कान्वेंट स्कूल सेकंड और शिवानी पब्लिक स्कूल थर्ड पोजिशन पर रहे। डांस प्रतियोगिता में भोनवाल कान्वेंट स्कूल प्रथम महाराजा अग्रसेन सेकंड और ए एल वाई मैनपुरीया थर्ड पोजिशन पर रहे। स्टैंड अप कॉमेडी भोनवाल कॉन्वेंट स्कूल प्रथम भोनवाल कान्वेंट स्कूल टीम बी सेकंड और शिवानी पब्लिक स्कूल थर्ड पोजिशन पर है पीपीटी प्रेजेंटेशन भोनवाल कॉन्वेंट स्कूल प्रथम, महाराजा अग्रसेन द्वितीय पोजीशन पर रहे। पोस्टर मेकिंग कंपटीशन में शिवानी पब्लिक स्कूल प्रथम भोनवाल कॉन्वेंट सेकंड एवं लखनऊ पब्लिक वर्ल्ड स्कूल थर्ड पोजिशन पर है आसपास के बहुत सारे शिक्षण संस्थाओं ने पूरे जोश के साथ प्रतियोगिता में भाग लिया और इस तरह की प्रतियोगिता कराने के लिए भोंनवाल एजुकेशनल ग्रुप का धन्यवाद देकर सरहाना की। अभिभावकों द्वारा कहा गया कि इस तरह के प्रतियोगिता कराने से बच्चों का विकास होता है। विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिता में कई विद्यालयों के छात्र छात्राओं ने भाग लिया जिसमें गौतम बुद्ध पब्लिक इंटर कॉलेज, सेंट थॉमस, शिवानी पब्लिक स्कूल, नवोदय विद्यालय, सेठ एमआर जयपुरिया, क्रिएटिव कॉन्वेंट, हीरालाल पब्लिक इंटर कॉलेज, महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल, एमकिड पब्लिक स्कूल, स्काई पब्लिक स्कूल, लखनऊ पब्लिक वर्ल्ड, कृष्णा पब्लिक स्कूल, यूनिवर्सल सिटी कान्वेंट स्कूल, लखनऊ पब्लिक इंटरनेशनल, एपीएस अकैडमी, मणिपाल स्कूल, मॉडर्न पब्लिक स्कूल, पंचशील इंटरनेशनल स्कूल, कमल दिल्ली पब्लिक स्कूल, राइजिंग सन मिलेनियम स्कूल, एवं भोंनवाल कॉन्वेंट स्कूल रहे।

समाचार

शातिर एचएस हुक्की को ठाकुरगंज पुलिस ने गिरफ्तार किया

तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता इरफान कुरैशी

लखनऊ। लखनऊ कमिश्नर अमरेन्द्र कुमार सेंगर दिशा निर्देश द्वारा थाना ठाकुरगंज पुलिस टीम द्वारा माननीय न्यायालय द्वारा पूर्व में पंजीकृत मुकदमों में न्यायालय में उपस्थित न होने पर जारी किये गये, गैर जमानती अधिपत्र के अनुपालन में वारंटी शातिर अपराधी हिस्ट्रीशीटर हुक्की उर्फ रियाज बहादुर उर्फ बाबा उर्फ राज हुसैन निवासी शल्लू शाह का तकिया मुफ्तीगंज थाना ठाकुरगंज लखनऊ को गिरफ्तार किया गया, थाना प्रभारी श्रीकांत राय ने कहा था अपराधियों से क्षेत्र छोड़ दो वरना जाओगे सलाखों के पीछे, वही अपराधियों का हुआ बुरा हाल रो-रो के कह रहे हैं जाए तो कहां जाएं, इस क्रम (पश्चिम) डीसीपी, द्वारा दिशा निर्देश पर गठित कि कई टीमें लगातार अपराधियों को धरपकड़ कर रही हैं,थाना ठाकुरगंज निरीक्षक श्रीकांत राय के नेतृत्व में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर, नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गया है,

एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया

तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता इरफान कुरैशी

लखनऊ। लखनऊ कमिश्नर एस.बी. शिरडकर दिशा निर्देश द्वारा थाना सआदतग?ज पुलिस को वादी मुकदमा द्वारा मोबाइल चोरी हो जाने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र दिया जिसके आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कराया, मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र में तिल्ली मील मैदान में मजार के पास से शानू निवासी तहसीनगंज निकट मीनार मैरिज हाल थाना ठाकुरगंज लखनऊ को चोरी के मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया गया, इस क्रम (पश्चिम) डीसीपी, द्वारा दिशा निर्देश पर गठित कि कई टीमें लगातार अपराधियो को धरपकड़ कर रही है थाना सआदतगज प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश सिंह, के नेतृत्व में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर, नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गया है,

संदिग्ध परिस्थितियों में स्कूल गई छात्रा लापता

तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ

सरोजनीनगर। सरोजनीनगर में शनिवार को घर से स्कूल गई 11वीं की छात्रा संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। काफी खोजबीन के बाद छात्रा के पिता ने सरोजनीनगर थाने में मामला दर्ज कराया है। सरोजनीनगर क्षेत्र में रहने वाले पीड़ित के मुताबिक उसकी 15 वर्षीया बेटी क्षेत्र के ही गौरी स्थित एक निजी स्कूल में कक्षा 11 की छात्रा है। पीड़ित का कहना है कि अपराह्न 2 बजे स्कूल में छुट्टी होने के बाद उसकी बेटी घर नहीं पहुंची। इसके बाद उसकी खोज बीन शुरू की गई। जहां स्कूल के पास दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे चेक करने पर छात्रा अपने साथ पढ़ने वाली सानिया नामक छात्रा के साथ पैदल जाते दिखाई पड़ी। बाद में आगे चेक किया गया तो दोनों छात्राएं लखनऊ शहर की तरफ जा रही ऑटो में बैठते नजर आई। फिलहाल सरोजनीनगर पुलिस मामला दर्ज कर सीसीटीवी कैमरों के जरिए लापता छात्रा का पता लगा रही है।

बाउंड्री निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने बाबा साहब की फोटो लेकर देते रहे धरना

तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ

सरोजनीनगर। एयरपोर्ट विस्तारीकरण को लेकर जारी बाउंड्री वॉल निर्माण का कार्य रविवार को भी पूरे दिन ठप रहा। वहीं भक्ती खेड़ा गांव के लोग हाथों में बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के फोटो लेकर अपने बच्चों व महिलाओं के साथ बराबर वहीं बैठकर धरना देते रहे। जबकि एयरपोर्ट प्रशासन की ओर से भारी तादाद में पुलिस फोर्स और निर्माण कार्य में लगे मजदूर भी वहां मौजूद रहे। लेकिन भक्ती खेड़ा सीमा में बाउंड्री वॉल निर्माण का कार्य नहीं शुरू कर सके। बताते हैं कि बाउंड्री वॉल स्थल पर बैठे धरना दे रहे लोगों को देख एयरपोर्ट प्रशासन ने सुबह के समय रहीमाबाद गांव की सीमा में स्थाई बाउंड्री वॉल निर्माण का कार्य शुरू किया, लेकिन जानकारी होते ही भारी तादाद में रहीमाबाद के लोग वहाँ पहुंचकर धरना देने लगे। हाथों में भीमराव अंबेडकर की फोटो और तिरंगा झंडा लिए भारी तादाद में महिलाओं व बच्चों के साथ धरने पर बैठते ही पुलिस ने उन्हें समझाने की कोशिश की, लेकिन वह नहीं माने। तब मजबूरन एयरपोर्ट प्रशासन को काम रोकना पड़ा। इसके बाद वहां पुलिस फोर्स और मजदूर तो मौजूद रहे, लेकिन आलाधिकारी बैरंग वापस लौट गए। फिलहाल युवक कृषक मजदूर सेवा संस्थान उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष हनुमान सिंह के नेतृत्व में भक्ती खेड़ा गांव के सभी लोग पिछले चार दिनों से अपने बच्चों व महिलाओं के साथ भीमराव अंबेडकर की फोटो और तिरंगा झंडा लेकर बराबर धरनारत हैं। मालूम हो कि भक्ती खेड़ा के लोग बाउंड्री वॉल की जद में आ रही खेतिहर जमीन के मुआवजे के अलावा गांव को अलग विस्थापित करने के लिए अपने घरों का मुआवजा और घर बनाने के लिए जमीन की मांग पर अड़े हैं। धरना दे रहे लोगों का कहना है कि जब तक जिलाधिकारी मौके पर आकर उन्हें लिखित आश्वासन देते हुए पूरी तरह आश्वस्त नहीं करते, तब तक निर्माण कार्य नहीं करने दिया जाएगा। वहीं एयरपोर्ट प्रशासन भी भारी पुलिस फोर्स के साथ बाउंड्री वॉल निर्माण कराने के प्रयास में जुटा है।

समाचार पत्र वितरक सेवा समिति कोषाध्यक्ष की धर्मपत्नी अंजू देवी का आकस्मिक निधन

● इलाज दौरान मेडिकल कॉलेज में हुए आकस्मिक निधन पर गहरा शोक ● पकरी पुल निकट प्रेम नगर के श्मशान घाट पर किया गया दाहसंस्कार

तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ

लखनऊ। राष्ट्रीय समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश उपाध्याय द्वारा बारा बिरवा समाचार पत्र वितरक सेवा समिति के कोषाध्यक्ष राजेश सिंह नेगी की धर्मपत्नी अंजू देवी जी के इलाज दौरान मेडिकल कॉलेज में हुए आकस्मिक निधन पर गहरा शोक संवेदना व्यक्त करते हुए इस ग़मगीन वातावरण में अपनी नम आंखों से अश्रुपूरित भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होने ने बताया कि आपके संज्ञान में लाना चाहते हैं कि राष्ट्रीय समाचार पत्र वितरक सेवा समिति की संबद्ध शाखा बारा बिरवा समाचार पत्र वितरण केन्द्र वरिष्ठ वितरक एवं बारा बिरवा समाचार पत्र वितरक सेवा समिति के कोषाध्यक्ष राजेश सिंह नेगी की 55 वर्षीय धर्मपत्नी अंजू देवी जी के पेट में पेनक्रियाज हो जाने से विगत कई वर्षो से लगातार मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में डाक्टरों की निरन्तर देखभाल मे इलाज़ चल रहा था द्य लगभग 20 दिनों से हालत गम्भीर हो जाने पर राजेश सिंह नेगी जी ने अपनी धर्मपत्नी अंजू देवी को आनन फानन में मेडिकल कॉलेज में डॉक्टरों की देखरेख में एडमिट कराया था। जिनका बेहतर से बेहतर इलाज चल रहा था परन्तु अंजू देवी की डॉक्टरों


(स्व0 अंजू देवी पत्नी श्री राजेश सिंह नेगी)

की देखरेख के चलते हुए इलाजोपरांत उनका आकस्मिक निधन हो गया। जिनकी मौत का समाचार सुनते ही राष्ट्रीय समिति के पदाधिकारियों के साथ समस्त वितरको मे शोक लहर दौड़ गई द्य इनका अन्तिम संस्कार राजधानी लखनऊ में पकरीपुल निकट प्रेम नगर की श्मशान घाट पर समस्त प्रेस संस्थाओं के उच्च अधिकारियों एवं विभागीय कर्मचारियों सहित सभी डिपो के सैकड़ों वितरकों की उपस्थिति में किया गया द्य इनके अंतिम संस्कार व अंतिम दर्शन पर राष्ट्रीय समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश उपाध्याय के साथ समिति के वरिष्ठ पदाधिकारियों के अतिरिक्त अन्य सभी संगठनों के नेताओं ने अंजू देवी की दिवंगत आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन व्रत धारण किया और ईश्वर से उनकी पुण्यात्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई अंजू देवी अपने पीछे अपनी 20 वर्षीय सुपुत्री अनामिका नेगी को छोड़ गई है जो विद्या और शास्त्र में अपना नाम स्वर्णिम अक्षरों से अंकित कर अपना और अपने परिवार का नाम रोशन कर रखा है द्य इस दुखद बेला में राष्ट्रीय समिति के संयोजक एवम स्टार प्रचारक अश्विनी पाण्डेय, राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश उपाध्याय ,राष्ट्रीय सलाहकार एवम् लखनऊ प्रभारी अजय कुमार सिंह ऊर्फ साधू बाबा , समिति के संरक्षक लालमणि पाण्डेय, प्रदेश अध्यक्ष सतीश प्रसाद ,प्रदेश महामंत्री ज्ञानू तिवारी , गोरखपुर प्रभारी डी.डी. अग्रहरि , प्रयागराज प्रभारी अनिल मिश्रा, देवरिया प्रभारी लोकेश शरण तिवारी के अतिरिक्त शोकाकुल परिजन राजेश सिंह नेगी, राजन सिंह नेगी , प्रताप सिंह नेगी, राजेश सिंह नेगी, कमल सिंह नेगी, इंदिरा नगर डिपो के अध्यक्ष गोविंद कुमार पटवा , महामंत्री अमरीश तिवारी , बारा बिरवा डिपो अध्यक्ष के.के. तिवारी, महामंत्री राजेश उपाध्याय, आई.टी. डिपो अध्यक्ष राम इकबाल शर्मा महामंत्री श्रीदत्त पाण्डेय, चारबाग डिपो अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह, चौक डिपो अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह उर्फ राजू भैया महामंत्री सत्य प्रकाश दीक्षित, पॉली टेविनक अध्यक्ष मो. मतीन गुर्जर, कार्यवाहक अध्यक्ष टिंकू मुकेश, इंजिनियरिंग कॉलेज डिपो अध्यक्ष रुपेश शर्मा, महामंत्री भानु प्रताप सिंह, गोमतीनगर डिपो अध्यक्ष संजीव कनौजिया, महामंत्री महेश आर्य , सरोजनी नगरडिपो अध्यक्ष नितिन कुमार धीमान, महामंत्री कुलदीप यादव, जनपथ डिपो अध्यक्ष रविन्द्र गुप्ता, कार्यवाहक अध्यक्ष ओम प्रकाश के अतिरिक्त राजधानी लखनऊ के समस्त वितरको द्वारा गमगीन वातावरण में दिवंगत अंजू देवी जी को नम आंखों से अश्रुपूरित भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उस परम पिता परमेश्वर से यही प्रार्थना की कि वे इस पुण्यात्मा को अपने चरणों में स्थान सुनिश्चित कर मोक्ष की प्राप्ति देने की कृपा करें ।

समाज हित में नागरिक सुरक्षा से जुड़े

तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ

लखनऊ। नागरिक सुरक्षा उपायों के द्वारा हम किसी भी प्रकार की आपदा में होने वाली क्षति को कम कर सकते हैं। प्रत्येक व्यक्ति को समाज हित में नागरिक सुरक्षा से जुड़ना चाहिए। ये बात सिविल डिफेंस के सीनियर असिस्टेंट डिप्टी कंट्रोलर मनोज वर्मा ने होमगार्ड्स के जवानों को ट्रेनिंग के दरमियान अवगत कराई। केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान होमगार्ड्स उत्तर प्रदेश लखनऊ पर इन दिनों मृतक आश्रित के रूप में चयनित महिला होमगार्ड्स स्वयंसेवकों का 50 दिवसीय आधारभूत प्रशिक्षण संचालित किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत नागरिक सुरक्षा लखनऊ की उपनियंत्रक अनिता प्रताप के आदेश के क्रम में आज सिविल डिफेंस लखनऊ में कार्यरत राष्ट्रपति पदक से अलंकृत सीनियर असिस्टेंट डिप्टी कंट्रोलर मनोज वर्मा और मुकेश कुमार ने नागरिक सुरक्षा का प्रशिक्षण प्रदान किया। मनोज वर्मा ने सिविल डिफेंस की शुरुआत कैसे हुई और इसकी स्थापना का उद्देश्य क्या था इस पर विस्तार से जानकारी प्रदान की, साथ ही आपदा और आपदा के प्रकार के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि यदि भूकंप आ जाता है तब आपको क्या करना चाहिए और किस स्थिति में रहकर आप अपने को सुरक्षित रख सकते हो। इन उपायों के माध्यम से न सिर्फ आप अपने को सुरक्षित रख सकते हो बल्कि अपने परिवार के साथ साझा करके उनको भी सुरक्षित कर सकते हो। साथ ही उन्होंने कहा कि समाज हित में ज्यादा से ज्यादा व्यक्तियों को नागरिक सुरक्षा कोर से अवश्य जुड़ना चाहिए। नागरिक सुरक्षा अधिकारी मुकेश कुमार ने प्रशिक्षार्थियों को बम से संबंधित जानकारी देते हुए बम के बनावट के बारे में बताया। साथ ही बम के प्रभाव और उसके फटने पर कैसे और कहां पर शेल्टर लेंगे इसकी विस्तृत जानकारी प्रदान की। बिना फटे बम की पहचान कैसे करेंगे और उसके प्रभाव से कैसे बचेंगे को भी बताया। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षण केंद्र के ब्लॉक ऑर्गनाइजर कंचन सक्सेना भी उपस्थित थी।

ब्रज की रसोई : नि : शुक्ल भोजन परोसकर नई उम्मीद

तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ

लखनऊ। क्या आपने कभी सोचा है कि आपके एक छोटे से सहयोग से किसी की भूख मिट सकती है और किसी के चेहरे पर मुस्कान आ सकती है? लखनऊ में %ब्रज की रसोई% द्वारा विगत कई वर्षों शुरू की गई यह पहल यही उद्देश्य लेकर आई है। वरिष्ठ सदस्य पंकज राय बताते है इण्डियन हेल्पलाइन सोसाइटी द्वारा संचालित ब्रज की रसोई अकिंचन, निराश्रित, बिक्षिप्त, गरीब बच्चों और बुजुर्गों को नि:शुल्क पौष्टिक भोजन उपलब्ध करा रही है। इस नेक मिशन का नेतृत्व विपिन शर्मा कर रहे हैं, जो समाज के प्रति गहरी संवेदनशीलता के लिए जाने जाते हैं। वहीं संस्था के संस्थापक विपिन शर्मा का कहना है भूख केवल शारीरिक पीड़ा नहीं है, यह मानसिक और भावनात्मक संतुलन को भी बिगाड़ देती है। इन निराश्रितों के लिए भोजन सिर्फ पेट भरने का साधन नहीं है, यह उनके जीवन में एक आशा का संचार है। सामाजिक कार्यकर्ता राजीव पाण्डेय का मानना है कि जब भी हम इन बेसहारा लोगों को भोजन उपलब्ध कराते हैं, तो एक तरह से हम अपनी आत्मा को सुकून और पुण्य का अहसास कराते हैं। संस्था के सदस्य विशाल सक्सेना ने कहा ब्रज की रसोई हर उस व्यक्ति का स्वागत करती है, जो समाज में बदलाव लाने के लिए कदम बढ़ाना चाहता है। चाहे वह आर्थिक सहायता हो, राशन का दान हो, या रसोई में स्वयंसेवा करना हो—आप किसी भी तरीके से इस पहल से जुड़ सकते हैं। संस्था के सदस्य संजय सिंह बताते है इण्डियन हेल्पलाइन सोसाइटी का कहना है, हम सभी से निवेदन करते हैं कि इस प्रयास में हमारे साथ आएं। एक छोटा-सा योगदान भी बड़ी संख्या में ज़रूरतमंदों के लिए जीवनदायक साबित हो सकता है। संस्था के सक्रिय सदस्य संजय श्रीवास्तव ने कहा ब्रज की रसोई लखनऊ की सड़कों पर वह उजाला बन रही है जो इन अकिंचन, निराश्रित, बिक्षिप्त, गरीब बच्चों और बुजुर्गों के जीवन में नई उम्मीद की किरण बिखेर रहा है। जहां एक ओर समाज में तेजी से भौतिकवाद का प्रभाव बढ़ता जा रहा है, वहीं यह पहल मानवीयता को फिर से जीवित करने का प्रतीक है। आपका छोटा-सा योगदान कई ज़िंदगियों को बदल सकता है, और समाज को एक सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ा सकता है। तो आइए, हम सब मिलकर इस पहल का हिस्सा बनें और सुनिश्चित करें कि लखनऊ में अब कोई भूखा न सोए! संस्था के वरिष्ठ सदस्य सी. एच. तिवारी ने जानकारी दी कि आज आशियाना क्षेत्र के रतन खंड पानी टंकी के पास की झुग्गियों और निर्माणाधीन स्कूल में काम कर रहे मजदूरों और उनके परिवारों सहित जोन 8 के सामने स्थित झुग्गी बस्तियों में भोजन वितरण का आयोजन किया गया। इस दौरान लगभग 83० जरूरतमंद लोगों को भोजन के रूप में पूड़ी, सब्जी और हलवा परोसा गया। इस मानवीय पहल में सी. एच. तिवारी, पंकज राय, संजय श्रीवास्तव, राजीव पाण्डेय, विशाल सक्सेना, संजय सिंह, नवल सिंह, दिलीप वर्मा, नवनीत वर्मा, और ध्रुब सक्सेना जैसे समर्पित समाजसेवियों का योगदान रहा। विपिन शर्मा ने सभी समाजसेवियों का आभार व्यक्त करते हुए इस अभियान को समाज में एक सकारात्मक बदलाव का प्रतीक बताया।

संपादकीय

वातावरण मधुवाता है

तीन दिन बाद भारत में दीपपर्व है। वातावरण मधुवाता है। कुछ दिन पहले गर्म हवाओं के झोंके थे। संप्रति वातायन में न शीत है और न ही उमस ताप। वर्षा रानी भी गरज बरस कर चली गईं। धन का पर्व धनतेरस है। भारत ने अपनी करेन्सी को रूपया कहा। मुद्रा का 'रूपया' नाम और भी दिलचस्प। 'रूप-या' संस्कृत से आया है। रूप-या का अर्थ हुआ-जो रूप है। रूपया बड़ा मजेदार है। आकर्षण भी है। रूप में यह कागज है। इस रूप के भीतर समस्त भौतिक वस्तुए छुपी हैं। यहाँ रूपया दो, जो पसंद है वह लो। रूपया बड़ा शक्तिशाली है। ऋग्वेद में उचित ही मुद्रा को देवताओं जैसा शक्तिशाली बताया गया है। तरह-तरह के रूप धारण करना। रूपया बहुरूपया है। धनतेरस और दीपावली लक्ष्मी आराधना की मुहूर्त है। लक्ष्मी मनुष्य को धनार्जन 'शुभ लाभ' देती हैं। अर्थशास्त्र में उद्यमी को साहसी बताया गया है। वह साहस करता है, कारखाना वगैरह लगाता है। साहस का प्रतिफल पाता है। 'शुभ लाभ' भारतीय चिन्तन का विकास है। लाभ में श्रमिकों का शोषण, टैक्सचोरी और भ्रष्टाचार भी शामिल है। 'शुभ लाभ' ईमानदार उद्यमी का हिस्सा है। पर्व त्योहार दिक् और काल के भीतर हैं। देव प्रकाशवाची हैं। जहां जहां ज्योतिर्गमय प्रकाश, वहा वहां दिव्यता और वहां-वहां देवता। हम भा-रत हैं। भा अर्थात प्रकाश, रत यानी संलग्न। माना जाता है कि प्रकाश और अंधकार का संघर्ष सनातन है। लेकिन यह सही नहीं है। अंधकार और प्रकाश दो नहीं हैं। प्रकाश का शून्य हो जाना अंधकार है। इसी तरह अंधकार शून्य होना प्रकाश है। सूर्य प्रकाश पुंज है। उन्हें नमस्कार हमारी संस्कृति है। हम चन्द्र को अर्ध्य देकर पूंजते हैं। चन्द्र ब्रह्माण्ड का मन है। पूर्णिमा का प्रकाश उपास्य है। दूसरे ही दिन से चांद घटने लगता है और अमावस तक रोजाना घटता है। अमावस परिपूर्ण अंधकार रात्रि है। अगले दिन से अंधकार पिटता है, प्रकाश बढ़ता है, 15 दिन बाद पूर्णिमा आती है। पूनो (पूर्णिमा) का चन्द्र अपनी पूरी आभा, प्रभा दीप्ति और प्रीति के साथ खिलता है। भारत ने प्रत्येक पूर्णिमा को उत्सव बनाया। अषाढ़ पूर्णिमा का चन्द्र बादलों से भी ढकता है। लेकिन उन्मुक्त चमकता है सो इस रात गुरू पूर्णिमा। श्रावण की पूर्णिमा रक्षाबंधन होती है लेकिन शरद् चन्द्र का क्या कहना? बहुत दूर आसमान में बैठा शरद् चन्द्र धरती की प्रीति में अमृतघट उलीचता है, भारत ने शरद् पूनो के चन्द्र को बहुत प्यार किया है। वैदिक ऋषि सौ शरद् जीने के अभिलाषी थे-जीवेम शरदं शतं। सौ शरद् देखना भी चाहते थे-पश्येम शरदं शतं। शरद पूनो की दीप्ति प्रीति ज्यादा गाढ़ी है ठीक वैसे ही 15 दिन बाद आने वाली कार्तिक अमावस्या का अंधकार बाकी अमावसों से ज्यादा गाढ़ा और गहरा जान पड़ता है। भारत ने प्रगाढ़ अंधकार वाली इस रात्रि को दीपोत्सव बनाया। शरद् पूर्णिमा की रात रस, गंध, दीप्ति, प्रीति, मधु, ऋत और मधुआनंद तो इसके ठीक बाद झमाझम दीपमालिका। कार्तिकी अमावस का अंधकार प्रकाश की अनुपस्थिति ही नहीं होता। माना जाता है कि यह अस्तित्वगत होता है, अनुभूति प्रगाढ़ हो तो पकड़ में आता है। जहां जहां तमस् वहां वहां प्रकाश-दीप। प्राचीन पूर्वजों की कर्मशक्ति का रचा गढ़ा तेजोमय प्रकाश है। प्रकाश ज्ञानदायी और समृद्धिदायी भी है। भारत दीप पर्व की रात रात केवल भूगोल नहीं होता। भारत इस रात 'दिव्य दीपशिखा' हो जाता है। वातायन में शीत और ताप का प्रेम प्रसंग चलता है। घर, आंगन, तुलसी के चौबारे, गरीब किसान के दुवारे, खेत खलिहान, नगर, गांव, मकान, दुकान, ऊपर नीचे सब तरफ दीप शिखा। तुलसीदास ने रामचरितमानस उत्तर काण्ड में दीप शिखा का रूपक बनाया है। वे सात्विक श्रद्धा को गाय बताते है, जपतप नियम को गाय का चारा। फिर इस गाय से परम धर्ममय दूध निकालते हैं। निष्काम भाव की अग्नि पर उबाल कर धैर्य आदि भावों से ठंढ़ा कर दही बनाते है। इस दही से 'मुदिता मथै विचार मथानी के जरिए मक्खन निकालते हैं। इस मक्खन को योग अग्नि पर गरम कर 'ज्ञान घृत' पाते हैं। चित्त के दिया (दीपक) में इस घी को डालते है। तीन गुण तीन अवस्थाओं (जागृत, स्वप्न, सुषुप्ति) से परे 'तुरीय अवस्था' की बाती सजाते हैं। तुलसीदास बताते हैं कि यह दीपक विज्ञानमय है-एहि विधि लेसे दीप, तेज राशि विज्ञानमय। फिर कहते हैं सोहमस्मि इति वृत्ति अखण्डाध्दीपशिखा सोई परम प्रचण्डा। दीपशिखा के प्रकाश में जीव ब्रह्म हो जाता है, आत्म अनुभव सुख सुप्रकाशा। तुलसी के सौन्दर्यबोध (बालकाण्ड) में भी दीपशिखा है सुन्दरता कहु सुन्दर करईध्छविग्रह दीपशिखा जनु बरई। दीपशिखा भारत का मन है। सभी साधकों के लिए दीप मालिका भारत के मन की स्वर्णमय दीपशिखा है। दीपक अपना हृदय-स्नेह (तेल) उड़ेलता है, बाती जलाता है। तब अंधकार से लड़ता है, प्रकाश देता है। दीपक के नीचे अंधेरा रहता है लेकिन दूसरों का तमसावृत पथ प्रकाशवान होता है। दीप पर्व स्वाभाविक ही लक्ष्मी गणेश का नीराजन मुहूर्त बना। ऋग्वेद के रचनाकाल में गण (समूह) थे। प्रत्येक गण का एक गण प्रमुख या गणपति होता था और एक आराध्य देवता यानी गण-ईश था। ऋग्वेद (2.23.1) में बृहस्पति को गणपति कहा गया है, गणानां त्वां गणिपतिं हवामहे-आप गणों के गणपति हैं। ये गणपति प्रकाशदाता भी हैं। (वही मन्त्र 3) ऋग्वेद के गणपति कवि हैं, विद्वान है लेकिन यजुर्वेद के गणपति 'निधिपति' भी है-निधीनां त्वा निधिपति। दीप-उत्सव है अतिरिक्त आनंद का अतिरेक। सम्पूर्णता का केन्द्र है उत्स। उत्सव इसी केन्द्रक का उफनाया आनंद है। लेकिन उत्सव उल्लास नहीं रहे। पहले उत्सव की खबर ऋतु देती थी, माह और तिथि उत्सवों की सूचना थे, अब उत्सव की खबर अखबारी विज्ञापन देते हैं। विज्ञापन नया स्वप्न संसार देते हैं। बाजारी वस्तुएं उत्सव का विकल्प नहीं हो सकती। बाजार में मादक क्रान्ति है। उत्सवी मानुष हलकान है। करें तो क्या करें? दीपावली नाक का सवाल बन गयी है। खरीददारी स्टेटस सिम्बल है। जिसने खरीददारी नहीं की, वह उत्सव से बाहर हो गया।

सभी धर्मों में जगमग त्योहार की

आर.सी.शर्मा

> "भगवान राम, अपनी पत्नी सीता और भाई लक्ष्मण के साथ 14 वर्ष का वनवास बिताकर तथा लंका के राजा रावण का वध करके अयोध्या वापस लौटे थे, तो अयोध्यावासियों ने इस खुशी में घी के दीये जलाये थे। तब से हिंदू धर्म में दिवाली पर्व मनाया जाता है। दिवाली हिंदू धर्म में धन, समृद्धि और वैभव की देवी लक्ष्मी की पूजा का दिन भी है। यह अज्ञानता पर ज्ञान की विजय का भी पर्व है। इस पर्व का रिश्ता भगवान श्रीकृष्ण से भी है। उन्हों ने इसी दिन नरकासुर को परास्त कर 16000 महिला कैदियों को कैदखाने से मुक्त कराया था। जैन धर्म में दिवाली की धूमधाम से मनाये जाने का कारण, इस दिन इस धर्म के के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर का निर्वाण 527 ईसा पूर्व इसी दिन यानी कार्तिक अमावस्या को हुआ था।"

भारत में जन्में सभी प्रमुख धर्मों हिंदू, जैन, बौद्ध और सिख में दिवाली महत्वपूर्ण है। वहीं अन्य धर्मों के अनुयायियों के लिए यह धार्मिक नहीं बल्कि सामाजिक सौहार्द का विषय रही है। लेकिन जो धर्म भारत में जन्में हैं, उन सबमें दिवाली से संबंधित महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक संदर्भ है। जिस कारण जैन, बौद्ध और सिख धर्म में भी दिवाली का पर्व हर्ष-उल्लास के साथ मनाया जाता है। दिवाली को सनातन धर्म की नजर से देखें तो यह भगवान राम के वन से वापस लौटने पर अयोध्यावासियों की खुशी का प्रतीक है। भगवान राम, अपनी पत्नी सीता और भाई लक्ष्मण के साथ 14 वर्ष का वनवास बिताकर तथा लंका के राजा रावण का वध करके अयोध्या वापस लौटे थे, तो अयोध्यावासियों ने इस खुशी में घी के दीये जलाये थे। तब से हिंदू धर्म में दिवाली पर्व मनाया जाता है। दिवाली हिंदू धर्म में धन, समृद्धि और वैभव की देवी लक्ष्मी की पूजा का दिन भी है। यह अज्ञानता पर ज्ञान की विजय का भी पर्व है। इस पर्व का रिश्ता भगवान श्रीकृष्ण से भी है। उन्हों ने इसी दिन नरकासुर को परास्त कर 16000 महिला कैदियों को कैदखाने से मुक्त कराया था। जैन धर्म में दिवाली की धूमधाम से मनाये जाने का कारण, इस दिन इस धर्म के के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर का निर्वाण 527 ईसा पूर्व इसी दिन यानी कार्तिक अमावस्या को हुआ था। इसलिए जैन धर्म के अनुयायी दिवाली को महावीर स्वामी मोक्ष प्राप्ति के दिन के रूप में मनाते हैं। इस दिन जैन समाज अपने घरों, मंदिरों को दीयों से रोशन करता है। बौद्ध धर्म में भी दिवाली मनाये जाने की भव्य परंपरा है। दरअसल कार्तिक अमावस्या के दिन ही साम्राट अशोक ने बौद्ध धर्म ग्रहण किया था, तभी से बौद्ध लोग इस दिन को शांति की रोशनी के पर्व के रूप में मनाते हैं। सिख धर्म में भी दीपावली का ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व है। कार्तिक अमावस्या के दिन साल 1577 में गुरु रामदास जी के हाथों अमृतसर में स्वर्ण मंदिर का शिलान्यास हुआ था। साथ ही सन 1619 में इसी दिन सिखों के छठवें गुरु, गुरु हरगोविंद जी मुगल बादशाह की कैद से आजाद हुए थे। मुगल बादशाह जहांगीर ने गुरु जी को गलत तरीके से गिरफ्तार करके ग्वालियर जेल में डाल दिया था। लेकिन जब बादशाह को गलती का अहसास हुआ तो उसने गुरु जी को छोड़ने का ऐलान किया। लेकिन गुरु हरगोविंद जी ने कहा कि वह तब तक कैद से बाहर नहीं जाएंगे, जब तक कि बंदी किये गये अन्य 52 बेकसूर राजाओं को भी रिहा नहीं किया जायेगा। अंततः जहांगीर को गुरु जी के साथ 52 बेकसूर राजाओं को भी कैद से छोड़ना पड़ा। इसके बाद जब गुरु हरगोविंद जी अमृतसर पहुंचे तो लोगों ने उनके स्वागत में घी के दीये जलाये गये। तब से सिख भी रोशनी पर्व 'बंदीछोड़ दिवस' के रूप में मनाते हैं।

धरती से असमान तक कचरें का कहर

प्रेम शर्मा

जमीन से आसमान तक कचरे का जो कहर बरस रहा है वह आने वाले समय में मानव जीवन बड़ी चुनौती बनने जा रहा है। वह एक ऐसी चुनौती होगी जिसका शायद मानव सामना करने में अपने आप को अक्षम पाएगा। एक अनुमान के मुताबिक साल 2050 तक कचरे का उत्पादन 3.78 बिलियन मीट्रिक टन होने का अनुमान है। यही नही समुद्र में हर साल लाखों मीट्रिक टन प्लास्टिक कचरा जाता है। अब बॉत कर ले अंतरिक्ष में कचरे की तो वहॉ भी स्थिति अब चुनौती पूर्ण होने जा रही है। इस समय चार हजार तीन सौ टन उपग्रहीय कचरा मौजूद है।दुनिया भर में धरती और असमान पर कचरे की वजह से प्रदूषण से लेकर अन्य गंभीर समस्याएं चुनौती बनी हुई हैं। मगर यह समस्या केवल धरती तक सीमित नहीं है। मनुष्य की गतिविधियां अंतरिक्ष में भी कचरा फैला रही हैं। विडंबना यह है कि इसकी चिंता वे बड़े देश भी नहीं कर रहे जो इसके लिए जिम्मेदार हैं। खासतौर पर अमेरिका, चीन, रूस और फ्रांस जैसे कुछ देशों ने जिस तरह प्रयोगों के मामले में होड़ मचाई है, उसी का नतीजा है कि आज अंतरिक्ष में हजारों टन कचरा पृथ्वी की कक्षा के लिए खतरा बन गया है। दूसरे ग्रहों पर जीवन और पानी खोज में या एक दूसरे की जासूसी के लिए सैन्य तथा दूरसंचार उपग्रह आज भी लगातार छोड़े जा रहे हैं। चिंता की बात है कि इनमें से ज्यादातर अपना निर्धारित समय पूरा होने के बाद कबाड़ में बदल जाते हैं। पृथ्वी की कक्षा में इनके आने से स्वाभाविक रूप से जोखिम बढ़ जाता है। इस समय अंतरिक्ष में बड़ी संख्या में निष्क्रिय उपग्रह और राकेट हैं जो आपस में टकरा कर न केवल अंतरिक्ष स्टेशन, बल्कि पृथ्वी के लिए भी खतरा बन सकते हैं। पचास के दशक में शुरू हुआ अंतरिक्ष युग का सुनहरा दौर एक बुरे सपने में बदल जाएगा, यह किसने सोचा था। पिछले दिनों एक अमेरिकी संचार उपग्रह के बीस टुकड़े में बंटने के बाद यह बहस हो रही है कि अब इसके कबाड़ का क्या होगा? अंतरिक्ष में कचरे की पहचान करउन्हें नष्ट करना आज भी वैज्ञानिकों के लिए चुनौती है। जितनी बड़ी संख्या में अंतरिक्ष कबाड़ खिसकते हुए पृथ्वी की कक्षा में चले आए है, वह सचमुच डरावना है। यह कचरा धरती पर गिरा तो भारी तबाही मच सकती है। अमेरिकी संचार उपग्रह इंटेलसैट-33 ई का अपनी कक्षा में टूट जाना कोई सामान्य घटना नहीं। चिंताजनक यह है कि इसके मलबे के इतने हिस्से बने होंगे कि इसको देख पाना भी मुश्किल होगा। यह अकेली घटना नहीं है। इससे पहले भेजे गए कई उपग्रह प्रयोग में आने के बाद कबाड़ हो चुके हैं। नासा का कहना है कि बीस हजार से अधिक कबाड़ पृथ्वी की कक्षा में घूम रहे हैं।सवाल यह है कि जिन देशों की वजह से अंतरिक्ष में मलबा जमा हो रहा है, उनकी कोई दम जिम्मेदारी है कि नही ?दरअसल, अंतरिक्ष में एकत्रित हो रहा कचरे का ढेर भविष्य में धरती पर रह रहे लोगों के साथ-साथ यहां सक्रिय तमाम उपग्रहों, अंतरिक्ष यात्रियों और अंतरिक्ष स्टेशन के लिए भी बेहद घातक साबित हो सकता है। इतना ही नहीं, इससे हमारी संचार व्यवस्था के भी प्रभावित होने का खतरा पैदा हो सकता है। ऐसे में जिस तरह से आज आधुनिक तकनीक आधारित तमाम गैजेट्स हमारी दिनचर्या का हिस्सा बन गए हैं, उससे अलग तरह के नुकसान की आशंका भी हो सकती है। इंसान विज्ञान के जरिये अपनी सुविधाएं बढ़ा रहा है लेकिन उसका ध्यान इस बात पर नहीं जा रहा है कि इससे धरती की क्या हालत हो रही है. आपने धरती पर तो कूड़ा-कचरा फैला हुआ बहुत बार देखा होगा. सामान्य कचरे से लेकर इलेक्ट्रिक कचरे तक ने धरती की सेहत खराब कर दी है लेकिन आज हम आपको दिखाते हैं कि इंसान ने अंतरिक्ष में भी कितना कचरा फैला रखा है.इस समय पृथ्वी के ऑर्बिट में करीब नौ हजार सैटेलाइट्स मौजूद हैं. 2030 तक इनकी संख्या साठ हजार होने की उम्मीद है. ये सैटेलाइट्स कई बार स्पेस में आपस में टकरा जाते हैं. इसी वजह से स्पेस में कचरा जमा हो जाता हैएक हालिया रिपोर्ट में केवल एक वर्ष में वैश्विक स्तर पर 62 मिलियन मीट्रिक टन ई-कचरा उत्पन्न होने की बात सामने आई है, यह आंकड़ा 2030 तक एक तिहाई बढ़कर 82 मिलियन मीट्रिक टन तक पहुंचने का अनुमान है।. कुल मिलाकर धरती से लेकर असमान तक जो कचरा हम बढ़ाते जा रहे है वह आने वाले समय में हमारे विकास का नही विनाश का कारण बनने को तैयार है।

मेष:- प्रतिभाओं के बावजूद हीनभाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें। सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी।

बृषभ:- किसी कार्य में सफलता से उत्साह में वृद्धि होगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। परिश्रम से आर्थिक लाभ मिलेगा।

मिथुन:- नीरस स्वभाववश रचनात्मक योजनाओं को सार्थक करने में असमर्थ होंगे। सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। समस्याओं के समाधान से उत्साह में वृद्धि होगी।

कर्क:- काफी दिनों से अवरोधित कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने के आसार बनेंगे। काफी दिनों से प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। शिक्षा की दिशा में किया गया प्रयत्न सार्थक होगा।

सिंह:- अच्छे कायरें से परिजनो के दिल में जगह बनायें। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। महत्वपूर्ण कायरें में लापरवाही न करें। जीवनसाथी के स्वास्य के प्रति सचेत रहें।

कन्या:- कर्जदारों से मन परेशान होगा। नये क्षेत्रों में प्रयास से लाभ संभव। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ होगा। नये संबंधों के सहयोग से आर्थिक कठिनाइयां दूर होंगी। प्रणय संबंध के प्रति प्रगाढ़ता बढ़ेगी।

तुला:- भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अतः व्यावहारिक बने। भविष्य संबंधी कुछ चिंतायें मन पर प्रभावी होंगी। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न बरतें। कल्पनाओं में जीना छोड़े।

वृश्चिक:- किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। सकारात्मक सोच अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें। परिजनो के अनुकूल चलने की चेष्ठा करें।

धनु:- संवेदनील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

मकर:- नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। नये कायरें के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। घर में खुशहाल वातावरण रहेगा।

कुंभ:- कुछ व्यासायिक कारणों से घर से दूर रहना पड़ सकता है। परिजनों की सुख-सुविधा के प्रति मन चिंतित होगा। मस्त-मौला मन ब्यर्थ के कायरे में समय जाया कर महत्वपूर्ण कायरे के प्रति लापरवाह होगा।

मीन:- थोड़ा संयमी व धैर्यवान बने। भाग्य से प्राप्त अच्छी-बुरी सभी स्थितियों के मध्य समझौतावादी रवैया आपनायें। कुछ नई व्यस्तताएं सामने आएंगी। महत्वपूर्ण दायित्वों की पूर्ति हेतु प्रयत्न तीव्र होगा।

भारत से सीखा परोपकार सारे विश्व ने

आर.के. सिन्हा

रतन टाटा के निधन के पश्चात उनके परोपकारी कामों की विस्तार से चर्चा हो रही है। वैसे, जरा गौर करें तो न केवल टाटा समूह, बल्कि भारत के हरेक छोटे-बड़े लाखों कारोबारी या उद्योगपति अपने स्तर पर कुछ न कुछ परोपकार से जुड़े कामों में लगे हुए ही मिल जायेंगे । यह कहना सरासर गलत होगा कि परोपकार की भावना हमने यूरोप से सीखी है। यह कुछ नासमझ अज्ञानियों का प्रचार भर है । भारत में परोपकार की परंपरा प्राचीन काल से ही गहरी जड़ें जमाए हुए है। हम सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे संतु निरामया में विश्वास करने वाले हैं । अभी भी आपको पहली रोटी गौ माता को में विश्वास करने वाले लाखों लोग मिल जायेंगे । धर्म, संस्कृति और समाज के हरेक पहलू में दान, सेवा और परोपकार का महत्त्वपूर्ण स्थान रहा है। वेद और उपनिषद जैसे ग्रंथों में परोपकार को ष्दानष् और ष्सेवाष् के रूप में वर्णित किया गया है। हिन्दू धर्म में दान और सेवा का बहुत बड़ा महत्व है। ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ और संन्यासरू इन चार आश्रमों में से वानप्रस्थ और संन्यास आश्रमों में परोपकार को ही जीवन का मुख्य लक्ष्य माना गया है। जैन धर्म में ष्दानष् को ष्अहिंसाष् के सिद्धांत के साथ जोड़ा गया है। भारत भूमि की देन बौद्ध धर्म में भी ष्दानष् का खासा महत्व है जो सभी प्राणियों के कल्याण के लिए होता है। भगवान बुद्ध ने अपने जीवनकाल में दान, सेवा और अहिंसा का मार्ग दिखाया। गांधी जी ने ष्सर्वोदयष् के सिद्धांत पर बल दिया और ग्रामीणों की सेवा और विकास के लिए जीवन भर काम किया। मदर टेरेसा ने भी गरीबों, बीमारों और जरूरतमंदों की सेवा करके मानवता की सेवा की। रतन टाटा की तरह बिड़ला समूह , अजीम प्रेमजी, नंदन नीलकेणी, शिव नाडार जैसे सैकड़ों उद्योगपति परोपकार से जुड़े कार्यों के लिए हर साल हजारों करोड़ रुपया दान देते हैं। भारत के कारोबारियों के डीएनए में ष्समाज सेवाष् है। टाटा समूह के संस्थापक जमशेदजी टाटा की दूरदृष्टि से स्थापित इस समूह ने शुरू से ही समाज सेवा को अपने कार्यों का अभिन्न अंग बनाया है। जमशेद जी के परोपकार के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद थे, जिसे अब उनकी तीसरी पीढ़ी भी निभा रही है ।इसी तरह जिस फक्कड़ संन्यासी के आशीर्वाद से घनश्याम दास बिड़ला ने अपना उद्योग जमाया, उस संन्यासी के आशीर्वाद से करनी और बरनी का काम आज भी बिड़ला समूह अपना रहा है । यह अपने धर्मार्थ कार्यो के माध्यम से भारत में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में सकारात्मक प्रभाव डालता है, जो देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। जमशेदजी टाटा को यह प्रेरणा स्वामी विवेकानंद जी से ही प्राप्त हुई थी । शिकागो के सर्व धर्म सम्मेलन में जाने के पूर्व जब वे दक्षिण भारत का भ्रमण कर रहे थे तो उन्हें यह बात खली कि दक्षिण भारत में विज्ञान की उच्चतर शिक्षा प्रदान करने वाला कोई संस्थान नहीं है ।तब उन्होंने विचार किया कि इस काम में टाटा स्टील के संस्थापक जमशेदजी नसरवानजी टाटा उपयुक्त व्यक्ति होंगें और उन्होंने शिकागो जाने के पूर्व उन्हें एक पत्र लिखा ।स्वामीजी ने टाटा को लिखा कि आप बिहार के जमशेदपुर से अच्छा पैसा कमा रहे हो। मेरी शुभकामना है कि और ज्यादा धन अर्जित करो और ज्यादा लोगों को रोजगार दो । लेकिन, विज्ञान की उच्चतर शिक्षा से वंचित दक्षिण भारत की भी थोड़ी चिंता करो और दक्षिण भारत में कहीं भी विज्ञान की ऊँची पढाई और रिसर्च का कोई बढ़िया संस्थान स्थापित करो । मैं जानता हूँ कि तुम यह कर सकते हो और विश्वास ही कि तुम ऐसा ही करोगे । स्वामी विवेकानंद जी की इस प्रेरक चिट्ठी पढ़ने के बाद जमशेदजी इतने प्रेरित हुए कि उन्होंने बैंगलुरु में तत्काल ही एक विज्ञान का बढिया संस्थान शुरू कर दिया जो आज इण्डियन इंस्टिट्यूट ऑफसाइंस के नाम से विश्व विख्यात हैं और जो प्रतिभाशाली बच्चे वैज्ञानिक बनाना चाहते है, या रिसर्च या अध्यापन कार्य में अपना करियर बनाना चाहते हैं वे किसी भी आईआईटी में जाने से ज्यादा आईआईएस में जाना ज्यादा पसंद करते हैं। महात्मा बुद्ध, गुरु नानक, और अन्य संतों ने भी परोपकार पर जोर दिया। मध्ययुगीन भारत में, राजाओं और धनिकों द्वारा अनेक धर्मार्थ संस्थानों की स्थापना की गई, जो स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, और गरीबों की सहायता के लिए समर्पित थे। आपको हरेक गांव, कस्बे, शहर वगैरह में गैर सरकारी प्रयासों से चल स्कूल, कॉलेज, धर्मशालाएं, लंगर और प्याऊ वगैरह मिल जाते हैं। स्वामी विवेकानंद ने ष्दीन-दुखिया जनष् के लिए सेवा को सर्वोच्च धर्म बताया। उनका मानना था कि सामाजिक सेवा ही सच्चा धर्म है। विवेकानंद ने सर्वधर्म समभाव और मानवतावाद का संदेश देते हुए, हर व्यक्ति के कल्याण के लिए काम किया। उन्होंने रामकृष्ण मिशन की स्थापना की, जो आज भी भारत में विभिन्न क्षेत्रों में सामाजिक सेवाएं प्रदान करता है। अभी कुछ दिन पहले शारदीय नवरात्र समाप्त हुए। इस दौरान देश की राजधानी दिल्ली समेत देश के तमाम शहरों में भंडारे चलते रहे । आप कह सकते हैं इस दौरान भंडारों की बहार थी। सब भंडारे के प्रसाद को प्रसन्नता पूर्वक ग्रहण कर रहे थे। भंडारों में समाज वादी व्यवस्था वास्तव में बहुत प्रभावशाली होती है। भंडारों में प्रसाद के रूप में बंटते हैं छोले,कुलचे,हलवा,पूढ़ी-आलू, ब्रेड पकोड़ा आदि। कुछ भंडारों में खीर का प्रसाद भी वितरित होता है। देश की राजधानी दिल्ली भंडारों की भी राजधानी है। कहने वाले कहते हैं कि कैसेट किंग गुलशन कुमार ने भंडारा संस्कृति का पुनर्जागरण किया था। उन्होंने वैष्णो देवी में भंडारे का आयोजन शुरू किया था। तब दिल्ली वाले वैष्णो देवी में जाकर गुलशन कुमार की तरफ से चलने वाले भंडारे में भोग अवश्य लगाया करते थे। यहां से ही भंडारा संस्कृति न पैर जमाए थे। भंडारे के प्रसाद की बात ही अलग होती है। इसका स्वाद अतुल्नीय होता है। ये भंडारे की महिमा ही मानी जाएगी। भंडारा अपने आप में जात-पात और वर्ग की दीवारों को तोड़ता है।

इसमें सब प्रेम से प्रसाद लेते हैं। भंडारे का प्रसाद पूरे अनुशासन से लिया जाता है। कनॉट प्लेस में रोज हजारों लोग नवरात्रों के दौरान भंडारे का प्रसाद खाते हैं।जो भंडारा आयोजित करते हैं, वे या तो हनुमान मंदिर के आगे से प्रसाद खरीद कर बांट देते हैं या फिर खुद ही कहीं से बनवा कर लाते हैं। भंडारों की एक खास बात ये भी है कि इनसे प्रसाद हिन्दू, मुसलमान,सिख, ईसाई सब ग्रहण करते हैं। साउथ दिल्ली के पिलंजी गांव में कुछ युवकों ने कुछ साल पहले 'बालाजी कुनबा' नाम से एक संगठन स्थापित किया। इसका मकसद है भूखों की भूख मिटाना। ये हर रोज एम्स, सफदरजंग अस्पताल, राम मनोहर लोहिया अस्पातल के आगे बिहार, उड़ीसा, मध्य प्रदेश वगैरह से रोगियों के साथ आए तीमारदारों को भरपेट भोजन करवाते हैं। कौन हैं बालाजी कुनबा के सदस्य? यह सब हनुमान जी के भक्त हैं। इनकी कारों पर हनुमानजी की तस्वीर वाला एक बैनर लगा होता है। जिस पर श्बालाजी कुनबा- एक परिवार भूख के खिलाफश् लिखा रहता है। भंडारे के लिए पैसे का जुगाड़ पिलंजी गांव के लोग ही करते हैं। यह अधिकतर गुर्जर समाज से संबंध रखते हैं। आप भंडारा संस्कृति को भी तो जन सेवा ही कहेंगे। क्या अब भी किसी को बताने की जरूरत है कि परोपकार औस समाज सेवा तो हरेक भारतीय के जीवन का हिस्सा है। यकीन मानिए आपको अमेरिका या यूरोप में कहीं कोई भंडारा नहीं मिलेगा। अब आप भारत और यूरोप अंतर को समझ गए होंगे।

(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)

व्यापारी नेताओं ने कोतवाल को राधा कृष्ण की प्रतिमा भेंटकर किया सम्मान

महराजगंज-रायबरेली। अखिल भारतीय व्यापार मंडल नगर इकाई महराजगंज के पदाधिकारीयों ने नवागंतुक कोतवाल जगदीश यादव से मुलाकात की तथा उन्हें राधाकृष्ण की प्रतिमा भेंट की और कानून व्यवस्था के बारे में चर्चा की। कोतवाल ने सभी व्यापारियों को आस्वस्थ करते हुए कहा कि, आप अपने प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरा जरूर लगवाएं। कोतवाल ने कहा कि, कोतवाली पुलिस हमेशा व्यापारियों समेत क्षेत्र की जनता की सुरक्षा में 24 घंटे तत्पर रहती है। कहीं पर भी कोई अराजक तत्व दिखे तो इसकी सूचना पुलिस को दी जाए। इस मौके पर संरक्षक मातादीन पासी, मुकेश मोदनवाल, मोहित सोनी, नगर अध्यक्ष रिंकू जायसवाल, अंजनी वैश्य, आदर्श वैश्य आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

बीडीओ ने विकास कार्यों का लिया जायजा

महराजगंज-रायबरेली। अमावां खंड विकास अधिकारी संदीप सिंह ने ग्राम पंचायत में हो रहे विकास कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान इंटरलॉकिंग का काम संतोषजनक न होने पर संबंधित को कड़ी फटकार लगाई और पुनरू काम करने के लिए आदेशित किया। खंड विकास अधिकारी अमावां संदीप सिंह विकासखंड क्षेत्र के बीबीपुर में चरागाह, मेड़बन्दी, आंगनबाड़ी केंद्र के कार्यों को देखा तथा उपस्थित कर्मचारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने लोधवामऊ ग्राम पंचायत में पहुंचकर आंगनवाड़ी व सिंचाई नाली के हो रहे कार्यों की समीक्षा की तथा जरूरी दिशा निर्देश दिए। इसी क्रम में उन्होंने हिलगी ग्राम पंचायत में तालाब को देखा व इंटरलॉकिंग की एजिंग का कार्य संतोषजनक न पाए जाने पर खंड विकास अधिकारी ने कर्मचारियों को जमकर फटकार लगाई और कार्य को सही करने के लिए आदेशित किया व रोजगार दिवस मनाते हुए उनके जॉब कार्ड का अद्यतन व मनरेगा स्थलों पर पीने का पानी व मेडिकल किट रखे जाने के लिए निर्देशित किया।

न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सलेथू में हुयी अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी

महराजगंज-रायबरेली। क्षेत्र के न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सलेथू में अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे। अभिभावकों ने अपने पाल्यों के क्रियाकलापों व प्रगति पर कक्षा- अध्यापक और विषय- अध्यापकों से चर्चा करते हुए परिणामों की समीक्षा की। शिक्षा को बेहतर बनाने के हेतु महत्वपूर्ण सुझाव भी साझा किए जो छात्रों की शिक्षा को बेहतर बनाने में सहायक सिद्ध हो सकते हैं।कार्यक्रम में विद्यालय के छात्रों ने विज्ञान प्रदर्शनी लगाई, जिनमें विभिन्न विषयों पर मॉडल व प्रोजेक्ट प्रस्तुत किये तथा इनके बारे में अभिभावकों को अवगत कराया। अभिभावकों ने छात्रों द्वारा किए गए इन प्रयासों की सराहना की गई। विद्यालय प्रधानाचार्य राजीव सिंह ने सभी अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर विद्यालय की उप- प्रधानाचार्या रजनी श्रीवास्तव, अध्यापक अध्यापिकाएं, छात्र-छात्राएं व अभिभावक उपस्थित रहे।

दीवान से दरोगा बने नरेंद्र मिश्रा के लगाए गए स्टार

हरचंदपुर-रायबरेली। थाने में तैनात दीवान अब दरोगा बनकर कमान संभालेंगे दरोगा बनने के बाद थाने में तैनात थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने दीवान नरेंद्र मिश्र को स्टार लगाये और बगल में पड़ी कुर्सी पर बैठकर मिठाई खिलाई इंस्पेक्टर संतोष कुमार, उप निरीक्षक मिठाई लाल व पुलिस कर्मी सहित स्वागत किया व बधाई दी।

भारतीय बेलदार मजदूर महासभा कार्यक्रम का हुआ बैठक

गोरखपुर। जिले के विधानसभा खजनी में भारतीय बेलदार मजदूर महासभा के तत्वाधान में सरस्वती मैरिज हॉल महादेवा बाजार में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में बेलदार समाज के बारे में बताया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धनघटा विधानसभा के पूर्व विधायक अलगू प्रसाद चौहान, वशिष्ठ अतिथि खजनी विधानसभा के प्रत्याशी रूपवती बेलदार के द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बेलदार समाज की नई पार्टी का गठन कर शासन सत्ता में अपनी हिस्सेदारी और भागीदारी लेना, बेलदारों की बेलदारी दो नही तो कुर्सी खाली करो, सामाजिक न्याय समिति की रिपोर्ट लागू हो, लेबर एक्ट में परिवर्तन किए गए लेबर के हक अधिकार को वापस करो। इस अवसर पर उपस्थित बेलदार समाज के लोग राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र बेलदार , राष्ट्रीय महासचिव राम भजन लाल बेलदार , राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रामसूरत बेलदार प्रदेश अध्यक्ष गोविंद चौहान , हरिद्वार , रामप्रीत सतपाल व्यास बेलदार हीरालाल बेलदार विधानसभा अध्यक्ष सुनील यादव, राजू , पुष्पा चौहान सुधा बेलदार इंद्रावती सैकड़ो की संख्या में इत्यादि लोग मौजूद रहे।

''राम की चिरैय्या रामै कै खेत, खाऊ रे चिरैया भरि-भरि पेट''

● भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रहा महराजगंज-इन्हौना मार्ग पुनर्निर्माण, जिम्मेदारों रटे रटायें बयान देने से ग्रामीणों में आक्रोश

महराजगंज-रायबरेली। राम की चिरैय्याश् रामै कै खेत, खाऊ रे चिरैया भरि-भरि पेट की तर्ज पर भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रहे महराजगंज इन्होंने मार्ग के नवीनीकरण के लिए लगभग 20 साल के लंबे इंतजार और कई बार सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा हप्तो चले धरना प्रदर्शन के बाद बदहाल और टूटे हुए मार्ग के जब बनने का समय आया तो जिम्मेदार अपनी खाली तिजोरियां भरने में जुट गए हैं। सड़क निर्माण में लोक निर्माण विभाग और ठेकेदार की मिली भगत के चलते निर्माण कार्य में जमकर धांधली हो रही है। स्थानीय ग्रामीणों ने रविवार सुबह जमकर हंगामा काटा और विरोध प्रदर्शन कर पीडब्लूडी विभाग मुर्दाबाद के नारे लगाए।बाबा राम केवल अनशनकारी की भूख हड़ताल, पूर्व विधायक रामलाल अकेला का धरना प्रदर्शन तथा सामाजिक कार्यकर्ताओं के द्वारा लगातार सड़क के पुनर्निर्माण के अलावा सपा विधायक श्याम सुंदर भारती के द्वारा विधानसभा में उठाई गई आवाज और चेतावनी तथा उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री दिनेश प्रताप सिंह के अथक प्रयासों के बाद स्वीकृत महराजगंज इन्हौना मार्ग पर मानक विहीन कार्य करवाया जा रहा है। जिसको लेकर आज रविवार को मुरैनी ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रणविजय सिंह एडवोकेट के नेतृत्व में क्षेत्र के सैकड़ो ग्रामीणों ने कार्यस्थल पर पहुंचकर हंगामा काटना शुरु कर दिया और गुणवत्तापूर्ण सड़क बनाने की पुरजोर मांग करने लगे। ग्रामीणों द्वारा कार्य स्थल पर हंगामे की बात पता चलते ही लोनिवि विभाग के अधिकारियों के हाथ पांव फूल गए और आनन-फानन पहुंच कर ग्रामीणों को समझाने बुझाने का प्रयास किया, किंतु ग्रामीणों ने एक नहीं सुनी। ग्रामीणों ने विभाग के अधिकारियों को चेतावनी दी है कि, यदि महराजगंज इन्हौना मार्ग का मानक के अनुरूप कार्य नहीं कराया गया तो वह हजारों लोगों के साथ धरना प्रदर्शन को बाध्य होंगे, जिसकी समस्त जिम्मेदारी पीडब्ल्यूडी विभाग की होगी। मानक विहीन सड़क निर्माण से ग्रामीणों में आक्रोश है। आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क निर्माण बंद कराते हुए कार्य की जांच कराने की मांग की है। 17.200 किमी. महराजगंज इन्हौना मार्ग, महराजगंज से इन्हौना होते हुए फैजाबाद मार्ग को जोड़ता है। (17.200 किमी. लंबी सड़क) ध्वस्त हो चुकी थी। मार्ग ध्वस्त होने के बाद इसके नवीनीकरण के लिए सामाजिक कार्यकर्ताओं, संतों एवं नेताओं ने कई बार आवरण अनशन, धरना प्रदर्शन के साथ-साथ लिखा पढ़ी करके मांग उठाई थी। इसके अलावा मौजूदा सपा विधायक श्याम सुंदर भारती ने महराजगंज इन्हौना मार्ग के पुनर्निर्माण (नवीनीकरण) को लेकर विधानसभा में आवाज उठाई थी, जिसके बाद मार्ग के पुर्ननिर्माण को लोक निर्माण विभाग से प्रस्तावित किया गया। 17.200 किलोमीटर लंबे मार्ग के नवीनीकरण के लिए 36 करोड़ रुपए अवमुक्त हुए हैं। धनराशि अवमुक्त होने के बाद विभाग ने निविदा के माध्यम से ठेकेदार का चयन किया। ठेकेदार की ओर से लगभग 6 सप्ताह पूर्व से ही महराजगंज इन्हौना मार्ग के नवीनीकरण का काम शुरू हुआ। शुरू हुए काम को देखने के लिए मुरैनी ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रणविजय सिंह एडवोकेट के नेतृत्व में शनिवार की रात और आज रविवार को ग्रामीण सड़क पर पहुंचे तो वहां काम मानक विहीन होता मिला। मानक विहीन काम देख ग्रामीण आक्रोशित हो गए। आक्रोशित रणविजय सिंह एडवोकेट सहित कपिल गोस्वामी, शैलेंद्र सिंह उर्फ सिंपल एडवोकेट, शैलेंद्र सिंह जनई, रोहित शुक्ला, भानु प्रताप सिंह, अंकित कुमार, रोहित शुक्ला, मोहन सिंह, पवन सिंह, देशराज सिंह, मंगल, रोहित, राजेश, दिवाकर तिवारी, कप्तान सिंह, बबलू सिंह, अमित सिंह, पीयूष, रजनीश यादव, वसीम खान, जीतू, दिनेश मिश्रा, अमित तिवारी, ज्योति प्रकाश अवस्थी एडवोकेट, जयभद्र सिंह समेत अन्य ग्रामीणों का कहना है कि, सड़क पर बिना आमर्शल डाले ही डीबीएम मानक विहीन कार्य किया जा रहा है, तथा मोटाई मानक 50 एमएम की जगह 40 एमएम की ही करवाई जा रहा है। ऐसे में सड़क के पुनर्निर्माण का कोई औचित्य नहीं है, इसके बनने के 2 महीने बाद ही सड़क ध्वस्त हो जाएगी। इससे अच्छा तो महराजगंज इन्हौना मार्ग का पुनर्निर्माण ही न हो। यह कहते हुए ग्रामीणों ने कार्य को बंद करवा दिया। ग्रामीणों द्वारा मानक विहीन सड़क निर्माण का काम बंद कराने के कुछ ही घंटों बाद पीडब्ल्यूडी विभाग के जिम्मेदारों के हाथ पांव फूल गए और एक्सईएन महिपाल सिंह, एई राजेश यादव तथा जेई ओपी गौंड जांच करने मौके पर पहुंचे, जहां आक्रोशित ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि, पीडब्ल्यूडी विभाग की यह कार्यशैली भ्रष्टाचार को प्रोत्साहित कर रही है। मामले में एक्सईएन महिपाल सिंह बगले झांकते नजर आए, वह ग्रामीणों का सामना नहीं कर सके और अपना रटा-रटाया बयान दिया। उन्होंने कहा कि, महराजगंज इन्हौना मार्ग 2 साल के अथक प्रयासों से कार्य विशिष्टों के अनुरूप ही किया जा रहा है। जहां प्रोविजन सीसी का है वहां सीसी कर दी गई है, उसमें पूरी गुणवत्ता का ध्यान रखा गया है, यहां पर उनका स्टाफ रहता है। यह कार्य पूरी गुणवत्ता से किया जा रहा है। जहां कहीं जो भी कमी होगी, गुणवत्ता में सुधार किया जाएगा।

जिला विकास एवं समन्वय अनुश्रवण समिति बैठक पांच को

रायबरेली। केंद्रीय योजनाओं की समीक्षा के लिए जिला विकास एवं समन्वय अनुश्रवण समिति (दिशा) की बैठक पांच नवंबर को होगी। करीब सवा दो साल बाद होने जा रही इस बैठक में नेता प्रतिपक्ष और सांसद राहुल गांधी शामिल होंगे। उनके साथ अमेठी के सांसद केएल शर्मा भी मौजूद रहेंगे। जिले स्तर पर सांसद की अध्यक्षता में हर तीन माह में दिशा की बैठक की व्यवस्था है। दिशा में जिले का सांसद सभापति होता है और विधायक, एमएलसी व ब्लॉक प्रमुख सदस्य होते हैं। पिछली बैठक पूर्व केंद्रीय मंत्री व अमेठी की सांसद रहीं स्मृति ईशनी की अध्यक्षता में 28 अगस्त 2022 को हुई थी। तब से अब तक बैठक नहीं कराई गई। केंद्र में नई सरकार के गठन के बाद नेता प्रतिपक्ष व सांसद राहुल गांधी को रायबरेली दिशा का सभापति बनाया गया है। वहीं, अमेठी में उन्हें दिशा के लिए विशेष आमंत्री नामित किया गया है। राहुल गांधी ने आगामी पांच नवंबर को बैठक के लिए स्वीकृति दी है। उम्मीद है कि वह उसी दिन अपने संसदीय क्षेत्र में आएंगे और बैठक में शामिल होकर केंद्रीय योजनाओं की समीक्षा करेंगे। बैठक की तारीख तय होने के बाद डीआरडीए में तैयारियां शुरू हो गई हैं।

प्रभात साहू ने झंडी दिखाकर बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का किया शुभारंभ

महराजगंज-रायबरेली। ब्लॉक स्तरीय बेसिक बाल क्रीडा प्रतियोगिता का आयोजन बबुरिहा मैदान में किया गया। जिसमें सभी न्याय पंचायतों के प्राथमिक व जूनियर वर्ग के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत सदस्य व भाजपा नेता प्रभात साहू ने प्राथमिक वर्ग की 100 मीटर दौड़ को हरी झंडी दिखाकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि, खेल से बच्चों की प्रतिभा में निखार आता है। सीमित संसाधनो में जिस प्रकार बेसिक शिक्षकों ने इस कार्यक्रम का आयोजन किया, वह बधाई के पात्र हैं। खेलों को संपन्न कराने में सभी खेल अनुदेशकों ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। सभी विजेता खिलाड़ियों को खण्ड शिक्षा अधिकारी राम मिलन यादव ने पुरस्कृत किया। ब्लाक स्तरीय प्रतियोगिता में हलोर न्याय पंचायत के छात्र-छात्राएं ओवरआल चौंपियन रही। वहीं कोटवामदनिया न्याय पंचायत के छात्र-छात्राएं उपविजेता रही। इस मौके पर राष्ट्रीय शैक्षिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष मधुकर सिंह, प्रदीप चौरसिया, सुरेंद्र शर्मा, दिलीप अवस्थी, दयाशंकर अवस्थी, शालिनी पाण्डेय, निवेश, संतोष गुप्ता सहित सभी खेल अनुदेशकों व नोडल शिक्षकों की उपस्थिति रही।

दम तोड़ रहा है शासन का बिना मान्यता वाले स्कूलों पर कार्रवाई का आदेश

नसीराबाद-रायबरेली। शासन का बिना मान्यता वाले विद्यालयों पर कठोर कार्रवाई का आदेश है लेकिन विकास खंड छतोंह में यह आदेश हवा हवाई साबित हो रहा है बिना मान्यता के चल रहे विद्यालयों पर प्रभावी कार्रवाई न होने से प्रत्येक शिक्षा सत्र में नए विद्यालय खुल जाते हैं जिले का शिक्षा तंत्र मकड़ जाल की तरह फैले प्राइवेट विद्यालय बने कमाई का जरिया गरीब जनता को लूटने और चूसने में जुटे विद्यालय संचालक और प्रबंधक क्षेत्र में दर्जनों से ज्यादा ऐसे विद्यालय जो पांचवी और आठवीं तक मान्यता प्राप्ति हैं लेकिन पैसो की लालच और हवश के चलते हाई स्कूल और इंटर तक करते हैं संचालन गैर जनपद से फार्म भरवा कर पास करवाने का लेते हैं ठेका बड़ी ही विडंबना की बात है कि जिम्मेदार कार्रवाई करने के बजाय ठोंकते है सलामी क्योंकि लाखों में बंधी है माहवारी हमारे देश में शिक्षा कहने के लिए नहीं ग्रहण करने के लिए पहला स्थान माना जाता है अगर बात छतोह की जाय तो जहां शिक्षा का मन्दिर अब मन्दिर नहीं बल्कि दुकान जैसे खोलकर बैठे विद्यालय संचालको के लिए एक कमाई का जरिया बन गया है छतोह क्षेत्र में प्राईवेट विद्यालय संचालको की मनमानी इस कदर हावी है कि किसी से बयां करने लायक नहीं है हद की बात तो यह है कि इन लूटेरो की तरफजिम्मेदार अधिकारी और नेता भी चुप्पी साधे हैं सबसे बड़ी बात की प्रदेश और देश की न्यायालय के न्यायाधीशगणो का भी ईन लुटेरो की ओर ध्यान नहीं आ रहा है जबकि कांपी कलम ड्रेस सब कुछ स्कूल के फरमान पर ही जारी होता है इतना ही नहीं महंगी फीस गरीब जनता अपने बच्चों को पढ़ाने लिखाने के लिए सब कुछ न्यौछावर कर देती है जो नहीं करना चाहिए अगर किन्हीं कारणों से छात्र और छात्राएं दो माह की फीस जमा करने में नाकाम हो जाए तो विद्यालय संचालक गेट से बाहर करने में तनिक भी देरी नहीं लगाते हाई स्कूल और इन्टरमीडिएट की परीक्षा अगले वर्ष 2025 मे है इनकी गुंडागर्दी इस तरह सामने आएगी कि जो छात्र छात्राएं फीस जमा करने में लाचार है उनको प्रवेश पत्र नहीं देंगे जबकि हाई कोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट ने यह सांफतय कर दिया है कि फीस जमा ना होने पर किसी का प्रवेश पत्र रोका न जाए इस बाबत खंड शिक्षा अधिकारी विजय प्रकाश का कहना है कि मैंने नोटिस दिया था इस समय फिर सुनने में आ रहा है इसकी चेकिंग कराई जाएगी जो चला रहे हैं उनके ऊपर कार्रवाई की जाएगी।

राम आसरे त्रिवेदी बने भारतीय पत्रकार कल्याण परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष

उरई-जालौन। ग्राम मौखरी में कारसदेव बाबा के देवस्थान पर भारतीय पत्रकार कल्याण परिषद (रजिस्टर्ड) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री भीम सिंह यादव की अध्यक्षता में परिषद की कोर कमेटी की बैठक संपन्न हुई। जिसमें आवश्यक विन्दुओं पर विचार विमर्श किया गया। परिषद की कोर कमेटी की बैठक में भारतीय पत्रकार कल्याण परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्व.मुन्नालाल चौरसिया की उत्तराधिकारी पत्नी श्रीमती शशि चौरसिया द्वारा कोर कमेटी की आम सहमति पर राम आसरे त्रिवेदी वरिष्ठ पत्रकार उरई जनपद जालौन को तत्काल प्रभाव से राष्ट्रीय अध्यक्ष भारतीय पत्रकार कल्याण परिषद नियुक्त किए जाने पर हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी गई। बैठक में सर्वसम्मति से तय हुआ कि नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष एक सप्ताह में राष्ट्रीय कार्यकारिणी का गठन करेंगे तथा संगठन को सुचारु रूप से संचालन हेतु अन्य विन्दुओं पर भी विचार विमर्श हुआ।बैठक में विचार व्यक्त करते हुए राकेश त्रिवेदी ने कहा कि संगठन को अधिक गतिशील बनाना है इस लिए प्रभावी कार्रवाही अपेक्षित है। परिषद के राष्ट्रीय महासचिव डा.महेश पाण्डेय (बजरंग) ने कहा कि नवनियुक्त अध्यक्ष श्री त्रिवेदी जिले के वरिष्ठ पत्रकार हैं।वे पत्रकारों की समस्याओं से भलीभांति परिचित हैं उनके नेतृत्व में संगठन सक्रिय भूमिका निभायेगा। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री भीम सिंह यादव ने कहा कि नवनियुक्त अध्यक्ष संगठन को सुचारु रूप से चलायेंगे। उनसे अपेक्षा है कि संगठन को गति शील बनाना है। वरिष्ठ पत्रकार गोपाल बाबू विश्नोई ने नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष को बधाई दी।बैठक का सफल संचालन श्री लालता प्रसाद यादव सैदनगर द्वारा किया गया।

अर्धरात्रि में अमावस्या तिथि 31 अक्टूबर को मनायी जायेगी दीपावली-अजय शुक्ल

सलेमपुर-देवरिया। सनातन धर्म व संस्कृति का प्रमुख पर्व दीपावली जो रावण को हराकर भगवान राम के अयोध्या नगरी लौटने पर उसकी खुशी में अयोध्या वासी मनाये थे, तभी से यह पर्व सभी हिंदुओ द्वारा मनाया जाने लगा। इस वर्ष पर्व को मनाने को लेकर लोगों में भ्रम की स्थिति व्याप्त हो गई है। आपको बता दें कि, इस पर्व को मनाने को लेकर स्थिति स्पष्ट करते हुए आचार्य अजय शुक्ल ने बताया कि, सभी पंचांग व ज्योतिष के अध्ययन करने के बाद यह तय हुआ है कि, कार्तिक मास के अमावस्या की शुरूआत 31 अक्टूबर को शाम 3 बजकर 52 मिनट पर हो रही है, तिथि का समापन 1 नवम्बर को शाम 6 बजकर 16 मिनट पर हो रहा है। अर्धरात्रि को अमावस्या तिथि 31 अक्टूबर को ही पड़ रही है, लक्ष्मी जी की पूजा इस समय करना ही विशेष फलदायी है। प्रदोष काल भी 2 घण्टे 24 मिनट तक 31 अक्टूबर को ही है। इस त्योहार को मनाने के लिए प्रदोष काल में अमावस्या तिथि होना जरूरी है। देश के किसी भी हिस्से में 1 नवम्बर को पूर्ण प्रदोष काल में अमावस्या तिथि की प्राप्ति नही हो रही है। इसलिए 1नवम्बर को शास्त्र के अनुसार दीपावली पर्व मनाना उचित प्रतीत नहीं हो रहा है। इसलिए निर्विवाद रूप से 31 को ही पूरे देश में दीपावली पर्व मनाया जाएगा।

बीडीओ वर्शा सिंह की अध्यक्षता में हुई नियमित टीकाकरण समीक्षा बैठक

महराजगंज-रायबरेली। ब्लॉक सभागार महराजगंज में बीडीओ वर्षा सिंह की अध्यक्षता में नियमित टीकाकरण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण, बच्चों का टीकाकरण तथा इनकार करने वाले परिवारों को जागरूक करने साथ-साथ सहयोग प्रदान करके टीकाकरण करने के लिए प्रेरित करने पर विशेष बल दिया गया।बीडीओ वर्षा सिंह ने बताया कि, 95 फीसदी से कम अच्छादन वाले क्षेत्रों में खसरा, रूबेला होने की आशंका बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि, प्राप्त दिशा निर्देशों के मुताबिक सबसे पहले ऐसे क्षेत्रों में सर्वे कर 5 साल तक के छोटे बच्चों की पहचान की जा रही है। उन्हें टीका लगाने का काम स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों द्वारा किया जा रहा है, साथ ही बुखार के साथ लाल चकता वाले मरीजों की खोजबीन भी की जा रही है।स्वास्थ्य विभाग से आए कर्मचारी ने बताया कि, नियमित टीकाकरण जागरूकता अभियान के अंतर्गत क्षेत्र के इंदौर ग्राम सभा में 6 परिवारों में तीन परिवारों का टीकाकरण किया गया है तथा तीन और परिवारों में बुखार संक्रमण की वजह से टीकाकरण अभी नहीं हो पाया है। इसी प्रकार जंगली डेरा गांव में भी छूटे 6 परिवारों में से तीन परिवारों का टीकाकरण किया जा चुका है, यहां भी तीन परिवारों में संक्रमण बुखार की वजह से अभी टीकाकरण नहीं हो पाया है। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, आईसीडीएस विभाग, होम मॉनिटरिंग, यूनिसेफ, डीएमसी, ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर एरो आदि मौजूद रहे।

नसीराबाद नगर पंचायत में बोर्ड की बैठक में सभासदों ने रखी वार्डो की समस्याएं

नसीराबाद-रायबरेली। नगर पंचायत नसीराबाद में बोर्ड की बैठक हुई संपन्न सलोन विधायक अशोक कुमार कोरी चेयरमैन मो.अली की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें वार्डो में आवश्यकतानुसार पेयजल, प्रकाश, साफसफाई और अन्य प्रकार के विकास कार्यों पर विचार विमर्श किया गया। सभासदों की मांग पर विधायक अशोक कुमार कोरी ने अगली बैठक सभागार में करवाने को कहा। सभासद तस्लीम की शिकायत थी कि नालियों में एंटीलार्वा का छिड़काव नहीं कराया जाता। विधायक ने अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार से सभी नालियों में एंटीलार्वा छिड़काव कराने का निर्देश दिया। वार्ड नंबर 10 और 15 में जिनको डस्टबिन नहीं मिला है, नगर पंचायत के कर्मचारी क्षेत्रीय सभासद को साथ लेकर बंटवाएं। वार्ड नंबर 12 व 14 में आरओ प्लांट न लगने की शिकायत की गई। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि पांच नये आरओ प्लांट स्वीकृत हैं जिन्हें उपयुक्त स्थानों पर लगवाया जायेगा। सभासद अरविंद कुमार ने बताया कि वार्ड नंबर छह में अकसर आरओ खराब रहने की शिकायत की नगर के सभी वार्डों में आवश्यकता अनुसार नये समरसेबल लगवाने और निरूशुल्क कनेक्शन देने को कहा। चेयर मैन ने सभी कनेक्शन में मीटर लगवाने का निर्देश देते हुए बताया कि तीन हजार लीटर पानी निःशुल्क रहेगा। अतिरिक्त उपयोग करने पर टैक्स जमा करना पड़ेगा।इसके अलावा समस्यग्रस्त वार्ड में पानी का टैंकर भेजने,मुख्य स्थानों पर सीसीटीवी कैमरा लगवाने, शिवनगर और अहमदनगर मुहल्ले में जल निकासी के लिए नाला बनवाने का प्रस्ताव रखा गया। सभासदों ने कहा कि पिछले वर्ष के प्रस्तावित कार्य नहीं कराए गए। चेयरमैन मोहम्मद फकिर के अनुरोध पर विधायक ने कस्बे में सरकारी राशन की तीन दुकानों के लिए जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिया और अधिशासी अधिकारी को पुराने पारित प्रस्ताव के कार्य पहले कराये जाने का निर्देश दिया। सभासद मोहम्मद एजाज ने प्रतिमाह डीजल व पेट्रोल तथा आउट आफ सोर्सिंग में काम करने वालों की संख्या और उन पर होने वाले खर्च का ब्यौरा मांगा। अधिकतर शौचालयों में ताला बंद रहने की शिकायत पर विधायक ने ईओ को चार सदस्यीय टीम बनाकर शौचालयों की जांच कराने को कहा। बैठक में लिपिक राम चंद्र, मनीष कुमार,मोहम्मद इस्लाम, मंजू देवी, मोहम्मद इस्माइल, आदि लोग मौजूद रहे।

33वें नेशनल बेंच प्रेस चौंपियनशिप: बछरावां की रोमा ने नया रिकॉर्ड बनाते हुए जीता स्वर्ण पदक

बछरावां-रायबरेली। स्थानीय नगर क्षेत्र के पटेल नगर कॉलोनी की रहने वाली रोमा सिंह ने 33वें नेशनल बेंच प्रेस चौंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीत कर क्षेत्र का ही नहीं जनपद सहित पूरे उत्तर प्रदेश का नाम रोशन किया है। रोमा की सफलता से पूरे क्षेत्र में हर्ष की लहर है। विदित हो कि दिन रविवार को रोमा अपने ग्रह जनपद के बछरावां कस्बे पहुंची जहां जनपद के सिंह द्वार पर स्थित चूरूवा मंदिर पर उन्होंने बजरंगबली के दर्शन किए और उनका आशीर्वाद लिया। तदुपरांत उनके पारिवारिक जनों सहित सैकड़ो की संख्या में महिलाओं व पुरुषों ने फूल मालाओं से लादकर उनका भव्य स्वागत किया गया और और वहां से राष्ट्रीय चौंपियन की गाड़ियों का काफिला बछरावां कस्बे के मुख्य चौराहे पर पहुंचां जहां पर व्यापार मंडल के अध्यक्ष सुनील सागर ने अपनी टीम के साथ चौंपियन का स्वागत किया। उसके बाद काफिला पटेल नगर कॉलोनी में पहुंचकर समाप्त हुआ। जहां पर रोमा सिंह के सम्मान में एक प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। आपको बताते चले कि गोवा के वास्को में स्थित रविंद्र भवन में 33वें नेशनल बेंच प्रेस चौंपियनशिप का आयोजन हुआ, जिसमें देश के अलग-अलग प्रान्तों से खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। 14 से 18 अक्टूबर तक आयोजित इस चौंपियनशिप में उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। इसी क्रम में जनपद रायबरेली के बछरावां के पटेल नगर कॉलोनी की रहने वाली रोमा सिंह ने जूनियर वर्ग के 47 किलोग्राम वर्ग में 57.5 किलोग्राम भार उठाकर स्वर्ण पदक जीतते हुए नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। बताते चले कि विगत वर्ष 2023 में इसी चौंपियनशिप के अंतर्गत बैंगलोर में रोमा सिंह ने नया नेशनल रिकॉर्ड बनाया था जिसमें 43 किलोग्राम वर्ग जूनियर में 55.5 किलोग्राम का भार उठाकर नया रिकॉर्ड कायम किया था और उन्होंने अपने ही द्वारा बनाए गए रिकार्ड को इस वर्ष गोवा में आयोजित चौंपियनशिप में तोड़ दिया। इस बारे में जब रोमा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि कुछ दो वर्ष पूर्व मै अपनी फिटनेस के लिए जिम गई और वहा पर मेरे कोच वेदांश गुप्ता जी ने मुझे देश के लिए खेलने के लिए प्रेरित किया। बाबा कृष्ण पाल सिंह, पिता राजू भदोरिया व माता ममता सिंह अपनी बेटी की सफलता पर बहुत खुश है उन्होंने बताया कि यह सब हमारी बेटी की कड़ी मेहनत का फल है। सम्मान समारोह में पूर्व विधायक रामलाल अकेला, नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह राम जी, अंबेश सिंह, विजयपाल यादव, मुकुट बिहारी मिश्रा, सत्येंद्र श्रीवास्तव, जयचंद तिवारी, सतीश तिवारी, सोनू सोनकर, जगजीवन बाबूजी सहित काफी संख्या में लोगों ने राष्ट्रीय चौंपियन रोमा को फूल मालाओं व बूके देकर सम्मानित किया और अपने-अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन भगवान कुमार अवस्थी ने किया। इस मौके पर रामू त्रिपाठी,अंशु पाल, शिव प्रसाद मिश्रा, अंकित अवस्थी, राहुल, प्रासू, विद्यावती पाल, पंकज सिंह, हिमांशु सहित भारी संख्या में समस्त कॉलोनी की महिलाएं व पुरुष सहित क्षेत्रीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

फसलों की उपयोगिता उत्पादन व बिक्री पर दी जानकारी

नसीराबाद-रायबरेली। विकास खंड छतोंह में मिलेट पुनरोद्धार योजना के अंतर्गत ब्लॉक संसाधन केंद्र छतोह में पचास अध्यापकों को प्रशिक्षण दिया गया। सेवानिवृत विषय वस्तु विशेषज्ञ अजेंद्र सिंह ने अन्न की खेती, सभी फसलों की उपयोगिता, उत्पादन और बिक्री संबधी पहलू पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सभी प्रकार के श्री अन्न में जल की आवश्यकता कम होती है। विशेषज्ञ डॉ रंजन द्विवेदी द्वारा बताया गया की श्री अन्न फसलों में ऐसे लाभदायक पोषक तत्व है जो हमे अनेकानेक बीमारी जैसे शुगर , बी पी हाइप्रीटेंशन, कोलेस्ट्रॉल जैसे बीमारियो को रोकथाम में सहायक होते है, श्री अन्न फसलों की बिक्री और उद्यमिता के बारे में बताया, और उससे बनने वाले पकवान जैसे सावा की खीर, रागी के लड्डू, बाजरे की खिचड़ी के बारे में जानकारी दी। छतोह के प्रभार

मानवाधिकार सुरक्षा परिषद ने झरिया विधायक को किया सम्मानित

तीसरा विकल्प न्यूज़ - ब्यूरो

झरिया धनबाद। राष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा परिषद् ने माननीय झरिया विधायक सह सचेतक श्रीमती पूर्णिमा नीरज सिंह को कतरास मोड़ स्थित कार्यालय पर स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र से सम्मानित किया, बता दें कि राष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा परिषद् एक प्रतिष्ठित समाजसेवी संस्था है जो स्वास्थ्य, शिक्षा एवं विविध सामाजिक सरोकारों में बेहतरीन कार्य करनेवाले समाजसेवियों को सम्मानित कर उनका प्रोत्साहन बढ़ाती है, परिषद् के धनबाद जिलाअध्यक्ष लखन विश्वकर्मा ने कहा झरिया विधायक श्रीमती पूर्णिमा नीरज सिंह की कार्यशैली से हम सब बहुत प्रभावित हैं, उनका समाज के प्रति लगाव देखकर हम सबको प्रेरणा मिलता है कि वे न दिन देखतीं हैं न रात - अपने लोगों के लिए हमेशा प्रतिबद्धता से समर्पित रहतीं हैं, हम उनके इस जज्बे को सलाम करते हैं, परिषद् के महासचिव अशोक पाण्डेय ने कहा विधायक जी के द्वारा झरिया में हुए विकास कार्यों ने पूरे झरिया को एक नया भविष्य दिया है जहाँ कभी पूरे झरिया को हटाने की बात कही जाती थी अब यहाँ अस्पताल, कॉलेज, आदि की सुविधा वापस लौटी और झरिया के लोगों का हौसला बढ़ा कि हम सुरक्षित नेतृत्त्व में हैं, यह माननीय विधायक जी के सामाज सेवा के भाव को दर्शाता है और उन्हें सम्मानित कर यह संस्था स्वयं सम्मानित हुई है, विधायक जी ने परिषद् के प्रति आभार जताते हुए कहा यह झरिया की जनता का सम्मान है और उनके स्नेह, प्यार और भरोसे ने ऐसे कई मौके दिए हैं और भविष्य में और भी मौके देंगे। विधायक जी ने आगे कहा मैंने झरिया के विकास का जो बीड़ा उठाया है उसे हर हाल में पूरा करके रहूँगी और अब तक जो वायदे हमने किए थे उसे पूरी निष्ठा व समर्पण के साथ पूरा किया है और आगे के कार्यों के लिए भी प्रतिबद्ध हूँ , मौके पर परिषद् के मीडिया प्रभारी उमेश सिंह, झरिया सचिव राकेश गुप्ता, श्याम प्रसाद, मनोरजंन सिंह एवं बबलू कुमार आदि मौजूद थे। झरिया विधायक सह झरिया से कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती पूर्णिमा नीरज सिंह ने झरिया के जीतपुर धौरा, बस्ताकोला पहाड़ी व बस्ताकोला कोलियरी नं. 7 में जनसंपर्क कर दर्जनों स्थानीय महिला और पुरुषों से संवाद किया। विधायक जी ने संवाद करते हुए सरकार द्वारा चलाये जाने वाले योजनाओं के बारे में जानकारी ली। महिलाओं ने मंईयां सम्मान योजना के संबंध में विधायक जी को जानकारी दी और मंईयां योजना का लाभ प्राप्त होने पर विधायक जी के प्रति आभार व्यक्त किया। संबोधन करते हुए विधायक जी ने जनता से बच्चों के भविष्य के लिए वोट करने की अपील की और झरिया में हुए विकास कार्यों से अवगत कराया। माननीय विधायक जी ने कहा झरिया के ऐतिहासिक स्थानों का संरक्षण, स्कूल कॉलेज निर्माण और उसका संचालन के साथ-साथ यहाँ संरचनात्मक ढ़ाँचे का विकास कर विकास के नये कीर्तिमान गढ़े जायेंगे। अगली पीढ़ी अपने झरिया को समस्याओं के लिए नहीं बल्कि सुविधा और व्यवस्थाओं के लिए याद रखेगी। मौके पर अबरार अहमद, सिन्टू, रामकृष्ण पाठक, रामकृष्ण पाठक, कुंदन पासवान, रोहित पंडित, भोला पासवान, रेखा देवी, सबिता देवी, सचिन देवी, इंदर देवी , लालपरी देवी, तेतरी देवी, यशोदा देवी, सोनी देवी, पूजा देवी, मानो देवी, सोनाली देवी, जितेंद्र पासवान, शत्रुघन पासवान, सुरेश भुइया, राधा भईया सहित दर्जनों लोग मौजूद थे। झरिया विधायक श्रीमती पूर्णिमा नीरज सिंह ने बस्ताकोला चांदमारी बस्ती के राजेश भुइया जी की अंत्येष्टि में शामिल हुईं और उनके आकस्मिक निधन पर शोक जताया। विधायक जी शोकाकुल परिवार से मिलकर गहरी संवेदना व्यक्त की और और दुख की इस कठिन घड़ी में उन्हें सांत्वना दी। विधायक जी ने ईश्वर से शोक-संतप्त परिवार को धैर्य और साहस बनाए रखने की प्रार्थना की व मृतक के परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

लखनऊ नगर निगम जोन-3 में स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छ सर्वेक्षण के लिए आर.आर.आर. सेंटर का उद्घाटन

तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ

लखनऊ। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत जोन-3 में स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की तैयारियों को मजबूत बनाने के उद्देश्य से आर.आर.आर. (रिड्यूस रीयूज,रिसाइकल) सेंटर का उद्घाटन किया गया। यह कार्यक्रम गोल मार्केट स्थित पार्किंग सेंटर के पास आयोजित हुआ, जहां जोनल अधिकारी अलंकार अग्निहोत्री ने सेंटर का उद्घाटन किया। 1. उद्घाटन और संदेश- जोनल अधिकारी अलंकार अग्निहोत्री ने उद्घाटन के अवसर पर उपस्थित क्षेत्रीय निवासियों को प्रेरित करते हुए संदेश दिया, जो आपके पास अधिक है, वह यहाँ छोड़ जाएँ - जो आपकी जरूरत का हो, वह यहाँ से ले जाएँ। यह संदेश लोगों को अनावश्यक वस्तुओं को दान करने के लिए प्रोत्साहित करता है। 2. सेंटर की व्यवस्था- क्षेत्रीय सफाई एवं खाद्य निरीक्षक संचिता मिश्रा ने सेंटर के सुचारु संचालन की जिम्मेदारी संभाली, जबकि जोनल सेनेटरी अधिकारी जितेन्द्र कुमार गाँधी ने विचार साझा किया कि किसी का बेकार सामान दूसरे के लिए उपयोगी साबित हो सकता है। 3. सामाजिक योगदान- गंगा समग्र महानगर स्वच्छता प्रोत्साहन समिति, सेवा संस्थान, नारी विकास समिति नंदिनी सोसाइटी, और राष्ट्रीय सनातन महासंघ जैसे संगठनों ने सेंटर में आवश्यक वस्तुएं दान कीं, जिससे जरूरतमंदों को सहायता मिल सके। 4. कर्मचारियों की तैनाती- आर.आर.आर. सेंटर पर दानकर्ताओं और प्राप्तकर्ताओं का विवरण संकलित और व्यवस्थित रखने के लिए दो कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है। सार्वजनिक सहयोग और उद्देश्य- इस आर.आर.आर. सेंटर का उद्देश्य न केवल स्वच्छता को बढ़ावा देना है, बल्कि जरूरतमंदों तक आवश्यक सामग्री पहुँचाने में सहयोग करना भी है। जन जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से इस सेंटर की भूमिका का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया।

रेसिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के साथ नगर आयुक्त ने की बैठक

तीसरा विकल्प न्यूज़ - ब्यूरो

धनबाद। विधानसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह नगर आयुक्त रवि राज शर्मा ने रविवार को न्यू टाउन हॉल में रेसिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के साथ बैठक की। नगर आयुक्त ने कहा कि शहरी क्षेत्र के मतदाता मतदान में कम रुचि दिखाते हैं। जिस कारण मतदान प्रतिशत कम दर्ज होता है। उन्होंने एसोसिएशन से सोसाइटी के हर मतदाता को आगामी 20 नवंबर को मतदान करने के लिए प्रेरित करने, उनके एक-एक वोट का महत्व समझाने, मतदान केंद्रों में मतदाताओं के लिए जिला प्रशासन द्वारा की गई सुविधाओं के बारे में बताने सहित अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक के समापन पर सभी को विधानसभा चुनाव में निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने और अपने आसपास के लोगों को लोकतंत्र के महापर्व में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित करने की शपथ दिलाई गई।

भाजपा ने मंडल के कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक, चुनाव पर की चर्चा

तीसरा विकल्प न्यूज़ - ब्यूरो

धनबाद। विधानसभा अंतर्गत धनबाद प्रखंड में आने वाले विभिन्न मंडलों में धनबाद के भाजपा प्रत्याशी राज सिन्हा ने की बूथ के अध्यक्ष, बूथ समिति सदस्य, सभी वरिष्ठ एवं प्रमुख सदस्यों और सम्मानित कार्यकर्ताओं के साथ बैठक। वहीं कार्यकर्ताओं ने राज सिन्हा को टिकट मिलने पर बधाई दी तथा माला पहनाकर स्वागत किया।मनईटांड़ मंडल, भूली मंडल, सदर मंडल के बूथ अध्यक्ष, बूथ समिति सदस्य, सभी वरिष्ठ एवं प्रमुख सदस्यों और सम्मानित कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर चुनावी रणनीति तैयार करने को कहा। उसके बाद दुर्गा मंडप भूदा में मन की बात कार्यक्रम तथा भूली के द्वारा भूली के सभी दुर्गा पूजा कमिटियों को सम्मानित कार्यक्रम में शामिल किए।

मुख्य चिकित्साधीक्षक ने तेजसिंह जिला चिकित्सालय में मिल रही सुविधाओ का बैठक में किया जिक्र

तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता मैनपुरी

मैनपुरी। मुख्य चिकित्साधीक्षक महाराजा तेजसिंह जिला चिकित्सालय डा. मदनलाल ने बताया कि जिला चिकित्सालय में ऑक्सीजन की कोई कमी नहीं है। स्थापित ऑक्सीजन प्लांट क्रियाशील है और पर्याप्त संख्या में ऑक्सीजन सिलेण्डर उपलब्ध हैं। उन्होने बताया कि चिकित्सालय में आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के साथ बेहतर सुविधा भी मुहैया करायी जा रही हैं। चिकित्सालय में जॉच से लेकर अल्ट्रासाउण्ड, सीटीस्कैन की सुविधा उपलब्ध हैं। चिकित्सकों के परामर्श के आधार पर जरूरतमंद मरीजों के अल्ट्रासाउण्ड, सीटीस्कैन, एक्स-रे सहित चिकित्सक द्वारा बतायी गयीं जॉचें नि:शुल्क करायी जा रही हैं, चिकित्सालय में पर्याप्त मात्राओं में दवाओं की उपलब्धता है।

खाद की कालाबाजारी करने वालों पर लगेगा एन.एस.ए.

तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता शाहजहांपुर

शाहजहांपुर। जनपद में डी.ए.पी. एवं एन.पी.के. खाद की उपलब्धता के सम्बन्ध में जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा रविवार होने के बावजूद जिला कृषि अधिकारी एवं सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक (सहकारिता) को बुलाकर समीक्षा की गयी, जिसमें पाया गया कि जनपद में 115 सहकारी समितियों के माध्यम से खाद का वितरण चल रहा है एवं अभी तक लगभग 1500 मी. टन खाद बफर स्टॉक में उपलब्ध है, जो अगले 05 दिनों में समितियों तक पंहुचेगी। इसी प्रकार निजी क्षेत्र की दुकानों से वितरण के लिये कल तक इण्डियन फॉस्फेट लिमिटेड एवं पारा दीप फॉस्फेट लिमिटेड से 1600 मी. टन खाद उपलब्ध होने की सम्भावना है, जिसको जिलाधिकारी द्वारा लेखपालों एवं अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में वितरण कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं। साथ ही कालाबाजारी करने वाले एवं निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य पर खाद बेचने वाले दुकानदारों एवं संबंधित समिति के सचिवों के विरूद्ध राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एन.एस.ए.) के तहत कार्यवाही की जाएगी।

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल द्वारा शोकसभा का हुआ आयोजन

बछरावाँ-रायबरेली। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल बछरावाँ द्वारा शिवगढ़ रोड पर स्थित शिव मंदिर के हाल में व्यापार मंडल के जिला मंत्री राकेश चौधरी एवं व्यापार मंडल के संगठन मंत्री प्रशांत मिश्रा के पिताजी सुरेंद्र मिश्रा एवं संगठन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद का दायित्व को संभाल रहे दुर्गेश कुमार शुक्ला की मौसी के आकस्मिक निधन पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता व्यापार मंडल के संरक्षक विजय बहादुर यादव ने की, श्रद्धांजलि सभा में व्यापार मंडल के संरक्षक त्रिभुवन नाथ मिश्रा, अवधेश चौधरी, राम हर्ष वर्मा व व्यापार मंडल के अध्यक्ष सुनील सागर सहित जिला उपाध्यक्ष डॉ विजयपाल यादव, नगर पंचायत के अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह, व्यापार मंडल महामंत्री नीरज साहू , हरिओम सिंह, शिवम मिश्रा,सतीश टाइगर ,आदि ने विचार व्यक्त करते हुए व्यापारी नेता राकेश चौधरी एवं व्यापारी सुरेंद्र मिश्रा के जीवन पर प्रकाश डालते हुए अपने अपने स्मरण व्यक्त कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस मौके पर श्रद्धांजलि सभा में व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष विक्की मिश्रा,रामकुमार सोनी,अजमेर चौधरी, विजय गुप्ता, राजीव मिश्रा, आकाश मिश्रा,हिमांशु, इमरान रायनी, राजेश विश्वकर्मा आयुष वर्मा, आशीष सोनी, अभिषेक,लक्ष्मीकांत साहू ,अरविंद कुमार, सुशील कुमार शुक्लारामसनेही, अमन जयसवाल, दिलीप यज्ञसैनी, वीनीत ,जितेंद्र कुमार, उमेश कुमार सरोज रस्तोगी ,गुड्डू शुक्ला, मदन साहू, अनिल शुक्ला,देवी प्रसाद गुप्ता, पार्थ मिश्रा, कमरुद्दीन अशर्फी, अरुन विश्वकर्मा, महेंद्र पाल बघेल, विजय गुप्ता, राजेश विश्वकर्मा,अतुल सोनी, आदि व्यापारियों ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान उत्तर प्रदेश द्वारा महाकुंभ प्रयागराज के अवसर पर साहित्य महाकुंभ का भव्य शुभारंभ किया गया

➲ दीपावली और गोवर्धन पूजा पर जमकर होगी पतंगबाजी

तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ

लखनऊ। इस बार दीपावली और जमघट यानी गोवर्धन पूजा पर आसमान में उड़ने वाली पतंगे सेव ट्री, सेव लाइफ (पेड़ बचाओ जीवन बचाओ) का संदेश देती नजर आएंगी। देश भर में पर्यावरण बचाओ को लेकर सरकार ने मुहिम छेड़ रखी है। ऐसे में यह पतंगबाज भी अपनी पतंगों के जरिए लोगों को पर्यावरण बचाने का संदेश देते नजर आएंगे। पेड़ बचाओ, प्र्या'वरण। बचाओ वाली पतंगे तैयार कराने वाले गुड्डू बताते हैं कि वह हर साल दीपावली पर पतंगों के माध्यम से कोई न कोई संदेश लोगों तक पहुंचाने का काम करते हैं। इस बार उन्होंने अपनी पतंगों के जरिये पेड़ बचाओ जीवन बचाओ का संदेश देंगे। उन्होंने बताया कि हर बार बड़े-बड़े नेताओं और बच्चों के कार्टून वाली पतंगे बनाते थे। गुड्डू ने बताया कि पतंग एसोसिएशन के अध्यक्ष हामिद भाई के साथ मिलकर चाइनीज मांझे के खिलाफ भी अभियान चलाया जा रहा है। जहां पर भी चाइनीज मांझा मिलता है उसे नष्ट करा दिया जाता है।

शहर पर छाने लगा पतंगबाजी का खुमार

शहर में पतंगबाजी का खुमार छाने लगा है। आसमानी जंग छेड़ने के लिए पतंगबाजों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। दुकानों पर पतंगबाजों की भीड़ जुटने लगी है। दीपावली और जमघट यानि गोवर्धन पूजा के दिन सुबह के साथ ही हर जगह आसमान में पतंगों की सतरंगी छटा बिखर जायेगी। बड़ा हो या बच्चा, मैदान से लेकर घरों की छतों तक जिसको जहां जगह मिलेगी शुरू हो जाएगा, इस अनोखी जंग में। त्यौहार की मस्ती में हर कोई उम्र के बंधन से दूर पतंगबाजी का लुत्फ उठाता नजर आएगा। पुराने शहर के लाजपत नगर और नीबू पार्क के सामने बुद्धा पार्क के पास सुबह से ही आसमान में पतंगों का लगा जमघट देर शाम तक लगा रहेगा। कुछ यही नजारा सआदतगंज, हैदरगंज, चारबाग व आलमबाग सहित अन्य जगह भी देखने को मिलेगा। गली-मोहल्लों में अपने-अपने घरों की छतों पर चढ़कर लोग पतंगबाजी करेंगे। जमघट के दिन आसमान में भले ही पतंगों की जंग छिड़ेगी, लेकिन उनकी बनावट पर्यावरण सुरक्षित करने का संदेश देती नजर आएगी।

कारीगरों के नाम पर बिकती हैं पतंगे

गुड्डू काइट सेण्टर के मालिक गुरुदत्त ने बताया कि वैसे तो अपने शहर में भी पतंग के मांझे बनते हैं, लेकिन बरेली के मांझे की बात ही अलग है। वह बताते हैं कि पतंग यहां की पसंद की जाती है। शहर में कारीगर के नाम पर पतंगों की मांग होती है। हमेशा की तरह इसबार भी लखनऊ की पतंग और बरेली का मांझे की मांग सबसे ज्यादा है। हर शौकीन पतंगबाजों को बरेली का मांझा ही पंसद आता है। पुराने शहर के वजीरबाग के दरीवाला, सआदतगंज के बीबी गंज, मोहनीपुरवा व हुसैनगंज सहित कई इलाकों में पतंग के कारखाने चलते हैं। सीजन पर इन कारखानों के अलावा सैकड़ों घरों में भी महिलाएं व पुरुष पतंग बनाने का काम कर रहे हैं। पतंगबाजी और लखनऊ का काफी पुराना रिश्ता रहा है। पतंगबाजी को नवाबों का शौक कहा जाता है। नवाबों के दौर में पतंगें दुल्हन की तरह सजायी जाती थी, जिनमें अक्सर सोने और चांदी के तारों की झलझली बंधी होती थी। ये पतंगे जिसकी छत पर कट कर गिरती थीं। उसके घर उस दिन पुलाव बनता था।

ये हैं पतंग बाजी के पुराने अड्डे

पतंगबाजी के लिए मशहूर वजीरबाग, डालीगंज, चौक, बाबा हजाराबाग, मोहनीपुरवा ये कुछ ऐसे अड्डे हैं जहां आपको हर तरह के पतंग जैसे पोन्नावा, आड़ी, मंझोली, सवा की तीन आदि पतंगे मिल जायेंगी। लखनऊ में पतंग के टूर्नामेंट भी होते रहते हैं जिसमें बढ़-चढ़कर लोग हिस्सा लेते हैं।

श्रीमद भागवत कथा के श्रवण से मिट जाते है कष्ट - आचार्य राहुल पाठक

तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता मैनपुरी

एलाऊ - विकासखंड जागीर क्षेत्र के गांव हुसैनपुर में चल रही श्रीमद भागवत कथा के अंतिम दिन कथावाचक आचार्य राहुल पाठक ने भक्तों को सुदामा चरित्र एवं भगवान कृष्ण की अनेकों लीलाओं का वर्णन किया।

कहा जों सच्चे श्रद्धा भाव से ईश्वर की आराधना करता है। परम पिता परमेश्वर उसके सभी कष्ट हर लेते है। महाभारत युद्ध में भगवान कृष्ण ने पांडवो का साथ देकर धर्म की स्थापना की थी। अहंकारी दुर्योधन की कोरव सेना पराजित हो गयी थी। संसार में भगवान श्री कृष्ण एवं सुदामा की मित्रता मिशाल दी जाती है। सुदामा के बुरे वक़्त में भगवान श्री कृष्ण ने दो लोक दान में दे दिए थे। तीसरे लोक का दान देते वक़्त रुक्मिणी ने रोक दिया था। कलयुग में भगवान कृष्ण सुदामा जैसी मित्रता कही देखने को नहीं मिलती। अहंकारी कंस का वध करके मथुरा वासियों को उसके अत्याचार से मुक्ति दिलाई थी। धार्मिक आयोजनों से समाज में भक्ति भाव की भावना जागृति होती है। इस मोके पर जीतू सिसोदिया जिला पंचायत सदस्य, राजा बाबू चेयरमेन प्रतिनिधि, भूपेंद्र गौर परीक्षित, सहदेव यादव ग्राम प्रधान, गोलू ठाकुर, एंकी गौर, रॉकी चौहान, योगेंद्र चौहान, निक्की चौहान, संतोष गौर, राजा ठाकुर आदि सैकड़ो लोग मौजूद थे।

जिले में खेल महारण 2.0 से संबंधित बैठक सम्पन्न

तीसरा विकल्प न्यूज़ - पंकज नाथ

असम। खेल महारण 2.0 के तहत कामरूप जिला में इसको सुचारू रूप से आयोजित करने के लिए गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक कल कामरूप जिला आयुक्त कार्यालय के बैठक कक्ष में कामरूप जिला आयुक्त देब कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में कामरूप जिला सहित राज्य के अन्य हिस्सों में आयोजित होने वाले खेल महारण 2.0 के तहत सात शाखाओं एथलेटिक्स, फुटबॉल, कबड्डी, शतरंज, पारंपरिक साइकिलिंग, वॉलीबॉल और तैराकी में ग्राम पंचायत/नगरपालिका स्तर, विधानसभा क्षेत्र स्तर, जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। बैठक में इन शाखाओं में प्रतियोगिताओं के आयोजन के लिए तैयार संभावित कार्यक्रमों, स्थलों और खेलों के सुचारू संचालन के लिए तकनीकी अधिकारियों की नियुक्ति सहित अन्य पहलुओं पर की जाने वाली व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में कामरूप जिला आयुक्त देव कुमार मिश्रा ने खेल महारण 2.0 को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए खेल विभाग को कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। बैठक में, जिला आयुक्त ने खेल महारन 2.0 के तहत विभिन्न चरणों में, विशेष रूप से पंचायत/नगर पालिका स्तर पर खेलों का आयोजन करते समय खिलाड़ियों और खेल आयोजकों को शामिल करने की आवश्यकता पर जोर दिया। बैठक में मुख्यमंत्री के विशेष कार्याधिकारी एवं जिला स्तरीय समिति के सदस्य हेमंत चौधरी, कामरूप जिला के जिला विकास आयुक्त सुशांत कुमार दत्ता, कामरूप जिला परिषद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ गोस्वामी, जिला खेल अधिकारी सत्यव्रत गोगोई, खंड विकास अधिकारी और विभिन्न खेल संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

राजधानी में पुलिस हिरासत में कपड़ा कारोबारी की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत पर आप ने व्यक्त की कड़ी प्रतिक्रिया

❑पुलिस हिरासत में हुई दो हफ़्ते के अंदर दो मौतः वंशराज दुबे ❑पिछड़े, दलित और हिंदू परिवार के युवाओं की पुलिस हिरासत में हो रही मौतः वंशराज दुबे

तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में पुलिस कस्टडी में कपड़ा कारोबारी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत पर आम आदमी पार्टी ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। प्रदेश के मुख्य प्रवक्ता वंशराज दुबे ने बयान जारी करते हुए कहा कि योगी की पुलिस हत्यारी पुलिस हो गयी है। उन्होंने कहा कि लखनऊ पुलिस की कस्टडी में दो हफ़्ते पहले ही एक दलित युवक को टार्चर करके इतना पीटा गया कि उसकी थाने के अंदर ही मौत हो गयी। अब मोहित पांडे नाम के चिनहट निवासी युवक को लखनऊ पुलिस ने इस कदर रातभर पीटा की सुबह होते-होते उसकी मौत हो गयी। वंशराज दुबे ने कहा कि प्रदेश में पुलिस हिरासत में मौत के मामले थम नहीं रहे हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय की एक रिपोर्ट के मुताबिक, 2021-22 में पुलिस हिरासत में 501 मौतें हुईं जबकि इससे पहले यानी 2020-21 में हिरासत में मौत के 451 मामले दर्ज किए गए। इसी वर्ष मई महीने में ग्रेटर नोएडा वेस्ट के चिपियाना चौकी में एक युवक की संदिग्ध हालात में हुई थी। पुलिस चौकी में उसका शव फांसी के फंदे पर लटका मिला था। अब दो हफ्ते के अंदर राजधानी लखनऊ में पुलिस हिरासत में मौत के दो मामले साबित करते है कि पुलिस हिरासत में मौत के मामले में यूपी अब नंबर वन हो गया है। इस सरकार में अब तक लगभग दो हजार लोगों की पुलिस हिरासत में मौत हो चुकी है। जिसमें अधिकांश पिछड़े, दलित और हिंदू परिवार के युवा शामिल हैं। उन्होंने लखनऊ में पुलिस की पिटाई से मोहित की मौत के अलावा ललितपुर, लखीमपुर खीरी, सहारनपुर, कन्नौज, उन्नाव, मऊ, फिरोजाबाद, सीतापुर, प्रतापगढ़, रायबरेली, श्रावस्ती और गाजियाबाद की घटनाओं का भी जिक्र किया। लखनऊ की घटना की सीबीआई जांच कराने की मांग करते हुए उन्होंने कहा कि इस घटना की उच्चस्तरीय जाँच अत्यंत आवश्यक है। बता दे कि परिवार की तरफ से आरोप है कि पुलिस ने रातभर उसकी पिटाई की। थाने में कोई नेता आया, उसने मोहित को पुलिस से पिटवाया. उसे विधिवत इतना पिटवाया कि उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। उन्होंने अस्पताल में हंगामा किया। पुलिस ने उन्हें धक्का-मुक्की कर वहां से बाहर भेजा। आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की मांग करते हुए गुस्साए परिजनों ने अस्पताल के बाहर सड़क जाम कर दी। वह वहीं धरना प्रदर्शन करने लगे। बाद में मृतक की मां की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया।

मारवाड़ी युवा झरिया समृद्धि शाखा ने भाजपा प्रत्याशी रागिनी सिंह का किया समर्थन, भारी मतों से जीत दिलाने का लिया संकल्प

❑ सीता सोरेन का अपमान नहीं बल्कि झारखंड की बहनों और बेटियों का अपमान किया गयाः चुनाव प्रभारी

तीसरा विकल्प न्यूज़ - ब्यूरो

झरिया/धनबाद। भाजपा प्रत्याशी रागिनी सिंह के सम्मान में मारवाड़ी युवा झरिया समृद्धि शाखा द्वारा झरिया अग्रवाल धर्मशाला में स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। मारवाड़ी युवा झरिया समृद्धि शाखा के सदस्यों ने प्रत्याशी रागिनी सिंह को पट्टा ओर गुलदस्ता भेंट कर जीत की अग्रिम बधाई दी। मौके पर झरिया चुनाव प्रभारी नितेश चंद्रवंशी भी उपस्थित थे। मारवाड़ी युवा झरिया समृद्धि शाखा के सदस्यों ने प्रत्याशी को समर्थन देते हुए कहा कि इस बार पूर्ण रूप से भाजपा की सरकार ही बनेगी।चुनाव प्रभारी नितेश चंद्रवंशी ने कहा कि जामताड़ा से पार्टी की महिला प्रत्याशी सीता सोरेन के खिलाफ बेहद अपमानजनक शब्द का इस्तेमाल किया है आदिवासी महिला सीता सोरेन को इरफान अंसारी ने रिजेक्टेड माल बोला है, उनको शर्म करनी चाहिए। इरफान अंसारी ने केवल सीता सोरेन का अपमान नहीं किया बल्कि झारखंड की बहनों और बेटियों का अपमान किया है। हर व्यक्ति हेमंत सरकार से छुटकारा पाना चाहता है। छात्रों, महिलाओं सहित हर व्यक्ति ने हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकने का फैसला कर लिया है। प्रत्याशी रागिनी सिंह ने कहा कि राज्य में पिछले पांच वर्षों से गठबंधन की सरकार है। यह सरकार केवल लूट खसोट की सरकार बनकर रह गई। हमारा झरिया बहुत-बहुत मायूस दिख रही है। 5 सालों में क्या खोया है झरिया देवतुल्य जनता भली भांति जान रही है। चुनाव आते ही सड़क और नाली बनने लगा। वह भी नाली और सड़क पानी के बहाव में बह गया। भाजपा के कार्यकाल में ही राजा तालाब का फंड पास हुआ था। डीपीआर के तहत राजा तालाब का सौंदर्यकरण होना था। क्या हुआ सिर्फ लीपापोती का करने का काम किया। राज्य की जनता को बरगलाने के लिए मंईयां सम्मान योजना की शुरुआत की गई और पेंशन, विधवा, वृद्धा पेंशन विकलांग पेंशन योजनाओं को बंद कर दिया गया। कांग्रेस कार्यकाल में व्यापारी वर्ग अपना व्यवसाय सही नहीं कर पा रहे थे। डरे सहमे थे। सिंह मेंशन परिवार हमेशा जनता के बीच रहा है। झरिया की जनता अब जान चुकी है कौन जनता को छलने का काम किया है। भाजपा के पक्ष में मतदान कर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत कर एक अच्छी सरकार बनाए*

झारखंड सरकार में हर घर नल जल योजना धरातल पर नहीं ला पाई, पाईप बिछाकर की सिर्फ लुट खसोट- -रागिनी सिंह

झरिया भाजपा प्रत्याशी रागिनी सिंह रविवार को झरिया के पुराना बालिका विद्या मंदिर, चार नंबर सब्जी बगान, लिलोरी पथरा, भौरा सहित विभिन्न क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाकर भाजपा के पक्ष मे मतदान करने की ग्रामीणों से अपील की। जनसंपर्क के दौरान सब्जी बगान में ग्रामीणों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान ग्रामीणों ने प्रत्याशी को बिजली पानी जैसे मूलभूत समस्याओं से अवगत कराया। महिलाओं ने बताया कि सब्जी बगान का रास्ता पाइप बिछाने के दौरान सड़क को बर्बाद कर दिया। आमजनों आने जाने में काफी दिक्कत उठाना पड़ रहा है। पाईप बिछा कर सिर्फ छोड़ दिया गया है लोग यही आस लगाए हुए कि पाईप से पानी कब गिरेगा। बैठक में रागिनी सिंह ने कहा कि झारखंड में राज्य मे अराजकता का माहौल है,विकास के नाम पर भ्रष्टाचार का बोलबाला है। भाजपा की सरकार में सरकार की हर घर नल जल योजना का फंड पास हुआ था। भाजपा की योजना था इसलिए झारखंड सरकार ने धरातल पर नहीं उतारा। पाईप बिछाकर सिर्फ ये लोग सिर्फ जनता का पैसा लूटने का काम किया है। भाजपा की सरकार बनते ही हर घर नल जल योजना पर पहले प्राथमिकता होगी कि हर घरों पानी पहुंचे। उन्होंने कहा कि भाजपा झारखंड का निर्माण किया है विकास भी भाजपा ही कर सकती है। वर्तमान मे राज्य के लोग बदलाव के मुड में है।भाजपा के पक्ष वोट देकर इस भ्रष्टाचार सरकार को उखाड़ फेंके झरिया बिहार बिल्डिंग के प्रांगण में एन.डी.ए. के घटक दलो की एक संयुक्त बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष श्रवण राय ने किया। उक्त बैठक में भा.ज.पा. के अलावा जनता दल युनाइटेड, लोक जनशक्ति पार्टी एवं आजसू के प्रमुख नेताओं के साथ की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष श्रवण राय ने कहा कि पिछली बार आपसी तालमेल न रहने कि कारण सभी दल अलग-अलग चुनाव लड़े और नतिजा बेहद निराशाजनक रहा इसलिए अब वक्त है कि हम सब इक्टठे होकर मजबूती से लड़े और जिते। आजसू के वरिष्ठ नेता राधेश्याम गोस्वामी ने कहा हमारे सुप्रीमो सुदेश महतो जी के आदेश पर हम सब इस बार इतिहास रचने का कार्य करेगें और डंके की चोट पर सरकार बनाएंगे।जदयू के

पहली ही फिल्म में ओडिशा की इस छोरी ने जड़ा सिक्सर, अब निगाहें यशराज की नई सीरीज पर

भारत के नक्शे पर ओडिशा में जाजापुर जिले का नानपुर गांव तलाशना आसान नहीं है। वहां से मुंबई जैसे चकाचौंध भरे शहर आकर सोनाली शर्मिष्ठा ने जिस पहली फिल्म में काम किया, उसे अपनी भाषा की सर्वश्रेष्ठ फिल्म का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिला। और, ये नाम पहली बार हिंदी फिल्म जगत में अभी हाल ही में तब झलका जब खबर आई कि किसी मलयालम फिल्म की अभिनेत्री को यशराज फिल्म्स ने अपनी नई सीरीज में मौका दिया है। कोई महीने भर की तलाश के बाद इनका पता चला और देश की अलग अलग भाषाओं की फिल्मों में लगातार काम कर रहीं सोनाली ही हैं, इस हफ्ते की 'अपना अड्डा' स्टार। कृति सेनन की तरह आपने भी इंजीनियरिंग की पढ़ाई के बाद अभिनय में कदम रखा? कब लगा कि इंजीनियरिंग नहीं एक्टिंग ही करनी है? जब तक बालचंद्रपुर में स्कूल में थे, सिनेमा क्या होता है ज्यादा पता नहीं था। फिर भुवनेश्वर आकर इंजीनियरिंग के दौरान ही मुझे स्मिता पाटिल के बारे में पता चला। गणेश पूजा, सरस्वती पूजा वगैरह में मेरे अभिनय और नृत्य से लोग बहुत प्रभावित होते थे, लेकिन मैं बहुत ही अंतर्मुखी किस्म की लड़की थी। इंजीनियरिंग के बाद नौकरी भी लग गई लेकिन मुझे लगा कि मैं शायद रचनात्मक कार्यों के लिए बनी हूं। इस दौरान संजय पटनायक ने मेरे भीतर का डर निकालने में बहुत मदद की। आपके पिता नंदकिशोर मोहंती बड़े कारोबारी हैं, उन्होंने टोका नहीं कि हमारे घर की बेटियां हीरोइन नहीं बनतीं? हमारा संयुक्त परिवार है। पापा, उनके बड़े भाई और छोटे भाई, सबके परिवार साथ रहते हैं। आपको यकीन नहीं होगा कि मेरी मां मुझे मुंबई छोड़ने आई थीं नौकरी के सिलसिले में और मैंने यहां आकर फैसला किया कि मुझे अभिनय करना है। सब एकदम से चौंक गए। लेकिन बचपन से ही मेरी बुआ चिन्मयी मोहंती और दीदी निवेदिता ने बहुत सराहा और मुझे हौसला दिया। घरवालों को लगा कि ये मेरा सपना है, मैं इसे देखूंगी और फिर वापस आ जाऊंगी। लेकिन, छह साल हो गए मुझे मुंबई आए। तकलीफें खूब झेलीं लेकिन मैंने हिम्मत नहीं हारी। और, अब लगता है कि गाड़ी पटरी पर आ रही है। मुंबई का पहला दिन कैसा रहा? पहले दिन तो हम खूब घूमे। छत्रपति शिवाजी टर्मिनस का सारा इलाका छान मारा। ताज होटल गए। उसके सामने खूब फोटो खींचे। गेटवे ऑफ इंडिया घूमे और वहां से पुणे चले गए। मुंबई में मैंने जस्ट डायल के जरिये एक हॉस्टल बुक किया था, मुंबई लौटने पर वहां गए तो चला कि वह तो बॉयज हॉस्ल है तो ऐसा ऑन लाइन फ्रॉड हुआ मेरे साथ पहले ही दिन। फिर, मैंने जो प्लान बी बना रखा था, वह काम आया। बाहर से आकर मुंबई में संघर्ष करना कितना मुश्किल है और घर वालों का साथ कितना जरूरी? मुझे लगता है कि एक बार अगर हमने कुछ ठान लिया है तो फिर उसे पाने के रास्ते बनते जाते हैं। मेरे साथ ये था कि मेरे आसपास के सब लोगों को पता था कि ये लड़की कमाल की एक्टर है, बस मुझे ही नहीं पता था। तो मुझे खुद को पहचानने में समय काफी लगा। घर वालों का समर्थन ऐसे में बहुत जरूरी होता है। इंसान मानसिक रूप से कभी भी टूट सकता है, ऐसे में घरवालों का हौसला बढ़ाना काम आता है। और, आपकी पहली ही फिल्म ने सिक्सर जड़ दिया? मेरी पहली फिल्म जो मैंने मुंबई आने के बाद की, उसके निर्देशक नील माधब पांडा हैं। वह ओडिशा से हैं लेकिन 'कलीरा अतीता' उनकी पहली उड़िया फिल्म रही। फिल्म को सर्वश्रेष्ठ उड़िया फिल्म का राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिला। ऑस्कर में भी ये सामान्य श्रेणी की फिल्मों में नामित हुई। इस फिल्म ने मेरे लिए सिनेमा के दरवाजे खोल दिए। तब से मैं राजस्थानी, मगही और मलयालम भाषाओं में फिल्में कर चुकी हूं। हां, मलयालम फिल्म 'द फेस ऑफद फेसलेस' के बारे में तो मैंने भी सुना है और मुझे तो ये भी पता चला है कि यशराज फिल्म्स की किसी वेब सीरीज में आपको इस फिल्म के जरिये ही काम मिल चुका है? ये सब आपको कैसे पता चल जाता है। प्लीज, यशराज फिल्म्स की सीरीज के बारे में कुछ मत पूछिए। अभी मैं इस बारे में कुछ भी कहने की स्थिति में नहीं हूं। इस फिल्म ने मेरे जीवन में तकदीर बदलने वाले मौके का काम किया है। यह फिल्म सिस्टर रानी मारिया के जीवन पर बनी है, जिनकी मध्य प्रदेश में हत्या कर दी गई थी। ये फिल्म इस साल हुए ऑस्कर समारोह की बेस्ट ओरिजनल स्कोर कैटेगरी में सबमिट हुई थी। अच्छा, मुंबई में पहली बार कैमरे का सामना जब किया, वह दिन तो याद होगा? ये भी अच्छा सवाल पूछा आपने। मैं तब बेरोजगार थी और मेरी रूममेट एयरलाइंस में एयर होस्टेस का काम कर रही थी। खाली समय में वह मॉडलिंग भी करती थी तो एक दिन खूब बारिश हो रही थी तो वह जिद करके मुझे अपने साथ फिल्म सिटी ले गई। वह भारतीय जीवन बीमा निगम का कोई विज्ञापन था और विज्ञापन में जितनी लड़कियों की जरूरत थी, वे बरसात के चलते पहुंच नहीं पाईं थी। इसके चलते मुझसे भी विज्ञापन में दिखाई गई क्लास की छात्राओं के बीच बैठने को कहा गया। अपनी सहेली की बात को मैं न भी नहीं कर पाई। यही मेरा पहला ऑन कैमरा ब्रेक बना।

एक्ट्रेस मल्लिका शेरावत की इमेज एक बोल्ड अभिनेत्री की रही है। उनकी इस इमेज की वजह से बड़े स्टार कॉल करके रात में मिलने के लिए बुलाते थे। उन्हें लगता था कि पर्दे पर इतना बोल्ड सीन करती हैं, तो उनके साथ क्या दिक्कत होगी? एक्ट्रेस ने एक इंटरव्यू के दौरान बताया था कि दुबई में एक फिल्म की शूटिंग के दौरान हीरो ने आधी रात को दरवाजा खुलवाने की कोशिश थी। कॉम्प्रोमाइज न करने की वजह से 20-30 फिल्में गंवानी पड़ीं। फिल्म 'डर्टी पॉलिटिक्स' के पोस्टर को लेकर मल्लिका शेरावत विवादों में रही हैं। मल्लिका शेरावत का जन्म 24 अक्टूबर 1976 को हरियाणा के हिसार जिले के छोटे से गांव मोठ में हुआ था। आज मल्लिका 48 साल की हो चुकी हैं। जन्मदिन पर जानते हैं कुछ खास किस्से... 17 किसिंग सीन देकर सनसनी फैला दी थी मल्लिका शेरावत ने करियर की शुरुआत 2002 में रिलीज फिल्म %जीना सिर्फ मेरे लिए% से किया था। इस फिल्म में उन्होंने सीमा नाम की लड़की का छोटा सा किरदार निभाया था, जिसे ज्यादा नोटिस नहीं किया गया। हालांकि, जब उनकी दूसरी फिल्म 'ख्वाहिश' आई तो इस फिल्म से उनकी खूब चर्चा हुई। इस फिल्म में एक्टर हिमांशु मालिक के साथ 17 किसिंग सीन देकर मल्लिका ने बॉलीवुड में सनसनी फैला दी थी। डायरेक्टर के साथ रहे नजदीकियों के चर्चे 'ख्वाहिश' की शूटिंग के दौरान फिल्म के डायरेक्टर गोविंद मेनन के साथ मल्लिका शेरावत की नजदीकियों के चर्चे थे। हालांकि, मल्लिका ने कभी भी इस बारे में खुलकर बात नहीं की। 'ख्वाहिश' के अलावा गोविंद मेनन ने मल्लिका को लेकर 'किस-किस की किस्मत' और 'बचके रहना रे बाबा' जैसी फिल्में डायरेक्ट कीं। फिल्म 'मर्डर' के बाद शर्मिंदगी का सामना करना पड़ा था फिल्म 'ख्वाहिश' के बाद मल्लिका शेरावत की चर्चा महेश भट्ट की फिल्म 'मर्डर' को लेकर खूब हुई। इस फिल्म की सफलता के बावजूद मल्लिका को बॉलीवुड में शर्मिंदगी का सामना करना पड़ा था। मल्लिका शेरावत ने एक इंटरव्यू में कहा था- मर्डर की सफलता के बाद भी लोगों की नफरत का सामना करना पड़ा था। मुझे लगता है कि लोग चाहते थे कि मैं मर्डर की सफलता के बावजूद खुद पर शर्म महसूस करूं। महेश भट्ट के सामने खूब रोई थीं मल्लिका शेरावत महेश भट्ट को अपना गुरु मानती हैं। मर्डर के बोल्ड सीन को लेकर जब मल्लिका की आलोचना हुई, तो रोते हुए महेश भट्ट के पास पहुंचीं। महेश भट्ट ने मल्लिका को समझाया कि ये इंडस्ट्री का हिस्सा है। इन चीजों पर ध्यान नहीं देना चाहिए और फिल्म की सफलता को एन्जॉय करना चाहिए। कॉम्प्रोमाइज के बिना करियर मुश्किल मल्लिका शेरावत ने एक दूसरे इंटरव्यू में कहा- यह सच है कि जब तक आप कॉम्प्रोमाइज नहीं करेंगे, काम नहीं मिलेगा। बड़े स्टार्स मुझे कॉल करके बोलते थे कि रात में मिलो। मैं पूछती थी कि रात में क्यों? वो कहते थे कि स्क्रीन पर बोल्ड रोल कर लेती हो तो मुझसे रात में मिलने में क्या प्रॉब्लम है? कॉम्प्रोमाइज नहीं किया तो 20-30 फिल्में गंवानी पड़ीं मल्लिका शेरावत का मानना है कि बॉलीवुड में हर हीरोइन को कॉम्प्रोमाइज के लिए एक बार जरूर मजबूर किया जाता है। वे कहती हैं- यह सच है कि बॉलीवुड में हर हीरोइन को कॉम्प्रोमाइज के दौर से गुजरना पड़ता है। यह मेरा अनुभव है। कोई भी एक्ट्रेस कहती है कि ये सच नहीं है तो वो झूठ बोल रही है। मैंने कॉम्प्रोमाइज नहीं किया तो 20-30 फिल्में गंवानी पड़ीं। हीरो रात को 12 बजे मेरा दरवाजा खटखटाता था मल्लिका शेरावत ने कहा, 'ऐसे कई मौके आए जब कॉम्प्रोमाइज के लिए दबाव डाला गया, लेकिन मेरा ऐसा व्यक्तित्व नहीं है कि मैं किसी भी स्टार के साथ कॉम्प्रोमाइज करूं। दुबई में एक बड़ी फिल्म की शूटिंग कर रही थी। वह मल्टीस्टारर फिल्म थी। उस फिल्म का एक बड़ा हीरो रात 12 बजे मेरा दरवाजा खटखटाता था। ऐसा लगता था कि दरवाजा तोड़कर मेरे बेडरूम में घुस जाएगा। उसके बाद उस हीरो ने कभी मेरे साथ काम नहीं किया।' न्यूड पोज का ऑफर ठुकरा दिया मल्लिका शेरावत को प्लेबॉय मैगजीन के कवर पर न्यूड पोज देने का ऑफर मिला था, लेकिन उन्होंने इस ऑफर को ठुकरा दिया था। उन्हें डर था कि इससे उनकी छवि खराब होगी और बॉलीवुड से उन्हें ब्लैकलिस्ट कर दिया जाएगा। जैकी चैन को अपना भाई मानती हैं चीनी सुपरस्टार जैकी चैन के साथ फिल्म 'द मिथ' में काम कर चुकी मल्लिका शेरावत उन्हें अपना भाई मानती हैं। मल्लिका कहती हैं, 'जब भारत में कहा जा रहा था कि मैं संस्कृति को खराब कर रही हूं। मेरे पुतले जलाए जा रहे थे। मुझे गोली मारने की धमकी दी जा रही थी, तब जैकी चैन ने मुझे अमेरिका में बसने में मदद की। उन्होंने ही हॉलीवुड में मेरे लिए दरवाजे भी खोले।' बता दें कि 'द मिथ' के अलावा मल्लिका शेरावत डायरेक्टर जेनिफर लिंच की 'हिस्स', डायरेक्टर विलियम डियर की 'पॉलिटिक्स ऑफ लव' और डायरेक्टर डैनियल ली की 'टाइम रेडर्स' जैसी हॉलीवुड की फिल्में कर चुकी हैं। अब खुद को सिंगल मानती हैं फिल्मों में कदम रखने से पहले मल्लिका शेरावत ने दिल्ली बेस्ड पायलट करण सिंह गिल से शादी की थी, लेकिन अपने सपने को पूरा करने के लिए उन्होंने करण से तलाक ले लिया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मल्लिका का एक बेटा भी है, लेकिन एक्ट्रेस ने कभी अपनी शादी और बच्चे के बारे में कोई बात नहीं की। मल्लिका शेरावत अपने फ्रांसीसी बॉयफ्रेंड सिरिल ऑक्सफैंस के साथ लिव इन रिलेशन में भी रही हैं, लेकिन अभी खुद को सिंगल मानती हैं। मल्लिका का कहना है कि वह सिंगल रहकर बेहद खुश हैं और इस समय का भरपूर आनंद ले रही हैं। फिल्म में तिरंगा लपेटकर विवादों में आईं, देश पर टिप्पणी की तो लोगों ने घेरा फिल्म %डर्टी पॉलिटिक्स' में मल्लिका शेरावत का तिरंगा लपेट कर बैठ जाना लोगों को काफी गैर जिम्मेदाराना लगा था। इसकी वजह से मल्लिका की काफी आलोचना हुई थी। इसके अलावा कान्स फिल्म फेस्टिवल में देश को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी करने की वजह से भी उन्हें विरोध का सामना करना पड़ा था। दरअसल उन्होंने कहा था कि भारत के लोग किसी भी महिला की तरक्की नहीं देख सकते हैं। इस बयान के बाद उन्हें काफी ट्रोल किया गया था। मल्लिका शेरावत हाल ही में रिलीज फिल्म 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' में नजर आई हैं। इस फिल्म के राइटर-डायरेक्टर राज शांडिल्य ने मल्लिका शेरावत के जन्मदिन पर दैनिक भास्कर से बातचीत की। मल्लिका शेरावत को ही ध्यान में रखकर लिखा किरदार मल्लिका शेरावत राज शांडिल्य की फिल्म 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' में चंदा रानी की भूमिका में दिखी हैं। इस फिल्म में विजय राज के साथ उनकी केमिस्ट्री को खूब पसंद किया जा रहा है। राज शांडिल्य ने कहा- मल्लिका शेरावत का किरदार उनको ही ध्यान में रखकर लिखा था। फिल्म में चंदा रानी की भूमिका के लिए ऐसी एक्ट्रेस की जरूरत थी जो मॉडर्न, तेज तर्रार और घरेलू दिखे। मल्लिका इस किरदार में पूरी तरह से फिट बैठ रहीं थीं। ऐसा किरदार उन्होंने पहले कभी नहीं निभाया है। बॉलीवुड में अच्छे किरदार नहीं मिल रहे थे राज शांडिल्य ने आगे बताया- मल्लिका शेरावत काफी समय से बॉलीवुड में काम करना चाह रही थीं, लेकिन उन्हें अच्छे किरदार निभाने के मौके नहीं मिल रहे थे। जब मैंने उनको बताया था कि चंदा रानी का किरदार उन्हें ही ध्यान में रखकर लिखा है तो वो शॉक्ड हो गईं। उनको नरेशन सुनाया तो वो काफी इम्प्रेस हुईं। मल्लिका को पुराने जैसे रोल मिल रहे थे 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' मल्लिका शेरावत की कमबैक फिल्म मानी जा रही है। राज शांडिल्य ने कहा- मल्लिका ने बताया था कि उनको वैसे ही रोल ऑफर हो रहे थे जैसा वो 20 साल पहले कर चुकी हैं। इसलिए ज्यादा फिल्मों में नजर नहीं आईं। मेरी फिल्म के लिए इसलिए हां कहा, क्योंकि इसमें उनको कुछ नया करने को मिल रहा था। फिल्म की स्क्रीनिंग में काफी इमोशनल हो गई थीं राज शांडिल्य ने कहा- मल्लिका अपनी कमबैक से बहुत खुश हैं। फिल्म की स्क्रीनिंग के दौरान वो काफी इमोशनल हो गई थीं। उनकी आंखों से आंसू बह रहे थे। वो बहुत ही बहुत प्यारी इंसान और टैलेंटेड एक्ट्रेस हैं। शॉट ओके होने के बाद भी आकर कहती हैं कि मुझे एक और रीटेक देना है। इससे पता चलता है कि सिनेमा से उन्हें कितना प्यार है। बॉलीवुड से जुड़ी ये स्टोरी भी पढ़ें... राजामौली के कॉल से रुकी प्रभास की शादी-'बाहुबली' रिलीज के बाद 6000 मैरिज प्रपोजल मिले मैं बहुत आलसी और शर्मीला हूं... लोगों से मिलना बिल्कुल पसंद नहीं करता। मैं भीड़ में कम्फर्टेबल नहीं रहता। सेट पर भी जरूरत से ज्यादा लोग हों तो मैं अनकम्फर्टेबल हो जाता हूं।

पीएम मोदी को परफेक्ट बैचलर मानती हैं मल्लिका

मल्लिका शेरावत की नजर में पीएम मोदी सबसे परफेक्ट बैचलर हैं। टीवी रियलिटी शो 'द बैचलरेट इंडिया: मेरे ख्यालों की मल्लिका' की शूटिंग के दौरान मल्लिका ने प्रधानमंत्री मोदी की जमकर तारीफ की थी। मल्लिका ने पीएम के परफेक्ट होने का कारण भी बताया था। उन्होंने कहा था कि नरेंद्र मोदी स्मार्ट हैं। वह विकास की बातें करते हैं और समझदार हैं।

मकान मालिक ने निकाल दिया था घर से बाहर

मल्लिका शेरावत को बॉयफ्रेंड सिरिल ऑक्सफैंस के साथ मकान मालिक ने घर से बाहर निकाल दिया था क्योंकि उन्होंने उस घर का किराया नहीं चुकाया था। 2017 में मल्लिका अपने बॉयफ्रेंड के साथ पेरिस के एक अपार्टमेंट में रह रही थीं।

बराक ओबामा से दो बार मिल चुकी हैं मल्लिका

मल्लिका शेरावत बॉलीवुड की अकेली ऐसी एक्ट्रेस हैं जो अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा से दो बार मिल चुकी हैं। पहली बार वो लॉस एंजिलिस में 2011 में टी पार्टी में ओबामा से मिली थीं, दूसरी बार 2016 में मिली थीं।

रोहित की फॉर्म ने बढ़ाई भारत की चिंता

पिछली आठ पारियों में सिर्फदो बार पार किया दहाई का आंकड़ा

नई दिल्ली। भारतीय कप्तान टेस्ट में लगातार विफल हो रहे हैं और ऐसा ही कुछ न्यूजीलैंड के खिलाफदूसरे टेस्ट मैच में भी देखने मिला था। न्यूजीलैंड के खिलाफदूसरे टेस्ट मैच की पहली पारी के बाद दूसरी पारी में भी रोहित कुछ कमाल नहीं दिखा सके थे और 16 गेंदों पर एक चौके की मदद से आठ रन बनाकर आउट हुए थे। भारत को न्यूजीलैंड के खिलाफसीरीज के बाद अगले महीने से पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करना है। इस महत्वपूर्ण दौरे से पहले भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज गंवा दी है। भारत के लिए सबसे बड़ी चिंता कप्तान रोहित शर्मा की खराब फॉर्म है जो बांग्लादेश के बाद न्यूजीलैंड के खिलाफभी जारी रही। आक्रामक बल्लेबाजी के लिए पहचाने जाने वाले रोहित न्यूजीलैंड के खिलाफ प्रभावित नहीं कर सके जिससे भारत को नुकसान हुआ। भारतीय कप्तान टेस्ट में लगातार विफल हो रहे हैं और ऐसा ही कुछ न्यूजीलैंड के खिलाफदूसरे टेस्ट मैच में भी देखने मिला था। न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच की पहली पारी के बाद दूसरी पारी में भी रोहित कुछ कमाल नहीं दिखा सके थे और 16 गेंदों पर एक चौके की मदद से आठ रन बनाकर आउट हुए थे। रोहित को स्पिनर मिचेल सैंटनर ने विल यंग के हाथों कैच कराकर पवेलियन भेजा। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भारत की नजरें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफटेस्ट सीरीज जीत की हैट्रिक लगाने पर टिकी होंगी। ऐसे में भारतीय कप्तान का फॉर्म में लौटना काफी जरूरी है। रोहित का घरेलू जमीन पर भारतीय ओपनरों में सबसे खराब औसत रोहित की खराब फॉर्म का अंदाजा इस बात से ही लगाया जा सकता है कि घरेलू जमीन पर टेस्ट में भारतीय ओपनरों में सबसे खराब औसत रोहित का ही है। न्यूजीलैंड के खिलाफसीरीज से पहले भारत ने दो मैचों की सीरीज के लिए बांग्लादेश का सामना किया था। भारतीय टीम ने वो सीरीज 2-0 से जीती थी, लेकिन कप्तान रोहित का बल्ला उस सीरीज में भी नहीं बोला था और उनका औसत 10.50 का रहा था जो घर में कम से कम चार पारियों में किसी भारतीय ओपनर का सबसे खराब औसत है। वहीं, न्यूजीलैंड के खिलाफ दो मैचों में उनका औसत 15.50 का रहा है। रोहित ने न्यूजीलैंड के खिलाफ अब तक चार पारियां मिलाकर 62 रन बनाए हैं। बंगलुरू टेस्ट की दूसरी पारी में उन्होंने 52 रनों की पारी खेली थी, लेकिन इसके अलावा तीन पारियों में उनका बल्ला खामोश ही रहा। रोहित ने पिछली आठ टेस्ट पारियों में सिर्फदो बार दहाई अंक का आंकड़ा पार किया है। उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ अर्धशतकीय पारी के अलावा बांग्लादेश के खिलाफ 23 रन की पारी खेली थी। इन दो मौकों के अलावा वह दहाई अंक का आंकड़ा पार नहीं कर सके।भारतीय टीम के लिए चेज करना थोड़ा मुश्किल हो सकता है। इस बीच कप्तान रोहित शर्मा का एक वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें वह प्लेयर्स से मजाकिया अंदाज में बात करते हुए नजर आ रहे हैं। जिसमें वह किसी गेंदबाज को धीमी गेंद डालने के लिए कह रहे हैं। भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरा टेस्ट खेल रही है। न्यूजीलैंड की टीम दूसरी पारी में 300 से ज्यादा रन बना चुकी है। भारतीय टीम के लिए चेज करना थोड़ा मुश्किल हो सकता है। इस बीच कप्तान रोहित शर्मा का एक वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें वह प्लेयर्स से मजाकिया अंदाज में बात करते हुए नजर आ रहे हैं। जिसमें वह किसी गेंदबाज को धीमी गेंद डालने के लिए कह रहे हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में रोहित शर्मा किसी बॉलर से कहते हैं। इतना जोर से बॉल आएगा तो मैं मर जाउंगा साले... इसको धीरे डाल ना थोड़ा ऊपर जाएगा बॉल... इसीलिए बोल रहा हूं इसको आउट कर यार। ज्यादा हीरो बन रहा है तू इस दौरान रोहित के पास आर अश्विन होते हैं। अश्विन कहते हैं मैं? बता दें कि, भारतीय टीम के लिए दूसरे टेस्ट में जीतना थोड़ा मुश्किल है। क्योंकि भारतीय बल्लेबाज न्यूजीलैंड के गेंदबाजों के सामने विफल रहे हैं। वहीं अगर टीम इंडिया ये मैच भी हार जाती है तो न्यूजीलैंड तीन मैचों की टेस्ट सीरीज को 2-0 से सील कर लेगी।

रानी रामपाल ने की संन्यास की घोषणा, 16 साल के करियर में 100 गोल

रानी रामपाल ने बृहस्पतिवार को संन्यास की घोषणा की जिससे उनके 16 साल के करियर का अंत हुआ। रानी के पिता ठेला खींचने का काम करते थे और वह अपने करियर के दौरान हरियाणा के एक छोटे से शहर से निकलकर लोगों के लिए प्रेरणा बनीं।

भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान रानी रामपाल ने गुरुवार को संन्यास की घोषणा करके अपने 16 साल के करियर का अंत कर दिया।उन्होंने अपने करियर में कई बड़ी उपलब्धियां अपने नाम की हैं और देश का नाम भी पूरी दुनिया में रोशन किया है। रानी के पिता ठेला खींचने का काम करते थे और वह अपने करियर के दौरान हरियाणा के एक छोटे से शहर से निकलकर लोगों के लिए प्रेरणा बनीं। रानी की अगुवाई में भारतीय महिला हॉकी टीम 2021 में टोक्यो खेलों के दौरान ओलंपिक में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए चौथा स्थान हासिल किया। वहीं रानी ने प्रेस कांफ्रेंस में संवाददाताओं से कहा, ''यह एक शानदार यात्रा रही है। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं भारत के लिए इतने लंबे समय तक खेलूंगी। मैंने बचपन से बहुत गरीबी देखी है लेकिन मेरा ध्यान हमेशा कुछ करने पर था, देश का प्रतिनिधित्व करने पर।'' इस 29 वर्षीय दिग्गज फॉरवर्ड ने 2008 में ओलंपिक क्वालीफायर में 14 साल की उम्र में अंतरराष्ट्रीय हॉकी में पदार्पण किया। उन्होंने भारत के लिए 254 मैच में 205 गोल किए। उन्हें 2020 में मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया और उसी वर्ष देश का चौथा सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार पद्मश्री उन्हें मिला। रानी को हाल ही में सब जूनियर महिला टीम का राष्ट्रीय कोच नियक्त किया गया।

यशस्वी जायसवाल ने घरेलू जमीन पर टेस्ट में हासिल की खास उपलब्धि, गुंडप्पा विश्वनाथ को पीछे छोड़ा

नई दिल्ली। यशस्वी ने न्यूजीलैंड के खिलाफदूसरे टेस्ट मैच की पहली पारी में 30 रन बनाए जबकि दूसरी पारी में 77 रन बनाए। उन्होंने 1315 गेंदों में एक कैलेंडर वर्ष में टेस्ट में 1000 रन पूरे किए। 22 वर्षीय यशस्वी इसके साथ ही ऐसा करने वाले सबसे युवा भारतीय बन गए। न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में अन्य भारतीय बल्लेबाजों का बल्ला जहां खामोश रहा, वहीं सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने दूसरी पारी में शानदार अर्धशतकीय पारी खेली थी। न्यूजीलैंड ने भारत के सामने 359 रनों का लक्ष्य रखा था। जवाब में यशस्वी ने टीम को शानदार शुरुआत दिलाई थी और अपने टेस्ट करियर का आठवां अर्धशतक जड़ा था। जब तक यशस्वी क्रीज पर थे, भारत की जीत की उम्मीद बनी हुई थी। हालांकि, मिचेल सैंटनर ने यशस्वी को आउट कर भारत को झटका दिया था। यशस्वी भले ही टीम को यह मैच नहीं जिता सके, लेकिन उन्होंने घरेलू जमीन पर एक कैलेंडर वर्ष में 1000 रन पूरे कर लिए। एक कैलेंडर वर्ष में 1000 रन पूरे करने वाले सबसे युवा भारतीय यशस्वी ने न्यूजीलैंड के खिलाफदूसरे टेस्ट मैच की पहली पारी में 30 रन बनाए जबकि दूसरी पारी में 77 रन बनाए। उन्होंने 1315 गेंदों में एक कैलेंडर वर्ष में टेस्ट में 1000 रन पूरे किए। 22 वर्षीय यशस्वी इसके साथ ही ऐसा करने वाले सबसे युवा भारतीय बन गए। उन्होंने इस मामले में दिलीप वेंगसरकर को पीछे छोड़ा जिन्होंने 1979 में 23 साल की उम्र में 1000 रन पूरे किए थे। घर में एक कैलेंडर वर्ष में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बने यशस्वी यशस्वी इसके साथ ही टेस्ट में एक कैलेंडर वर्ष में घरेलू जमीन पर सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने इस मामले में भारत के पूर्व बल्लेबाज गुंडप्पा विश्वनाथ को पीछे छोड़ दिया है जिन्होंने 1979 में घर में एक कैलेंडर वर्ष में 1047 रन बनाए थे। यशस्वी इस मामले में पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली से भी आगे निकल गए हैं जिन्होंने 2016 में 964 रन और 2017 में 898 रन बनाए थे। भारत के लिए एक कैलेंडर वर्ष में टेस्ट में सर्वाधिक रन रन बल्लेबाज वर्ष 1056' यशस्वी जायसवाल 2024 1047 गुंडप्पा विश्वनाथ 1979 964 विराट कोहली 2016 898 विराट कोहली 2017 मालूम हो कि, अब तक बहुत कम खिलाड़ी एक कैलेंडर वर्ष में घरेलू टेस्ट मैचों में 1000 रन बनाने में कामयाब हुए हैं। घरेलू मैदान पर खेले गए टेस्ट मैचों में एक कैलेंडर वर्ष में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान माइकल क्लार्क के नाम है, जिन्होंने 2012 में कुल 1407 रन बनाए थे। उनके बाद पाकिस्तान के मोहम्मद यूसुफ है, जिन्होंने 2006 में 1126 रन बनाए थे।

अब इस टेनिस दिग्गज ने किया संन्यास का ऐलान, दिग्गजों ने शानदार करियर के लिए दी बधाई



डोमिनिक थिएम ने एर्स्टे बैंक ओपन में लुसियानो डार्डेरी के खिलाफ पहले दौर में हारने के बाद अपने पेशेवर करियर को समाप्त कर दिया। टेनिस के महान खिलाड़ी रोजर फेडरर और राफेल नडाल ने डोमिनिक थिएम को उनके संन्यास पर बधाई दी है। ऑस्ट्रेलिया खिलाड़ी ने 2020 यूएस ओपन में प्रमुख खिताब जीता था।

ऑस्ट्रेलिया स्टार टेनिस खिलाड़ी डोमिनिक थिएम ने एर्स्टे बैंक ओपन में लुसियानो डार्डेरी के खिलाफपहले दौर में हारने के बाद अपने पेशेवर करियर को समाप्त कर दिया। टेनिस के महान खिलाड़ी रोजर फेडरर और राफेल नडाल ने डोमिनिक थिएम को उनके संन्यास पर बधाई दी है। ऑस्ट्रेलिया खिलाड़ी ने 2020 यूएस ओपन में प्रमुख खिताब जीता था। इसके साथ ही वह तीन अन्य स्लैम के फाइनल में भी पहुंचे। उन्होंने 17 एटीपी एकल खिताब जीते और करियर की सर्वोच्च एटीपी रैंकिंग नंबर 3 हासिल की और 6 साल तक शीर्ष 10 में शामिल रहे। फेडरर ने इंस्टाग्राम स्टोरी में लिखा कि, एक शानदार करियर का अंत हो गया। बधाई डोमी। चाहे कोई भी सतह हो, आपने हमेशा अपने शानदार बैकहैंड से मुझे हराने का एक तरीका ढूंढ लिया। उन्होंने कहा कि, लेकिन सबसे अहम बात ये है कि आपने इसे शालीनता और खेल भावना के साथ किया। बता दें कि, थिएम ने फेडरर के खिलाफ अपने सात एटीपी हेड टू हेड मुकाबलों में से पांत जीते। उनकी एकमात्र चौंपियनशिप भिड़ंत 2019 परीबा ओपन में हुई, जहां ऑस्ट्रेलियाई ने अपना एकमात्र एटीपी मास्टर्स 1000 खिताब जीता। लाइव खेल ऑनलाइन देखें वहीं, नडाल ने भी एक इंस्टाग्राम स्टोरी पोस्ट, जिसमें कई लोगों की तरह ही भावना शेयर करते हुए। लिखा, डैंके डोमी। ज्ञान हो कि थिएम ने श्बिग थ्रीश् नोवाक जोकोविच, नडाल और फेडरर के खिलाफ एक दुर्जेय चौंकाने वाला रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने बिग थ्री के खिलाफ 16-19 के रिकॉर्ड के साथ करियर समाप्त किया, जिसमें उन्होंने 46 प्रतिशत मैच जीते।

ब्रिज ओलंपियाड में भारतीय टीमों की अच्छी शुरुआत

भारतीय टीमों ने अर्जेंटीना के ब्यूनस आयर्स में शुरू हुए 16वें विश्व ब्रिज खेल यानी ब्रिज ओलंपियाड में अच्छी शुरुआत की। पहले दिन की समाप्ति पर भारतीय टीम ओपन वर्ग में 12वें स्थान पर थी। भारतीय महिला टीम 24 टीमों में से 15वें स्थान पर है। मिश्रित वर्ग में भारतीय टीम 29 टीमों के बीच में स्थान पर है। भारतीय सीनियर टीम 24 टीमों के बीच सबसे आगे है। इस प्रतियोगिता का आयोजन चार वर्गों ओपन, महिला, मिश्रित और सीनियर में किया जा रहा है। प्रत्येक सदस्य देश हर वर्ग में अपनी एक टीम उतार सकता है। ओपन वर्ग में 24 टीम भाग ले रही हैं जिन्हें 17-17 टीम के दो वर्ग में बांटा गया है।

साक्षी मलिक के आरोप के बाद बबीता फोगाट ने कसा तंज, कहा- किताब बेचने के चक्कर में अपना ईमान बेच गई...

पहलवान साक्षी मलिक ने अपनी किताब श्टिनेसश् में बहन बबीता फोगाट पर रेसलिंग फेडरेशन ऑफइंडिया के पूर्व अध्यक्ष बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफपहलवानों के विरोध प्रदर्शन को एजेंडा की तरह इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। जिसके बाद अब बीजेपी नेता और पूर्व पहलवान बबीता फोगा ने साक्षी पर निशाना साधा है। उन्होंने एक्स पर कहा कि, किताब बेचने के चक्कर में अपना ईमान बेच गई। साथ ही उन्होंने विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया पर भी निशाना साधा है। बबीता फोगाट ने एक्स पर शायराना अंदाज में पोस्ट किया और लिखा कि, खुद के किरदार से जमगमाओ। उधार की रोशनी कब तक चलेगी? किसी को विधानसभा मिला किसी को मिला पद, दीदी तुमको न मिला हम समझ सकते है तुम्हारा दर्द। किताब बेचने के चक्कर में अपना ईमान बेच गई। बता दें कि, पीटीआई के अनुसार साक्षी मलिक ने अपनी किताब में दावा किया है कि बबीता फोगाट ने खुद को प्रदर्शनकारी पहलवानों का शुभचिंतक बताया था। लेकिन इसके पीछे उनका स्वार्थ था। वह डब्ल्यूएफआई की अध्यक्ष बनना चाहती थीं। साक्षी ने कहा कि, मुझे पता है कि बृजभूषण शरण सिंह के शासनकाल को समाप्त करना विनेश और बजरंग का प्राथमिक लक्ष्य था। मैंने ये समझने की गलती की कि, बबीता का भी एकमात्र इरादा था। वह केवल बृजभूषण शरण सिंह से छुटकारा नहीं चाहती थी वह उनकी जगह लेना चाहती थी। वहीं इन सब के बाद गीता फोगाट ने भी बबीता फोगाट के पक्ष में साक्षी मलिक पर निशाना साधा है। साथ ही लिखा कि, कई खिलाड़ी बबीता फोगाट के नाम पर बार-बार अपने एजेंडे अपनी राजनीती चमकाने की कोशिश करते रहते हैं। मैं उनको कहना चाहती हूं बबीता ने कुश्ती में या राजनीति में भी मुकाम हासिल किया है वह अपनी मेहनत और ईमानदारी के बलबूते पर किया है। जहां पर कोई किसी तरह का पद मायने नहीं रखता। यही बात अध्यक्ष बनने की तो सब जानते हैं अध्यक्ष बनने का लालच किसके अंदर था। सत्य को परेशान किया जा सकता है लेकिन पराजित नहीं किया जा सकता है।

केएल राहुल को मिला गौतम गंभीर का समर्थन, पंत और गिल को लेकर दिया ये अपडेट

गुरुवार को भारत को न्यूजीलैंड के बीच पुणे में दूसरा टेस्ट मैच खेला जाएगा। इस सीरीज में भारत फिलहाल 0-1 से पीछे है और टीम इंडिया की नजर पुणे में जीत पर होगी। वहीं कीवी टीम के खिलाफइस अहम मुकाबले से पहले भारतीय टीम के हेड कोच गौतम गंभीर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कई अहम बातों का खुलासा किया है। उन्होंने केएल राहुल को बैक किया और साथ ही पंत व जसप्रीत बुमराह के अलावा कई अन्य मुद्दों पर भी बात की।

बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024 के लिए नितीश कुमार रेड्डी को मिल सकता है मौका, चयनकर्ता कर रहे हैं बड़ा प्लान

भारतीय टीम अगले महीन ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाएगी। जहां दोनों टीमों के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जाएगी। वहीं ऑलराउंडर नितीश कुमार रेड्डी ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम में चुने जाने की दौड़ में हैं। इंडियन एक्सप्रेस के मुताबिक, अजीत अगरकर की अगुवाई वाली पांच सदस्यीय चयन समिति उन्हें इस बार ऑस्ट्रेलिया में तेज गेंदबाज ऑलराउंडर के तौर पर देख रही है। बता दें कि, नितीश कुमार रेड्डी आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद का हिस्सा रहे हैं। उन्हें हाल ही में बांग्लादेश के खिलाफघरेलू टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच के लिए चुना गया था। भारत और न्यूजीलैंड के बीच दूसरे टेस्ट के बाद पुणे में सीनियर चयन समिति की बैठक होने की उम्मीद है। भारतीय टीम के 10 नवंबर को पर्थ के लिए रवाना होने की उम्मीद भी है। ये लंबा दौरा होगा जिसमें भारतीय टीम नेट बॉलर्स समेत एक बड़े दल के साथ यात्रा करेगी। साथ ही चयनकर्ता शार्दुल ठाकुर को शामिल करने पर चर्चा करेंगे। शार्दुल ठाकुर ने 2022 में प्रसिद्ध गाबा टेस्ट में भारत की 3 विकेट की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। शार्दुल ठाकुर चोट से उबरकर लौट आए हैं। वह मौजूदा रणजी ट्रॉफी सीजन में मुंबई के लिए खेल रहे हैं। उन्होंने पिछले सीजन में मुंबई को रणजी ट्रॉफी जिताने में अहम भूमिका निभाई थी। समझा जाता है कि नितीश कुमार रेड्डी और शार्दुल ठाकुर के बीच एक स्थान के लिए होड लगा सकती है। नितीश कुमार रेड्डी को भविष्य के ऑलराउंडर के रूप में देखा जाता है। माना जाता है।

भारत को जर्मनी के खिलाफमिली हार, गोल बचाने में फेल रहे भारतीय हॉकी खिलाड़ी

दिल्ली के मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में खेला गए पहले इंटरनेशनल हॉकी मैच में जर्मनी ने भारत को 2-0 से हरा दिया है। दरअसल, जर्मनी की टीम इन दिनों 2 मैचों की सीरीज के लिए भारत दौरे पर है और सीरीज का पहला मैच नई दिल्ली में खेला गया।

मिचेल सैंटनर के सामने पस्त नजर आए भारतीय बल्लेबाज, सरफराज समेत इन्हें बनाया अपना शिकार

पुणे में भारतीय टीम को पहली पारी में न्यूजीलैंड के स्पिनर मिचेल सैंटनर ने पूरी तरह से बैकफुट पर धकेलने का काम किया। कीवी टीम के खिलाफपहली पारी में भारतीय बल्लेबाजी को सैंटनर ने पूरी तरह से धराशाई कर दिया। सैंटनर ने अपनी टीम के लिए वही काम किया जो पहली पारी में वॉशिंगटन सुंदर ने भारत के लिए किया था। पहली पारी में सैंटनर ने सुंदर जितने ही विकेट लिए, लेकिन रन के मामले में वो उनसे पीछे रहे। पहली पारी में जहां सुंदर ने भारत के लिए 23.1 ओवर में 59 रन देकर 7 विकेट लिए जबकि मिचेल सैंटनर ने 19.3 ओवर में 53 रन देकर 7 विकेट अपने नाम किए। सैंटनर की गेंदबाजी सुंदर से ज्यादा अच्छी रही, बेशक उन्होंने विकेट उनके बराबर ही लिए। सैंटनर ने पहली पारी में भारत के 7 बल्लेबाजों को अपना शिकार बनाया जिसमें विराट कोहली, शुभमन गिल, सरफराज खान, रविंद्र जडेजा, आर अश्विन, आकाशदीप और जसप्रीत बुमराह शामिल रहे। न्यूजीलैंड के खिलाफ पहली पारी में सैंटनर ने 53 रन देकर 7 विकेट लिए और भारत के खिलाफ किसी टेस्ट मैच में सबसे बेस्ट गेंदबाजी करने वाले कीवी गेंदबाजों की लिस्ट में तीसरे नंबर पर आ गए।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, श्रीमती विजय लक्ष्मी शर्मा द्वारा त्रिपाठी प्रिंटिंग प्रेस 12/29, पुराना किला, कैण्ट रोड, लखनऊ 226001 (उ.प्र.) से मुद्रित कराकर 1372/12 न्यू गुडौरा बेहसा श्हीदपथ लखनऊ 226008 (उ.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक-अनूप सिंह
आरएनआई न० UPHIN/2023/87118 मोबाइल नं. 7905289865,9839177720 Email- tvnews1979@gmail.com सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ ही मान्य होगा।